
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




09 तय हुई अक्षय-तापसी की फिल्म खेल खेल में की रिलीज डेट?

विराट हमारी बॉलीवुड बिरादरी के लिए दामाद की तरह है ... 11



वर्ष : 14 | अंक : 347 | नई दिल्ली, बुधवार, 01 मई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


### आवश्यक सूचना

आप सभी को अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई 2024 दिन बुधवार को प्रातः किरण का दफ्तर बंद रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अगला अंक 3 मई 2024 दिन शुक्रवार को मिलेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में चुनावी सभा को किया संबोधित

# अब भारत की सीमा पर आंख उठाकर देखने की हिम्मत किसी में नहीं : मोदी

### बोलें-हम आतंकवाद पर डोजियर नहीं भेजते हैं, घर में घुसकर मारते हैं

प्रात : किरण

लातूर/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद से निपटने के भारत सरकार के रुख में कांग्रेस शासन के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण की तुलना में बहुत बड़ा बदलाव देखा गया है। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थी कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा, भारत डोजियर नहीं भेजता। आज भारत घर में घुस के मरता है। उन्होंने ने यह भी दावा किया कि विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया ने एक फॉमूर्ला तैयार किया जिसके तहत विपक्षी गठजोड़



में शामिल दलों को सत्ता में आने पर एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री का पद मिलेगा। मोदी ने कहा कि ऐसी व्यवस्था से देश के हित की आशा नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, कुछ लोग किस्तों में प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, जब मैं एक भारत श्रेष्ठ भारत की बात करता हूं तो कांग्रेस के शहजादे को बुखार आ जाता है।

**भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लातूर में कहा कि भ्रष्टाचारियों और आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। कांग्रेस के राज में अखबारों में भ्रष्टाचार और आतंकवाद की खबरें रहा करती थीं जबकि अब अखबारों में भ्रष्टाचारियों के पकड़े जाने की खबरें रहती हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत में घर में घुसकर मारने की ताकत है, इसलिए भारत की सीमा पर आंख उठाकर देखने हिम्मत किसी में नहीं है। मोदी लातूर में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले के दिनों को याद करें। कई जगहों पर लिखा होता था कि अपरिचित वस्तुओं को न छूएं, क्योंकि हर जगह बम धमाके हो रहे थे लेकिन आज किसी की हिम्मत नहीं है कि भारत की सीमा पर आंख उठाकर देख सके। उन्होंने कहा कि आज भारत घर में घुसकर मारता है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के दिनों में अखबारों में हर दिन नए भ्रष्टाचार की खबरें आती थीं। आज देश में कितने भ्रष्टाचारियों के घर पकड़े गए इसकी खबर मिल रही है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने इस देश को लूटा है, उन्हें इसे देश को वापस लौटाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत को टुकड़ों में देखने वाले लोग देश को लूटना चाह रहे हैं। कांग्रेस ने देश को लूटने की बड़ी योजना बनाई है। कांग्रेस आपकी संपत्ति हड़पने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के परिवारों ने अपने बच्चों के लिए देश में बहुत कुछ लूटा है।

## मुख्यमंत्री ने मधेपुरा रेलवे स्टेशन चौक से 7 किलोमीटर सिंहेश्वर तक किया रोड शो

# सीएम नीतीश ने निश्चय रथ पर सवार हो किया रोड शो

### मधेपुरा व सुपौल के जदयू प्रत्याशी के समर्थन में मांगा वोट

प्रात : किरण

मधेपुरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जदयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र के समर्थन में मधेपुरा रेलवे स्टेशन चौक से 7 किलोमीटर सिंहेश्वर तक रोड शो किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। जदयू के नेताओं और कार्यकताओं की भारी भीड़ भी देखने को मिली। इस दौरान मुख्यमंत्री शहर के कपूर्री चौक और कॉलेज चौक पर बस के लिफ्ट से उपर आ हाथ जोड़ लोगों का अभिवादन किया। रोड शो के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधेपुरा से एनडीए समर्थित जदयू कैंडिडेट दिनेश चंद्र यादव एवं सुपौल से दिलेश्वर कामत के लिए वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधेपुरा स्टेशन चौक से अपनी यात्रा शुरू की । वह कपूर्री चौक, कचहरी चौक होते हुए सुपौल लोकसभा के सिंहेश्वर पहुंचे। रोड शो के निश्चय रथ पर मधेपुरा लोकसभा प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव, सुपौल लोकसभा प्रत्याशी दिलेश्वर कामत, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, जदयू



के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ आदि मौजूद रहे । सबों ने जनता से एनडीए के उम्मीदवार को जीताने की अपील की।

वहीं, जेडीयू के पूर्व प्रवक्ता निखिल मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास कार्यो को लेकर जाने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2015 और 2020 में सात निश्चय पार्ट-2 की शुरूआत की थी, जो आज पूरा कर चुनावी यात्रा में पहुंचे हैं और निश्चय रथ पर सवार होकर एक बार फिर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। इसी चुनावी यात्रा के तहत आज मधेपुरा में उनका रोड शो हुआ, जो रेलवे स्टेशन कपूर्री चौक से 7 किलोमीटर दूर सिंहेश्वर के दुर्गा मंदिर तक गया। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि हम काम करते हैं और काम के बदले वोट मांग रहे हैं। हमारा किसी से कोई मुकाबला नहीं है। हम इस बार बिहार में सबसे ज्यादा मतों से चुनाव जीत रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि जेडीयू प्रत्याशी 3 लाख से अधिक मतों से मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से विजयी हों।

## संक्षिप्त खबरें

### रामा सिंह ने राजद छोड़ने का लिया फैसला

पटना। लोकसभा चुनाव के बीच राजद को बड़ा झटका लगा है। तेजस्वी यादव को बड़ा झटका देते हुए पूर्व सांसद रामा सिंह ने राजद छोड़ने का फैसला किया है। रामा सिंह इस बार के लोकसभा चुनाव में वैशाली या शिवहर से चुनाव लड़ना चाहते थे। इसके लिए राजद सुप्रीमो लालू यादव की ओर से उन्हें आश्वासन मिलने की बात कही गयी। हालाँकि टिकट बंटवारे में रामा सिंह को राजद ने कहीं से उम्मीदवार नहीं बनाया। इसके बाद से ही उनके नाराज होने की खबर थी। इस बीच अब रामा सिंह के राजद छोड़ने की खबर है। रामा सिंह ने वर्ष 2014 में वैशाली से लोकसभा का चुनाव जीता था। उनकी पत्नी मौजूदा समय में महनार से विधायक हैं।

### एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया। आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद त्रिपाठी ने 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। 40 साल से ज्यादा के अपने करियर में त्रिपाठी ने कई महत्वपूर्ण असाइनमेंट्स पर काम किया है। वे इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर-इन-चीफ रह चुके हैं। नई जिम्मेदारी संभालने से पहले त्रिपाठी नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख थे। वाइस एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था। दिनेश कुमार त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा के छात्र रहे हैं।

### केरल में कार-लॉरी की टक्कर में पांच की मौत

कन्नूर। केरल के कन्नूर में सोमवार देर रात एक कार और लॉरी की टक्कर में एक बच्चे सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सभी मृतक कार में सवार थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सी सुधाकरन, उनकी पत्नी अजिता, उनके ससुर के कृष्णन और अजित (अजीता के भाई) के बेटे आकाश एवं कासरगोड के कालीचानाडुकम के कार चालक के.एन. पद्मकुमार के रूप में हुई है। यह परिवार कासरगोड जिले के चित्तरिक्कल के पास भीमनदी का रहने वाला था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए परियाराम के कन्नूर मेडिकल कॉलेज में रखा गया।

### नासिक में रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई-आगरा हाई-वे पर चांदवड़ के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रोडवेज बस का टायर फटने से हुए हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 17 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को चांदवड़ के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी किरण भोसले के मुताबिक बस जलगांव से वसई के लिए निकली थी।

# पुलिस व नक्सली मुठभेड़ में तीन महिला सहित नौ नक्सली ढेर

प्रात : किरण

नारायणपुर/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में तीन महिला सहित नौ नक्सली मारे गए। राज्य के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस मुठभेड़ में नौ नक्सलियों के मारें जाने की पुष्टि की हैं। उन्होंने यह भी बताया हैं कि सोमवार यानी 29 अप्रैल को पुलिस को नक्सलियों के आमद का इनपुट था। गश्त में निकले जिला रिजर्व बल और स्पेशल टास्क फोर्स के जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। मंगलवार सुबह तलाश अभियान के दौरान तीन महिला नक्सलियों समेत नौ नक्सलियों का शव बरामद किया गया हैं। श्री शर्मा ने बताया कि उनके पास से एके 47



के साथ बड़ी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया हैं। इसके अलावा राशन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी मौके से जब्त की गई हैं। श्री शर्मा ने इस कामयाबी के लिए डीआरजी और एटीएफ समेत सभी को बधाई दी हैं। सुरक्षा बलों की तारीफ करते हुए कहा कि इस पूरे मुठभेड़ में उनके किसी भी जवान को खरोंच तक नहीं आई है। इससे पहले बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया था कि नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके से जिला रिजर्व पुलिस बल तथा छत्तीसगढ़ आर्मस फोर्स के जवानों की संयुक्त पार्टी कल रवाना हुई थी। उन्होंने बताया कि आज सुबह नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम टेकामेटा एवं काकुर के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादी के बीच लगभग एक घंटे तक मुठभेड़ हुई। इसबीच श्री शर्मा ने नक्सलियों के सामने शान्ति वार्ता का प्रस्ताव रखा कि नक्सलियों का छोटा या बड़ा कोई भी ग्रुप वीसी या फिर मध्यस्थ के माध्यम से बातचीत करना चाहता हैं तो उनका स्वागत हैं। राज्य सरकार के पास नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था हैं। इसके तहत तमाम नक्सली आत्मसमर्पण कर जुड़ रहे हैं जो अभी भी नक्सल गतिविधियों में शामिल है वे हिंसा का रास्ता छोडकर समाज की मुख्यधारा से जुड जाएँ।

## भागलपुर के कहलगांव एनएच-80 पर घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर के पास हुआ हादसा

# सड़क हादसे में छह बारातियों की मौत, तीन घायल

### हाईवा अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पर पलटा

प्रात : किरण

पटना/ भागलपुर । बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव मुख्य मार्ग एनएच-80 पर सोमवार देररात घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर के पास सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार छह बारातियों की मौत हो गई। हादसे तीन लोग घायल हो गए। तीनों की हालत गंभीर है। घायलों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एनएच-80 का निर्माण कर रही एजेंसी की जेसीबी और अन्य संसाधनों से मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकाला। इनमें छह की मौत हो चुकी थी। बाकी तीन लोग घायल मिले। घायलों ने स्थानीय लोगों को जो सूचना दी, उसके अनुसार बारात



मुंगेर के हवेली खड़गपुर से पीरपैंती के खिदमतपुर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक तीन स्कॉर्पियो से बाराती भागलपुर से कहलगांव की ओर जा रहे थी। विपरीत दिशा से गिट्टी लदा हाईवा आ रहा था। इसी दौरान हाईवा अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पर पलट गया। बीच में चल रही स्कॉर्पियो पूरी तरह से हाईवा की जद में आ गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। घायल कैलाश ने बताया कि लगभग एक घंटे तक वो लोग मलबे में दबे रहे। घोघा थाना प्रमुख अजीत कुमार ने संवाददाताओं को बताया, घटना सोमवार रात करीब 11.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-80 पर आमापुर गांव के समीप घटी, जब विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक का कथित तौर पर नियंत्रण खो गया और जीप पर पलट गया। उन्होंने बताया कि जीप में सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मृतकों की पहचान सत्यम मंडल 32 वर्ष, संचित कुमार 18 वर्ष, अभिषेक कुमार 12 वर्ष, पंकज कुमार सिंह 35 वर्ष, अमित दास 16 वर्ष और परिमल दास 42 वर्ष के रूप में की गई है। सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की आगे जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अगर भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान को फेंक देंगी : राहुल

प्रात : किरण

भिंड/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़कर फेंक देगी। राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी। वायनाड से सांसद गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री, अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) और उनके सांसदों ने मन



बना लिया है कि अगर वे चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि इस किताब (संविधान) को फेंक दिया जाए। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है। गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को ह्यलखपतिह्न बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में एक लाख रुपये हर साल (8,500 रुपये प्रति माह) सीधे भेजेगी।

# पतंजलि आयुर्वेद-दिव्य फामेर्सी के 14 उत्पादों के लाइसेंस निलंबित

### उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने उठाया कदम

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने दिव्य फामेर्सी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सरकार ने एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। यह हलफनामा प्राधिकरण की ओर से इसके संयुक्त निदेशक मिथिलेश कुमार ने दायर किया है।

राज्य सरकार ने जिन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है, उनमें स्वसारि गोल्ड, स्वसारि वटी, ब्रोंकोम, स्वसारि प्रवाही, स्वसारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवमृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं। संयुक्त निदेशक ने अदालत के आदेशों का अनजाने में अनुपालन नहीं करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। इसके साथ ही अदालत को आश्वासन दिया है कि वह (प्राधिकरण) जानबूझकर कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा, जो शीर्ष अदालत के किसी भी आदेश की अवज्ञा करेगा या इसकी महिमा को कमजोर करेगा। संयुक्त निदेशक ने शीर्ष अदालत से यह कहा, वह स्थिति और मामले की गंभीरता से पूरी तरह अवगत हैं। उन्होंने हमेशा अपनी सर्वोत्तम क्षमता और कानून के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास किया है। उत्तराखंड सरकार ने अदालत को यह भी कहा कि वह दिव्य फामेर्सी या पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के खिलाफ कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार या इस शीर्ष अदालत के निदेर्शो के अनुसार सभी उचित या आगे के कदम उठाना जारी रखेगी।

# शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी साधन: धनखड़

जयपुर/नई दिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिक्षा को बदलाव का साधन करार देते हुए कहा है कि हर बच्चे को अपनी रुचि के अनुसार अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। श्री धनखड़ ने मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में राजस्थान पत्रिका के संस्थापक स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की स्मृति में स्थापित "द कुलिश स्कूल" का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षा समाज को सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। इस मौके पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद्र बैरवा, विधान सभा अध्यक्ष देवनानी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर द कुलिश स्कूल के प्रबंधन मंडल के सदस्य तथा स्कूल के प्रधानाचार्य देवाशीष चक्रवर्ती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# जदएस ने प्रज्वल रेवन्ना को किया निलंबित

हुबली/एजेंसी। जद एस ने मंगलवार को कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को सेक्स स्कैंडल में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर निलंबित कर दिया। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और जद एस के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल द्वारा की जा रही जांच में प्रज्वल दोषी साबित होते हैं, तो उन्हें पार्टी से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया जाएगा। हुबली शहर में आयोजित जद (एस) की कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कोर कमेटी के अध्यक्ष, जद एस विधायक जीटी देवेगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना का निलंबन पार्टी के निर्णय के अनुसार किया गया है। उन्होंने कहा, फैसले से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा को अवगत करा दिया गया है और उनसे प्रज्वल रेवन्ना को निष्कासित करने पर फैसला लेने का भी अनुरोध किया गया है।

कुमारस्वामी ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम घसीटने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा। प्रज्वल रेवन्ना की कथित संलिप्तता वाली सैकड़ों महिलाओं के सेक्स वीडियो 26 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से तीन दिन पहले प्रचलन में आई। इस संबंध में राज्य महिला आयोग में शिकायत पर राज्य सरकार ने जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया।

## चुनाव

## मशहूर दवा निमार्ता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में किया स्वीकार

# कोविशील्ड का इस्तेमाल है जानलेवा, दवा निर्माता कंपनी ने अदालत में किया स्वीकार

प्रात : किरण

लंदन/नई दिल्ली,एजेंसी। मशहूर दवा निमार्ता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार अदालती दस्तावेजों में स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से दुर्लभ टीटीएस सिंड्रोम जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जो जानलेवा है। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने गत फरवरी में ब्रिटेन के उच्च न्यायालय में वैक्सीन के साइड इफेक्ट की बात स्वीकार की है। कंपनी ने माना है कि कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया नामों के तहत बेची जाने वाली वैक्सीन बहुत ही बिरले मामलों में दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकती है। गौरतलब है कि कंपनी एक मुकदमे का सामना कर रही है, जिसमें आरोप लगाया गया




है कि उसके टीके को लगवाने वालों की मौत हुयी और गंभीर दुष्प्रभाव देखने को मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो बच्चों के पिता जेमी स्कॉट ने पिछले साल कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने खून का थक्का जमने की शिकायत की थी, जिससे वे काम करने में असमर्थ हो गए थे। कथित तौर पर अप्रैल 2021 में वैक्सीन लेने के बाद उनके मस्तिष्क में विकार उत्पन्न हो गया था। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटिश उच्च न्यायालय में वैक्सीन के साइड इफेक्ट के 51 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें पीड़ितों और परिजनों ने 10 करोड़ पाउंड (लगभग 1000 करोड़ रुपये) तक के अनुमानित हजार्ने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि कंपनी ने पहले वैक्सीन के चलते टीटीएस की संभावना से इनकार किया था। कंपनी ने मई 2023 में कहा था कि वह नहीं मानती है कि टीटीएस सिंड्रोम वैक्सीन के कारण होता है। अब कंपनी ने फरवरी में उच्च न्यायालय में पेश किए गए कानूनी दस्तावेजों में ने कहा, यह माना जाता है कि एस्ट्राजेनेका वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। इसके होने की वजह ज्ञात नहीं है।

# एनडीए परिवारवाद समाप्त करने की शुरूआत अपने घर से करे : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें अमित शाह ने कहा था कि 2024 में एनडीए की सरकार बनते ही बिहार से जातिवाद और परिवारवाद को समाप्त कर देंगे। यादव ने कहा कि एनडीए को इसकी शुरूआत अपने घर से करनी चाहिए। पटना में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनका यह बयान हास्यास्पद है। इसके भी दो कारण हैं। पहला कि उनकी सरकार बनने नहीं जा रही है और दूसरा पहले अपने घर से तो शुरूआत करें। उनके दल में परिवारवाद वाले कौन लोग हैं? हमने तो लिस्ट भी जारी कर दी है, आप सभी ने देखा है। पहले अपने दल और अपने घर से शुरू करें। शाह के इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पीएम की उम्मीदवारी पर तेजस्वी ने कहा कि यह तो मान लिया न कि इंडी गठबंधन की जीत हो रही है। हमारी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में इन लोगों की हालत बहुत खराब है। बिहार से एनडीए का सफाया हो चुका है और ये लोग पूरी तरीके से घबराए और बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में ढाई हजार बहनों के साथ शोषण हुआ और वह शोषण करने वाला इन्हीं का साथी है और अब पता चल रहा है कि वह जर्मनी फरार हो गया। इससे पहले महिला पहलवानों के साथ शोषण, इन सभी मामलों पर प्रधानमंत्री चुप हैं। मणिपुर में जिस महिला के साथ अत्याचार हुआ उस पर भी प्रधानमंत्री चुप रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल्मीकीय रामकथा के लिए आयोजकों ने बैठक कर बनाई रूपरेखा

**हरिद्वार, एजेंसी।** पांच जून से डॉ. राम विलास दास वेदांती बाल्मीकीय रामकथा करेंगे। जनसहयोग और कार्यक्रम में साझेदारी को लेकर आयोजक मंडल ने रविवार को बैठक की और सदस्य व पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। गोवर्धन हॉल प्रेमनगर आश्रम में आयोजित बैठक में आयोजकों ने समय और स्थान तथा श्रोता श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर रूपरेख बनाई। बैठक के पूर्व आयोजन मंडल के सदस्यों ने कथा स्थल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसमें टेंट से लेकर आगंतुकों के पंजीकरण और उनके ठहरने की आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। आयोजन मंडल में शामिल सुनील सिंह, सीए आशुतोष पांडेय, रंजीता झा आदि ने कलश यात्रा के लिए पंजीकरण फॉर्म उपलब्ध करवाया। इसके तहत यह व्यवस्था की जा रही है कि जितनी संख्या कलश यात्रा में शामिल होगी उसी अनुसार व्यवस्था दी जाएगी। कलश यात्रा को लेकर रूट प्लान और सभी के कथा स्थल पर एकत्र होने की सूचना आदि प्रसारित करने की जिम्मेदारी भी तय की गई। बैठक में पुरुषोत्तम लाल अग्रवाल, मनोज शुक्ला,

### क्रॉफ्ट में फरिया व मेहंदी प्रतियोगिता में आलिया रहीं प्रथम

**रूड़की, एजेंसी।** द नैनीताल एकेडमी लाठरदेवा शेख में मेहंदी एवं क्रॉफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रॉफ्ट में प्रथम स्थान रुड़की डिग्री कॉलेज की फरिया व मेहंदी प्रतियोगिता में नैनीताल अकादमी की आलिया प्रथम रहीं। प्रतियोगिता में इंडियन पब्लिक स्कूल बिझौली, जीआरबी एकेडमी बिझौली, मार्डन पब्लिक स्कूल, द नैनीताल एकेडमी, रुड़की डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्रा द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्रॉफ्ट में प्रथम स्थान रुड़की डिग्री कॉलेज की फरिया, द्वितीय स्थान जेआरबी अकादमी की अनब एवं तृतीय स्थान अक्शा को मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में नैनीताल अकादमी की आलिया प्रथम, रुड़की डिग्री कॉलेज की रफत द्वितीय व ठाकुर इंटर कॉलेज पनियाला की छात्रा अलविना तृतीय रही। इस मौके पर जावेद अली, मोहम्मद मुस्तकीम, मोहम्मद रिजवान अली, मोहम्मद नावेद, मोहम्मद नवीस, मोहम्मद अमजद और मोहम्मद सऊद अली आदि मौजूद रहे।

### नलकूप खराब होने से फॉरेस्ट चौकी में ढाई सौ परिवार पानी को तरसे

**हल्द्वानी, एजेंसी।** फॉरेस्ट चौकी के नलकूप के पंप में खराबी आने से रविवार को दमुवाढूंगा क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया रहा। इस दौरान क्षेत्र के ढाई सौ परिवार पानी के लिए परेशान रहे। जल संस्थान की ओर से तीन टैंकरों के माध्यम से जवाहर ज्योति, कुमाऊं कॉलोनी और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पानी बांटा गया। गर्मी बढ़ते ही जल संस्थान के नलकूप हांफने लगे हैं। फॉरेस्ट चौकी नलकूप के खराब होने से क्षेत्र में हजारों की आबादी को पेयजल संकट से जूझना पड़ा। इस दौरान विभाग की ओर से टैंकरों के माध्यम से पानी दिया गया। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि फॉरेस्ट चौकी के नलकूप का पंप खराब होने से समस्या आई है। नलकूप की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। नलकूप की मरम्मत की जा रही है।

### निजी बस में महिला यात्री के बैग से पर्स चोरी

**रामनगर, एजेंसी।** रोडवेज बस अड्डे के समीप निजी बस से एक महिला यात्री के बैग से पर्स चोरी कर लिया गया। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नोएडा में एक फैक्ट्री में काम करने वाला गंगा सिंह कूपी मरचूला गांव का रहने वाला है। रविवार की सुबह चार बजे वह पत्नी दीपा देवी के साथ रामनगर पहुंचा। यहां से वह कूपी मरचूला जाने वाली निजी बस में बैठ गया। अधिक समय लगने पर दंपती बस से उतर गया। थोड़ी देर बाद जब वह बस में बैठे तो देखा कि बैग की चेन खुली थी। उसमें रखा उसकी पत्नी का पर्स चोरी हो चुका था। पर्स में 25 हजार नकदी, मंगलसूत्र व मोबाइल था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। एसएसआई प्रथम मो. युनूस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## यातायात का दबाव बढ़ने पर लागू रहेगा रूट प्लान : नगन्याल



**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल केएस नगन्याल ने थाना मुनि की रेती गेस्ट हाउस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें टिहरी, पौड़ी और देहरादून जनपद के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। पुलिस महानिरीक्षक ने थाना मुनि की रेती क्षेत्र के तपोवन बाजार और नीम बीच का निरीक्षण भी किया।

रविवार को आयोजित बैठक में आईडी नगन्याल ने कहा कि यातायात का अत्यधिक दबाव होने की स्थिति में यातायात प्लान लागू किया जाएगा। जिसमें हरिद्वार से आने वाला यातायात ढालवाला, भद्रकाली, ब्रह्मानंद मोड, बाईपास से होकर तपोवन शिवपुरी की ओर भेजा जाएगा। शिवपुरी की तरफ से आने वाला यातायात ब्रह्मपुरी तिराहा, गरुड़चट्टी पुल होते हुए चीला बैराज की ओर भेजा जाएगा। थाना मुनि की रेती, थाना लक्ष्मण झूला, कोतवाली ऋषिकेश यातायात का अत्यधिक दबाव होने पर आपस में समन्वय स्थापित कर नोडल अधिकारी यातायात व्यवस्था को लागू कराएंगे।

यातायात दबाव होने की स्थिति में भारी वाहनों को रोके जाने के संबंध में नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण लोकजीत सिंह निर्णय लेंगे। कहा कि भारी वाहनों को जनपद देहरादून में लालतप्पड़ और जंगलात बैरियर, जनपद टिहरी में ढालवाला, भद्रकाली और गूलर व्यासी में रोका जाएगा। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह को यातायात का दबाव होने की स्थिति में गरुड़चट्टी मार्ग स्थित जिला पंचायत बैरियर को अनावश्यक बंद न करने और यातायात को गरुड़ चट्टी मार्ग पर निर्बाध रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। जनपद टिहरी में टूरिस्ट पुलिस बूथ को सुचारू रूप से संचालित किए के निर्देश दिए। तपोवन में होटलों में वाहनों की पार्किंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आईजी ने मुनि की रेती क्षेत्र में संचालित राफ्टों का शत प्रतिशत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। कहा कि हाईवे पर राफ्ट संचालकों के वाहनों को खड़ा न होने दिया जाए। शत्रुघ्न घाट से गीता भवन घाट, लक्ष्मणझूला तक संचालित राफ्ट में यात्रियों को लाइव जैकेट अनिवार्य रूप से पहने जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसपी टिहरी नवनीत सिंह, सीओ ऋषिकेश संदीप नेगी, प्रभारी निरीक्षक थाना मुनि की रेती रितेश साह, प्रभारी निरीक्षक यातायात नदीम अतहर, प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश शंकर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेश चंद्र पांडेय, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल चौहान आदि शामिल रहे।

## साफिया मलिक की जमानत अर्जी खारिज

**हल्द्वानी, एजेंसी।** बनभूलपुरा स्थित कंपनी बाग की नजूल भूमि पर कब्जा कर स्टांप पेपर में बेचने और मृत व्यक्तियों के नाम से फर्जीवाड़ा करने की आरोपी साफिया मलिक की जमानत अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साक्ष्यों से छेड़छाड़ और फरार होने की आशंका जमानत नहीं मिलने की वजह बनी। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की ओर से बनभूलपुरा हिंसा के बाद बीती 22 फरवरी को अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। सभी पर कंपनी बाग वर्तमान में मलिक का बगीचा स्थित जमीन पर मरे हुए लोगों के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से कब्जा करने, कोर्ट में मरे व्यक्ति के नाम से हाईकोर्ट में रिट डालने और उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। इस बीच साफिया मलिक के वकील ने प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी।

दरअसल असल साल 2006-2007 में नगर निगम में साफिया मलिक की ओर से वनभूलपुरा कंपनी बाग भूखंड को फ्री-होल्ड कराने की अर्जी दी गई थी। साफिया मलिक के मुताबिक यह जमीन उन्हें 1994 में नबी रजा खां से हिबा में मिली थी जबकि नबी रजा की मौत साल 1988 में ही हो चुकी थी। इसके बाद लगातार नगर निगम को भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किए जाने और अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायतें मिल रहीं थी। वहीं आरोपियों की ओर से मृतक नबी रजा के नाम पर अदालतों में पैरवी की जा रही थी। वहीं जमानत प्रार्थना पत्र के निस्तारण के दौरान यह कहा गया कि अब्दुल हनीफ खान को कोई हिबा (दाननामा) नहीं हुआ था, बल्कि अख्तरी बेगम और नबी रजा खान ने केवल देखरेख के लिए अब्दुल हनीफ खान को कहा था। मामले की जांच के दौरान पता चला कि विवादित भूखंड के गूगल इमेज भी लिए गए थे। 2011 में गूगल से ली गई अलग-अलग तस्वीरों से पता चला किया कैसे जमीन से पेड़-पौधे कम होने शुरू हो गए और यहां पर धीरे-धीरे अवैध निर्माण शुरू हो गया था। साथ ही नजूल भूमि को स्टांप पेपर के जरिए लोगों को बेच दिया गया।

## भीमताल में जाम में फंसे सैलानी रहे परेशान



**भीमताल, एजेंसी।** पार्किंग न होने से भीमताल में जाम की समस्या बढ़ने लगी है। रविवार को जगह-जगह जाम लगने से वाहन चालक, यात्री और सैलानी परेशान रहे।

रविवार को वाहनों का दबाव बढ़ने पर तल्लीताल, ठंडी सड़क, बाईपास, मल्लीताल, डांठ रोड और गोरखपुर चौराहे पर दोपहर से शाम तक जाम लग गया। इससे स्थानीय व्यापारियों, पैदल राहगीरों को परेशान होना पड़ा। पर्यटन कारोबारियों ने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि भीमताल में पार्किंग की समस्या का समाधान करवाए।

## व्यवहारिकता में ज्ञान लाकर कर सकते हैं आर्थिक लाभ अर्जित

**हरिद्वार, एजेंसी।** एसएमजेएन पीजी कॉलेज के सभागार में युवा नागरिकों के लिए वित्तीय शिक्षा' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं की ओर बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि आज सूचना एवं प्रौद्योगिकी कि वर्तमान युग में भी वित्तीय जानकारियों के अभाव के चलते हमारे देश के अधिकांश लोग, विशेषकर युवा देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं। विद्यार्थियों को सैद्धांतिक रूप में पुस्तकों से ज्ञान तो प्राप्त हो जाता है, परंतु उस ज्ञान को अपने जीवन में किस प्रकार व्यावहारिकता में लाकर हम आर्थिक लाभ अर्जित कर सकते हैं, यह अभी भी दुष्कर प्रक्रिया प्रतीत होती है। प्रो. बत्रा ने कहा कि इसी के दृष्टिगत विद्यार्थियों की ज्ञान वृद्धि बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया है। इस मौके पर डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, डॉ. सुगंधा वर्मा, रुचिता सक्सेना, रिंकल गोयल, रिचा मिनोचा, आस्था आनंद, अंकित बंसल, भव्या भगत, साक्षी गुप्ता, मोहन चंद्र पांडेय, विजय शर्मा, संभव अग्रवाल, सार्थक रावत, शरद, मोहित मल्होत्रा, वंशिका, अर्चना, कुमकुम जैन, मोहन श्याम वशिष्ठ, जाह्नवी, साक्षी सिंह आदि मौजूद रहे।

## लाठी-डंडे और तलवारें चलीं...हवाई फायरिंग का भी आरोप, खनन को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** कोसी नदी दाबका पार में खनन को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चल गईं। घटना में एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। आरोपियों पर तीन-चार राउंड हवाई फायरिंग करने और वाहन चढ़ाने का भी आरोप लगा है।

कोसी नदी दाबका पार में खनन को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चल गईं। घटना में एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। आरोपियों पर तीन-चार राउंड हवाई फायरिंग करने और वाहन चढ़ाने का भी आरोप लगा है। मामले में तीन नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। बलविंदर सिंह, जयमल सिंह, गुरपेज सिंह और 20/25 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रविवार को कोसी नदी दाबका पार में काशीपुर के गांव गुलजारपुर और बाजपुर के गांव गोबरा नई बस्ती के खनन कारोबारियों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक आ धमके। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और तलवारें चल गईं। मारपीट में हरवंश सिंह, सुलेंद्र सिंह, पाला सिंह, बलविंदर सिंह, सुभाष सिंह, भजन सिंह निवासी गांव गोबरा नई बस्ती बाजपुर घायल हो गए। इस घटना से खनन क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

वहां मौजूद इधर-उधर भागने लगे। लोगों ने घायलों को बाजपुर के उप जिलाचिकित्सालय में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर हरवंश सिंह, सुलेंद्र सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। भजन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बलविंदर सिंह, जयमल सिंह, गुरपेज सिंह और 20-25 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## लोहियाहेड में सीएम धामी ने जन समस्याएं सुनीं

**खटीमा, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार सुबह लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व सुबह सीएम धामी नगला तराई स्थित अपने आवास से घूमने के लिए निकले। इस दौरान उन्होंने रास्ते में मिलने वाले लोगों का हालचाल जाना। उन्होंने कालापुल से लेकर बीस बीघा मार्ग तक जगह-जगह रुककर गांव के लोगों से कुशलक्षेम जानीं।



लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय में काफी संख्या में लोग मुख्यमंत्री से मिलने और अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में पहुंचे। व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय में पहुंचे सभी लोगों का हालचाल जाना। लगभग दो घंटे तक वह जनता के बीच रहे और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जनता को सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

इसके बाद बनबसा के लिए रवाना हुए। शाम को वह झनकट क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, सुरेश गंगवार, हिमांशु बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, मनोज बाधवा, भास्कर जोशी, संतोष गौरव, सगीर अहमद, किशोर जोशी, अमित पांडेय, प्रदीप गुप्ता आदि थे।

## घटिया डामरीकरण का आरोप लगा ग्रामीणों ने काम रुकवाया

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** चामी-अड़चाली-बमनस्वाल सड़क में घटिया डामरीकरण का आरोप लगाते हुए मौके पर पहुंचे लोगों ने कार्य बंद करा दिया। उन्होंने अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

चामी-अड़चाली बमनस्वाल सड़क पर इन दिनों डामरीकरण किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क पर घटिया डामरीकरण किया जा रहा है। गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया है। नाराज लोग रविवार को कार्य स्थल पर पहुंच गए और डामरीकरण कार्य को रोक दिया। उन्होंने नारेबाजी कर आक्रोश जताया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजन जोशी ने डामरीकरण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना डीएम और संबंधित अधिकारियों को दी लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया। वहां पर प्रधान गणेश प्रसाद, प्रकाश पांडे, नवीन जोशी, जगत सिंह चम्याल, प्रेम सिंह चम्याल, कमल किशोर, राजेंद्र चम्याल, भगवत चम्याल, कैलाश पांडे, राजन पांडे आदि थे।

## आबादी में शराब की दुकान खोलने पर भड़के लोग

**काशीपुर, एजेंसी।** शहर में आबादी के बीच मंदिर और स्कूल के पास ही देसी शराब की सरकारी दुकान खोलने का मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया। उन्होंने दुकान के आगे बैठक कर धरना-प्रदर्शन किया। आवास विकास सुभाष नगर वार्ड 15 के लोगों ने रविवार सुबह दुकान के सामने धरना देकर आरोप लगाया कि विभाग की ओर से जानबूझकर ठेकेदार को यहां देसी शराब की दुकान खोलने की इजाजत दी गई है। कहा कि जिस स्थान पर दुकान खोली जा रही है उसके पास ही दंत चिकित्सक, प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र, महिला आईटीआई, श्रमिक पंजीयन कार्यालय के अलावा शनि महाराज का मंदिर है। मंदिर में सुबह-शाम महिलाएं-पुरुष पूजा-अर्चना करने जाते हैं। इसी मार्ग से स्कूली छात्र-छात्रा भी आते-जाते हैं। कहा कि शराब की दुकान खुलने से यहां अराजक तत्वों का जमावड़ा रहेगा। मोहल्लेवासियों ने चैती चौराहा के लिए आवंटित दुकान को दो किमी दूरी पर खोलने की अनुमति रद्द करने की मांग की। इस संबंध में एसडीएम व टांडा उज्जैन पुलिस चौकी को प्रार्थनापत्र दिया। उधर आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह ने कहा कि दुकान अभी खोली नहीं गई है। लोगों के विरोध की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व पार्षद मनोज जग्गा, संदीप सिंह उर्फ मोनू चौधरी, तेजवीर सिंह, सर्वेश बाली, डॉ. धीर सिंह, विजय प्रताप, मुनमुन चौधरी, गीता, सुनीला, मधु, देवेश चौहान एडवोकेट, नवनीत कुमार एडवोकेट आदि रहे।



## महिला समेत पांच लोगों को लाठी-डंडों व रॉड से पीटा

**रूड़की, एजेंसी।** क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की एक महिला समेत पांच लोगों को जमकर पीटा। इसमें महिला समेत पांच लोग लहूलुहान हो गए। इसमें एक युवक की आंख पर चोट आई। एक की हाथ की हड्डी टूट गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी हमलावर पिस्टल हवा में लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के कबूलपुर रायघाटी गांव निवासी 70 वर्षीय ब्रह्मपाल सिंह पूर्व प्रधान रहे हैं। उन्होंने लक्सर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 अप्रैल को सुबह लगभग सात बजे वह अपने घर पर बैठे हुए थे। लेकिन इसी बीच गांव के दूसरे पक्ष के सात लोग हाथों में लाठी डंडा, लोहे की रॉड, रस्सी व पिस्टल लेकर उनके घर में घुस गए। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने ब्रह्मपाल का रस्सी से गला घोंटने का प्रयास किया। इस बीच उसे बचाने के लिए उनका पोता तरुण व गौरव मौके पर आ गए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला बोल दिया। इसमें तरुण का बांया हाथ टूट गया। जबकि गौरव की दाहिनी आंख पर गहरी चोट आई। इस बीच ब्रह्मपाल का बेटा नीतिराज अपने पिता को बचाने के लिए आया तो उन्होंने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं शोर सुनकर नीतिराज की पत्नी राधा देवी ने भी दूसरे पक्ष का विरोध करना चाहा तो उन्होंने उसे भी लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा। शोर शराबा सुनकर कई लोग मौके पर आ गए। जिन्हें आता देखकर आरोपी हमलावर हवा में पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर फरार हो गए।

इसके बाद ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां से डॉक्टर ने घायलों को हरिद्वार हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने घटना की बाबत तहरीर कोतवाली पुलिस को दी।

# दक्षिणी दिल्ली से सहीराम पहलवान ने इंडिया गठबंधन से दाखिल किया पहला नामांकन:आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में इंडिया गठबंधन की ओर से मंगलवार को दिल्ली में पहला नामांकन पत्र दाखिल हुआ। आम आदमी पार्टी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने गाजे-बाजे के साथ दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। सुबह करीब 9 उन्होंने पैतृक गांव तेहखंड स्थित मंदिर जाकर मां दुर्गा और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वहां से कालकाजी, रविदास मंदिर होते हुए मेहरौली तक 8 किलोमीटर की आशीर्वाद यात्रा कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। आशीर्वाद यात्रा के दौरान कई जगहों पर उनका भव्य स्वागत भी हुआ। इस दौरान उनके साथ आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ अन्य वरिष्ठ नेता व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहीराम पहलवान के नामांकन के बाद आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सड़कों से खड़ा किया है। लेकिन भाजपा ने सोचा था कि वो अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेगी तो आम आदमी पार्टी प्रचार नहीं कर पाएगी। लेकिन उन्होंने एक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया तो आम आदमी पार्टी का प्रचार करने के लिए हजारों अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सड़कों पर उतर गए हैं। आज आम आदमी पार्टी प्रचार नहीं कर रही है बल्कि, दिल्ली के लोग हमारे लिए प्रचार कर रहे हैं। दिल्ली के लोग हमें चुनाव लड़वा रहे हैं और दिल्ली के लोग ही हमें चुनाव जितवाएंगे।

आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने इस बात का प्रमाण दे दिया है कि उनके सांसदों ने दिल्ली में 10 सालों में कोई काम नहीं किया। इसलिए, अपने सांसद प्रत्याशियों को बदलना उसकी मजबूरी हो गई। पूरी साउथ दिल्ली की जनता को यह बात अच्छे से पता है कि बीजेपी के सांसद अपने क्षेत्र में नहीं आते हैं और उनके लिए काम नहीं करते हैं। अगर उनके लिए कोई काम करता है तो वो अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी करती है। इस बार दिल्ली की जनता बेवकूफ बनने वाली नहीं है। दिल्लीवालों को पता है कि अरविंद केजरीवाल ने कभी एक पैसा अपनी जेब में नहीं डाला है, बल्कि, सारा पैसा दिल्ली की जनता के जेब में डाला है। इसलिए दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि अरविंद केदजरीवाल की झूठी गिरफ्तारी और जेल भेजने का जवाब वो अपने वोट से देगी। आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है कि जो दिल्लीवालों के बेटे, उनके भाई अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में गिरफ्तार कर जेल में डाला है, दिल्ली की जनता उसको जवाब देने वाली है। इस बार दिल्ली की जनता सात में से एक भी सीट भाजपा को नहीं देगी और सातों सीटें इंडिया गठबंधन के पास आएंगी। दिल्ली की जनता एक सुर में चीखकर कह रही है कि जेल का जवाब वोट से देंगे। भाजपा को पता है कि वो दिल्ली में सातों सीटें हार रही है।

वहीं, आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव 2019 और 2014 से अलग है। 2019 और 14 में लोगों को बीजेपी से बहुत उम्मीदें थीं कि वो कुछ करके दिखाएगी। आज वो सारी उम्मीदें खत्म हो चुकी हैं। आज लोगों को डर है कि देश में प्रजातंत्र और चुनाव बचेगा या नहीं बचेगा। देश में संविधान और आरक्षण बचेगा या नहीं बचेगा। इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली से आम आदमी पार्टी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान ने तुगलकाबाद में 10 साल तक विधायक के रूप में सेवा की है और उससे पहले पार्षद रहे हैं। लोगों को उनका ट्रैक रिकॉर्ड पता है। इसलिए इंडिया गठबंधन इस बार दिल्ली में सातों सीटों पर बहुत मजबूती से लड़ रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 21 मार्च से दिल्ली के लोगों में बदलाव आया है। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को जेल भेजने से दुखी और नाराज हैं। दिल्ली की जनता इसका जवाब बीजेपी को अपने वोट से देगी। ये बात बीजेपी को भी मालूम है कि उनके लिए ये चुनाव बहुत मुश्किल होने वाला है। अरविंद केजरीवाल कैंपेन के मुख्य रणनीतिकार हुआ करते थे, वो सारी बातचीत तय किया करते थे, रैलियां करते थे, पब्लित मीटिंग करते थे और रोड शो होते थे। वो सब इस बार नहीं है।

# 27 साल से पहचान छिपाकर संत की तरह रहने वाला हत्यादरोपी ऋषिकेश से गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक मामले में 27 साल से फरार चल रहे 77 वर्षीय व्यक्ति को उत्तराखंड के ऋषिकेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वह अपनी पहचान छुपाने के लिए संत के भेष में विभिन्न धार्मिक स्थानों पर शरण ले रहा था। आरोपी की पहचान टिल्लू उर्फ रामदास के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 4 फरवरी 1997 को तुगलकाबाद एक्सटेंशन में किशन लाल नाम के एक व्यक्ति की उसके बहनोई टिल्लू और रामू नामक व्यक्ति ने हत्या कर दी थी। 5 मई 1997 को टिल्लू और रामू दोनों को अपराधी घोषित कर दिया गया।

पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) अमित गोयल ने कहा कि एक पुलिस टीम को विभिन्न जघन्य मामलों के वांछित/फरार आरोपियों और पैरोल जंपर्स का पता लगाने का काम सौंपा गया था, जब हत्या के मामले में वांछित टिल्लू की पहचान की गई।

डीसीपी ने कहा, पुलिस टीम ने जानकारी को आगे बढ़ाया और परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर जुटाए। गहन तकनीकी विश्लेषण के बाद एक मोबाइल नंबर पर खास ध्यान दिया गया, जो बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहा था और उसका कोई स्थायी स्थान नहीं था। लोकेशन हिस्ट्री से यह पता चला कि मोबाइल नंबर के उपयोगकर्ता की लोकेशन ज्यादातर हरिद्वार और ऋषिकेश उत्तराखंड में धार्मिक स्थलों के पास थी।

यह भी पता चला कि यह संदिग्ध व्यक्ति एक संत बन गया था और देशभर में मंदिरों में जाता था और विभिन्न धर्मशालाओं में रहता था।

डीसीपी ने कहा, 2023 में उसकी लोकेशन कन्याकुमारी थी, लेकिन वहां से कुछ हाथ नहीं लगा। वह ओडिशा के जगन्नाथ पुरी चला गया था। हालांकि, उसकी एक लोकेशन उत्तराखंड के ऋषिकेश में पाई गई।

पुलिस टीम ने उसकी लास्ट लोकेशन ऋषिकेश, उत्तराखंड में फील्ड रेकी की और पास के मंदिरों में भंडारा वितरक के रूप में काम किया।

डीसीपी ने कहा, तीन दिनों तक लगातार स्वयंसेवक के रूप में काम करने के बाद टीम ने टिल्लू की पहचान की और उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में टिल्लू ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद वह अपनी बेटी के साथ अपनी बहन के घर दिल्ली चला गया था। डीसीपी ने कहा, 1997 में रामू ने वित्तीय विवाद पर चर्चा करने के लिए किशन लाल को अपने घर बुलाया था। बातचीत के दौरान मामला इतना बढ़ गया कि किशन लाल ने रामू को परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस पर वे उत्तेजित हो गए और आपस में झगड़ने लगे जिसमें किशन लाल की हत्या कर दी गई। इसके बाद वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ मौके से भाग गया।

# मान ने तिहाड़ में आप प्रमुख से मुलाकात के बाद कहा, केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक है

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात की और बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने उन्हें लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रत्याशियों के लिए सक्रियता से प्रचार करने को कहा है।

मान ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक है, वह इंसुलिन ले रहे हैं और नियमित रूप से जांच करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से उनकी चिंता न करने और चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा है। यह पिछले एक पखवाड़े में केजरीवाल के साथ जेल में मान की दूसरी मुलाकात है।

मान ने संवाददाताओं को बताया कि वह केजरीवाल से उसी तरह मिले, जैसे पहली बार मिले थे।

मान ने कहा, हमारे बीच लोहे की जाली थी। यह उनकी नफरत की पराकाष्ठा हो सकती है। अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा कि मैं लोगों से कहूं कि वे उनकी चिंता न करें और मतदान करें। कृपया लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करें।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केजरीवाल को बताया कि उन्होंने (मान ने) हाल ही में भरूच और भावनगर में पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार के लिए गुजरात का दौरा किया था। मान ने कहा, जनता से अपार समर्थन मिला। पूरा देश कह रहा है कि केजरीवाल के साथ जो कुछ भी हुआ, वह गलत है। मैं असम भी गया था। उन्होंने (केजरीवाल ने) मुझसे दिल्ली आने और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और जहां भी मैं गया वहां विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने को कहा है।

उन्होंने कहा, ये चुनाव जीत या हार का नहीं हैं। यह संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए है।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल ने उनकी बेटी का हालचाल भी पूछा। मान के अनुसार, हमने एक-दूसरे के परिवारों के बारे में भी बात की। उन्होंने मेरी बेटी नियामत के बारे में पूछा, जो अब एक महीने की हो गई है। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में एक अप्रैल से न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं।

# आप ने प्रज्ज्वल रेवन्ना को टिकट देने पर भाजपा को घेरा, अब पार्टी ने किया निलंबित

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले सियासत में आरोप प्रत्यारोप का दौर चल लगातार जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रज्ज्वल रेवन्ना को टिकट देने पर आम आदमी पार्टी ने कड़ा हमला बोला है। जेडीएस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते रेवन्ना को दुष्कर्म का आरोपी बताते हुए आम आदमी पार्टी ने भाजपा को बलात्कारी जनता पार्टी तक बता दिया है। पार्टी की तरफ से एक्स पर पोस्ट डाली गई है। साथ ही भाजपा से कई सवाल भी पूछे हैं।इधर चौतरफा विरोध को देखते हुए कर्नाटक में जेडीएस ने प्रज्ज्वल रेवन्ना को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक्स पर बीजेपी को बलात्कारी जनता पार्टी बताते हुए कहा है कि उसका घिनौना चेहरा एक बार फिर देश के सामने आ गया। मोदी जी के आंख के तारे प्रज्ज्वल रेवन्ना ने एक-दो नहीं हजारों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। आतिशी ने एक्स पर भाजपा वालों से सवाल पूछा है कि ये साफ-साफ जानते हुए कि प्रज्ज्वल रेवन्ना ऐसा दुष्कर्मी है। उसे एमपी का टिकट क्यों दिया गया? मोदी रेवन्ना का प्रचार करते हैं और कहते हैं रेवन्ना को दिया हर वोट मोदी को जाता है। क्या अब रेवन्ना के किए दुष्कर्मों के लिए मोदी जवाब देंगे? पूरी केंद्र सरकार के ताकत के बावजूद, भाजपा ने ऐसे वीभत्स दुष्कर्मी को देश से क्यों और कैसे भागने दिया? पूरा देश जान ले भाजपा को दिया हर वोट, इन घिनौने बलात्कारियों और दुष्कर्मियों को जा रहा है। वहीं आम आदमी पार्टी के हैंडल से भी एक पोस्ट डाली गई है। जिसमें एक पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में लिखा है मोदी- एनडीए के उम्मीदवार पर लगे हजारों बलात्कार के आरोप, भागा विदेश। वहीं आम आदमी पार्टी के अन्य नेता भी रेवन्ना को टिकट देने पर भाजपा को महिला विरोधी बताते हुए घेर रहे हैं। बता दें कि प्रज्ज्वल का अश्लील वीडियो सामने आने के बाद से सियासत गर्म है।

# पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर युवक से लाखों की ठगी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




करावल नगर इलाके में साइबर ठगों ने एक युवक को पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर 6 लाख 97 हजार रुपये ठग लिए। युवक के पैसे मांगने पर आरोपियों ने पहले धमकी दी और फिर उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत पुलिस से की। उत्तर पूर्वी जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस पीड़ित द्वारा बताए गए मोबाइल नंबरों और बैंक अकाउंट की मदद से आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुमित कुमार वर्मा अपने परिवार के साथ अंबे एन्क्लेव, चौहान पट्टी, करावल नगर में रहते हैं। पुलिस को दिए बयान में सुमित ने बताया कि उनके फोन पर एक मैसेज आया था। मैसेज में लिखा था कि पार्ट टाइम नौकरी में वह होटल और अन्य पोस्ट को लाइक कर पैसे कमा सकते हैं। पीड़ित ने जब उससे बात की तो आरोपियों ने उन्हें एक नंबर दिया। जब पीड़ित ने इस नंबर पर बात की तो आरोपियों ने उसे टेलिग्राम पर एक ग्रुप से जोड़ लिया। इसके बाद आरोपी उसे टास्क देने लगे और इसके एवज में वह पीड़ित से पैसे लेते रहे। टास्क खत्म होने के बाद पीड़ित को पैसा देने का वादा किया गया था।

पीड़ित ने बताया कि वह पांच टास्क पूरे कर चुका था और उसके एवज में पैसे भी दे चुका था, लेकिन आरोपियों ने उसे कोई भी पैसा नहीं दिया। पूछने पर बताया कि उसे अभी और टास्क करने हैं, जिसके बाद उसके पैसे आएंगे। आरोपी पीड़ित से करीब 6 लाख 76 हजार रुपये ले चुके थे। पीड़ित ने अपने पैसे मांगे तो आरोपियों ने बताया कि तुम्हारा अकाउंट नेगेटिव चल रहा है। पैसे दो जिसके बाद वह पॉजिटिव होगा और तुम्हारे पिछले पैसे भी आ जाएंगे। पीड़ित को शक हुआ तो उसने अपने पैसे लौटाने के लिए कहा। इस पर आरोपियों ने उसे धमकी दी और उसका नंबर ब्लॉक कर दिया।

# यात्री के रुपयों से भरे बैग को लेकर भाग निकला कैब चालक, स्पेशल टीम ने पकड़ा

नई दिल्ली। सोचिए, अगर कैब चालक आपका कीमती सामान और पैसे लेकर भाग निकले तो...मामला दिल्ली के हौज खास का है। यात्री के पैसे लेकर कैब चालक फरार हो गया। दिल्ली पुलिस ने कैब चालक को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान सुजीत मिश्रा पुत्र यज्ञ नारायण मिश्रा निवासी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है।

दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने पुलिस स्टेशन हौज खास में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक निजी कंपनी में काम करता है और दिनांक 5 अप्रैल 2024 को उसने अपने घर के लिए एक कैब बुक की कैब ड्राइवर ने साउथ एक्स पार्ट 2 नई दिल्ली में सवारी समाप्ति और उसका हैंडबैग लेकर फरार हो गया जिसमें 1,25,000 नगद थे। शिकायतकर्ता ने उससे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन संपर्क नहीं हो सका दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

एसीपी हौज खास के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा आरोपी कैब चालक को पकड़ने के लिए कार्य शुरू किया गया जांच के दौरान कैब चालक का विवरण प्राप्त किया गया। टीम के द्वारा मैन्युअल और तकनीकी जानकारी से आरोपी कैब चालक का पता लगाया गया चालक की पहचान सुजीत मिश्रा के रूप में हुई लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद पाया गया। इसके बाद कापसहेड़ा और द्वारका में छापे मारे गए और चालक को पकड़ लिया गया उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई 5000 रुपए नगदी,एक चश्मे का डब्बा,शिकायतकर्ता की एक अग्रिम वाउचर रसीद बरामद की गई अधिक पैसे बरामद करने के लिए आगे की जांच टीम के द्वारा की जा रही है।

# नर्सरी दाखिला : पहले दिन ही आवेदन करने में अभिभावकों को दिक्कत हुई



नई दिल्ली। निजी स्कूलों की नर्सरी से लेकर पहली कक्षा की ईडब्ल्यूएस/वंचित वर्ग (डीजी) और दिव्यांग श्रेणी की सीटों पर दाखिले के लिए मंगलवार को ऑनलाइन आवेदन किए गए। पहले दिन ही अभिभावकों को परेशानी उठानी पड़ी। आरोप लगाया कि दोपहर तक शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर नए पंजीकरण का विकल्प खुल नहीं सका। इस दौरान तकनीकी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले अभिभावक राजेश कुमार ने बताया कि वह बच्ची के दाखिला के लिए सुबह से ही पंजीकरण की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वेबसाइट खुल नहीं रही थी। इस कारण पहले दिन पंजीकरण नहीं करा सके। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल किया, लेकिन वह बार-बार व्यस्त जा रहा था। वहीं, ईडब्ल्यूएस सीटों पर दाखिले के लिए अभिभावकों का मार्गदर्शन करने वाले मिशन तालीम के संस्थापक अध्यक्ष एकरामूल हक ने बताया कि एक तो आवेदन की प्रक्रिया पहले ही देर से शुरू हुई है। ऐसे में पहले दिन ही अभिभावकों को पंजीकरण के लिए दिक्कतों का सामना करना प्रणाली पर सवाल खड़े करता है। हालांकि, दोपहर तीन बजे के आसपास पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई थी।

### तकनीकी परेशानी को दूर किया

शिक्षा निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पंजीकरण के लिए ईडब्ल्यूएस/डीजी लिंक पूरी तरह से सक्रिय है। कुछ तकनीकी दिक्कत हुई थी, जिसे अब दूर कर लिया है। अभिभावक आराम से पंजीकरण कर सकते हैं। बता दें कि लिंक पर तीन विकल्प अभिभावकों को उपलब्ध कराए हैं। इसमें नए आवेदनकर्ता के लिए पंजीकरण, पंजीकृत आवेदनकर्ता के लिए लॉगिन करें और पंजीकरण/आवेदन प्रपत्र के डिलीट का विकल्प है।

### 15 मई अंतिम तारीख

आवेदन की अंतिम तारीख 15 मई है, जबकि 20 मई को पहला कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ आयोजित होगा। दाखिला प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों और प्रश्नों को लेकर हेल्पलाइन नंबर 9818154069 पर सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक के बीच सोमवार से लेकर शुक्रवार में कॉल किया जा सकता है।

# पैसे मांगने पर पिता-पुत्र ने कारोबारी को पीटा

नई दिल्ली। हरि नगर इलाके में अपने पैसे मांगने पर पिता-पुत्र ने कारोबारी की पिटाई कर दी। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही डीडीयू अस्पताल में अपना इलाज कराया। हरि नगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कारोबारी ज्ञानेन्द्र शर्मा अपने परिवार के साथ मानसरोवर गार्डन कीर्ति नगर में रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि वह पिछले दो साल से सिद्धार्थ सहगल और उसके पिता मनोज सहगल को जानते हैं। पिछले वर्ष जुलाई में पीड़ित ने सिद्धार्थ और उसकी पत्नी मुस्कान को अपना घर बेचा था। इस सौदे के बाद कुछ पैसे सिद्धार्थ ने दिए और बाकी पैसे देने थे। पीड़ित लगातार अपने पैसे मांग रहा था। 27 अप्रैल को प्रॉपर्टी डीलर अनिल चोपड़ा ने सिद्धार्थ और ज्ञानेन्द्र को समझौते के लिए अपने कार्यालय में बुलाया था, जहां दोनों पक्षों के बीच बात हो रही थी। इसी दौरान सिद्धार्थ ने टेबल पर रखी चाबी और घंटी से पीड़ित पर हमला कर दिया। सिद्धार्थ के पिता मनोज ने पीड़ित को पकड़ लिया और फिर दोनों ने उनकी जमकर पिटाई की। ज्ञानेन्द्र को घायल कर पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए।

# डीएमसी रजिस्ट्रार सेवा विस्तार मामले में अध्यक्ष से दिल्ली सरकार ने मांगी पूरी रिपोर्ट




नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

पद का दुरुपयोग कर गैरकानूनी तरीके से दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) के सचिव सह रजिस्ट्रार डॉ. गिरीश त्यागी के कार्यकाल के विस्तार मामले में नया मोड़ आ गया है। दिल्ली सरकार ने डीएमसी अध्यक्ष डॉ. अरुण गुप्ता से तीन दिन के भीतर इस मामले में दोबारा जवाब दाखिल करने को कहा है। काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी की ओर से डीएमसी के अध्यक्ष को संबोधित एक चिट्ठी में उनके दिए गए पहले के जवाबों से असंतुष्टि व्यक्त की गई है।

दरअसल, डीएमसी के अध्यक्ष डॉ. अरुण ने एक मार्च 2024 को डॉ. गिरीश त्यागी के कार्यकाल विस्तार मामले में जवाब दाखिल किया था। 22 फरवरी 2024 को काउंसिल ने डीएमसी अध्यक्ष से क्रमवार ए से लेकर एच तक कई प्रश्न किए थे। इनमें से किसी भी प्रश्न के जवाब से काउंसिल संतुष्ट नहीं हुआ। इस चिट्ठी में डॉ. अरुण गुप्ता से प्रश्न संख्या ए से लेकर एच तक विस्तार से जवाब मांगा गया है। साथ ही कहा गया है कि जवाब वही होने चाहिए जो पूछा गया है। मुद्दों से भटकाने वाले उत्तर नहीं देने की हिदायत दी गई है। उसके बाद इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

कानूनन ना तो दिल्ली सरकार के किसी कर्मचारी या अधिकारी को 60 साल के बाद दो साल से ज्यादा सेवा विस्तार मिल सकता है और ना ही 62 वर्ष के बाद कोई भी सरकारी कर्मचारी या अधिकारी प्रशासनिक पदों पर रह सकते हैं। यदि वह कार्य करता भी है तो इस पद पर वह कोई प्रशासनिक निर्णय नहीं ले सकता। लेकिन डॉ. गिरीश त्यागी ने ना केवल गैरकानूनी तरीके से सेवा विस्तार लिया, बल्कि पद पर रहते हुए प्रशासनिक निर्णय भी ले रहे हैं। बता दें, दिल्ली मेडिकल काउंसिल एक्ट में साफ कहा गया है कि जो भी इसमें लाभ के पद पर मेडिकल एडमिनिस्ट्रेशन को संभालने वाले उच्च पदों पर बैठे डॉक्टर कार्य करेंगे, वे 60 साल की उम्र तक ही मेडिकल काउंसिल में रहेंगे।

# पंजाब में शिक्षा क्रांति का आया रिजल्ट, पहली बार सरकारी स्कूलों से 158 बच्चों ने पास की जेईई मेंन्स परीक्षा, अरविंद केजरीवाल ने दी बधाई

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



तिहाड़ में बंद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सरकारी स्कूलों में पहली बार 158 बच्चों को जेईई मेन्स की परीक्षा पास करने पर बधाई दी है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के बाद पंजाब में शिक्षा क्रांति की शुरूआत हुई है और उसका यह पहला रिजल्ट है। सीएम केजरीवाल ने कहा है कि यही शिक्षा क्रांति हमारे सपनों में थी और अब हमारा सपना सच होने लगा है। मंगलवार को तिहाड़ में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब के सीएम भगवंत मान ने यह जानकारी साझा की। साथ ही, अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान के जरिए दिल्ली और देश की जनता को संदेश भेजकर कहा है कि यह चुनाव जीतने-हारने का नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र बचाने वाला चुनाव है। इसलिए देशवासी अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करने जरूर जाएं।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को तिहाड़ जेल में आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमारे बीच सबसे पहले परिवार के बारे में बातचीत हुई। उन्होंने मेरी बेटी नियामत जो अभी 1 महीने की हुई है, उसका हाल-चाल पूछा। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों और किसानों के बारे में पूछा, क्योंकि इस समय किसानों की फसल मंडियों में आ रही है। उन्होंने पूछा कि इस बार पैदावार कैसी है? किसानों को सीसीएल के तहत जो फसल के डायरेक्ट पैसे मिलते हैं, उसमें कोई बाधा तो नहीं आ रही है या चुनाव आचार संहिता की वजह से पंजाब की किसी योजना में कोई रुकावट तो नहीं हो रही है। जिस पर मैंने उन्हें बताया कि सब कुछ ठीक है। सभी को सुविधाएं मिल रही हैं। मंडियों में सभी को मुफ्त बिजली मिल रही है। हम गेहूं के एक-एक दाने की रिकॉर्ड पैदावार करके 130 लाख मीट्रिक टन देश के सेंट्रल पूल में दे रहे हैं। किसानों के खाते में 24 घंटे के अंदर पैसे भेजे जा रहे हैं। गेहूं का सीजन अपनी चरम सीमा पर है, दो-चार दिन में ये सीजन खत्म हो जाएगा।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि सबसे बड़ी बात जो मैंने अरविंद केजरीवाल को बताई वो बच्चों के जेईई मेन्स के रिजल्ट की है। आज जेईई मेन्स के रिजल्ट आए हैं। पंजाब में सरकारी स्कूल के 158 बच्चों ने जेईई मेन्स की परीक्षा पास की है। ऐसा पहली बार हुआ है। इस पर अरविंद केजरीवाल बहुत खुश हुए, और उन्होंने कहा कि यही शिक्षा क्रांति हमारे सपनों में थी। उन्होंने सभी सरकारी टीचर्स और जेईई मेन्स पास करने वाले सभी 158 बच्चों के माता-पिता को बधाई दी है। ये पहली बार हुआ है, जब सरकारी स्कूल के बच्चों ने जेईई मेन्स की परीक्षा पास की है। ये हमारा सपना सच होने वाली बात है।

सीएम भगवंत मान ने बताया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और देश के बारे में भी पूछा। जिसपर मैंने उन्हें बताया कि मैं अभी गुजरात के भरूच और भावनगर होकर आया हूं। वहां जनता से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। पूरे देश में लोग कह रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल के साथ बहुत गलत हुआ है कि उन्हें पकड़कर जेल के अंदर कर दिया। इन्हें गलतफहमी है कि हम एक व्यक्ति को जेल में बंद करके पूरी पार्टी की आवाज को बंद कर देंगे। लेकिन ये अरविंद केजरीवाल को व्यक्तिगत तौर पर बंद सकते हैं लेकिन उनकी सोच को अंदर नहीं कर सकते। मैंने उन्हें बताया कि मैं असम भी गया था। अरविंद केजरीवाल ने मुझसे कहा कि दिल्ली भी आना और दिल्ली के प्रचारकों को पंजाब भी लेकर जाना है। कहीं भी इंडिया गठबंधन का कोई भी कार्यक्रम चाहे वो असम, गुजरात, महाराष्ट्र, यूपी या बिहार में हो, वो हमें जहां भी बुलाएं, हमें जाना है। ये चुनाव जीतने और हारने का चुनाव नहीं है। ये संविधान और लोकतंत्र को बचाने वाला चुनाव है।

भगवंत मान ने बताया कि अरविंद केजरीवाल की सेहत ठीक है। अरविंद केजरीवाल ने मुझे बताया कि अब इंसुलिन मिल रही है और मेरा रूटीन में चैकअप भी हो रहा है। हमारी मीटिंग आज भी पहले की तरह ही कराई गई है। बीच में शीशे की दीवार और चारों तरफ जाली लगी थी। एक इंटरकॉम के जरिए हमारी बात कराई गई। शायद इन्होंने अपने मन में यह तय करके रखा है कि इन्हें हम सीधा नहीं मिलने देंगे। ये इनकी मर्जी और नफरत की इन्तहां हो सकती है। लेकिन अरविंद केजरीवाल ने मुझे यही संदेश दिया है कि लोगों से कहना कि मेरी फिक्र न करें लेकिन वोट डालने जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि इस संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी लोगों को वोट जरूर डालना है। देश की तानाशाही को खत्म करने के लिए वोट डालना है। हमारे सारे नेता अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। टीम में 11 खिलाड़ी खेलते हैं, बाकी कोचिंग स्टाफ में होते हैं। कुछ नेट में बॉलिंग और बैटिंग करते हैं। 4 एक्स्ट्रा खिलाड़ी होते हैं। हमारा एक संगठन है। जिसकी ड्यूटी जहां भी लगेगी, हम वहां जाएंगे। 4 जून को आम आदमी पार्टी भारत की एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर उभरेगी।

# राघव चड्ढा के आंख की सर्जरी हुई है, ठीक होने के बाद चुनाव प्रचार में लेंगे हिस्सा : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा की ब्रिटेन में आंख की बड़ी सर्जरी हुई है और स्वस्थ महसूस करने पर वह लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार करने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि सांसद को आंखों की गंभीर बीमारी हो गई थी जिससे अंधापन हो सकता था।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि चड्ढा आम चुनाव के लिए पार्टी के लिए प्रचार करेंगे। चड्ढा पंजाब से आप के राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी के चुनाव प्रचार से नदारद हैं। भारद्वाज ने से कहा, राघव चड्ढा की ब्रिटेन में आंख की बड़ी सर्जरी हुई है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत गंभीर थी और अंधेपन की आशंका थी।

जैसे ही वह ठीक हो जाएंगे, वह भारत वापस आएंगे और हमारे साथ चुनाव प्रचार में शामिल होंगे। चड्ढा के चुनाव प्रचार में शामिल होने के सवाल पर मान ने कहा, वह निश्चित रूप से प्रचार करेंगे। तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में मान ने कहा, ह्यह्य(क्रिकेट में) 11 खिलाड़ी होते हैं। फिर कोचिंग स्टाफ, नेट्स पर गेंदबाजी और बल्लेबाजी करने वाले लोग और चार अतिरिक्त खिलाड़ी होते हैं। हर कोई अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा, हमारा संगठन है और जिसे भी काम दिया जाएगा, वह करेगा। चार जून को आप मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगी।

अमित शाह के फेक वीडियो पर क्या बोले सौरभ

सौरभ से जब अमित शाह के फेक वीडियो के बारे में पूछा गया तो वह बोले, ह्यमेरा मानना है कि कोई भी डॉक्टर्ड वीडियो चला रहा है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पार्टी जिसने एडिटेड वीडियो चलाने में पीएचडी कर रखी है, वो भाजपा है। पिछले कई महीनों से वो विपक्षी नेताओं के बयानों को एडिट कर चला रहे हैं। सौरभ ने आगे कहा, बीजेपी के सोशल मीडिया हेड अमित मालवीय के पुराने एक्स पोस्ट इस संबंध में सबके सामने हैं। वह ऐसे आरक्षण के धुर विरोधी रहे हैं और इसे लेकर उन्होंने कई बार ट्वीट भी किया है, क्या वह भी एडिटेड हैं? बीजेपी को इस बारे में बताना चाहिए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 01 मई, 2024

## मनीष सिसोदिया की ईडी और सीबीआई मामले में दूसरी जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मंगलवार को दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ईडी और सीबीआई के मामले में दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 20 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सुनवाई के दौरान ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी से बढ़ा कर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं की गई। ये नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जियां दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।

ईडी ने कहा कि पॉलिसी वापस लेने की एकमात्र वजह जांच थी और शराब की नई नीति का मतलब अवैध लाभ प्राप्त करने का जरिया था। ईडी ने कहा था कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि थोक कारोबार का हिस्सा सरकार को दिया जाए। इस बात पर कोई चर्चा नहीं की गई और थोक कारोबार निजी कंपनियों को क्यों दे दिया गया। ईडी ने कहा था कि साउथ ग्रुप के साथ ओबेरॉय होटल में मीटिंग हुई थी, जहां सभी सह आरोपित मीटिंग में उपस्थित थे। उनमें से कुछ अब सरकारी गवाह बन गए हैं।

ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि कोर्ट अभी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकता कि सिसोदिया दोषी नहीं है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि कोर्ट को मामले में मेरिट के आधार पर विचार करना होगा। ईडी ने कहा कि सिसोदिया मनी लांड्रिंग कानून की धारा 45 की दोहरी शर्तें को पूरा नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कहा था कि सिसोदिया ने एक्सपर्ट की रिपोर्ट से भटकाने का दिखावा करने के लिए ई-मेल प्लांट किए। इसके लिए हमारे पास दस्तावेजी प्रमाण, व्हाट्सएप चैट और ई-मेल भी हैं। कोर्ट ने 6 अप्रैल को मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ाई थी। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को इससे पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

## देवेंद्र यादव दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त



नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देवेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। लवली ने गत 28 अप्रैल को पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और इसकी एक वजह आम आदमी पार्टी (आप) से गठबंधन को बताया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को शनिवार को भेजे अपने इस्तीफे में लवली ने कहा था कि वह अपने आप को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ह्यएकपक्षीय तरीके सेह्न रोक लगा देते थे। लवली ने कहा था कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई ह्यआपह्न के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, लेकिन पार्टी आलाकमान ने फिर भी उनके साथ गठबंधन किया। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किया गया था।

## बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन पत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

सुश्री स्वराज के नामांकन पत्र दाखिल करने के वक्त केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले उन्होंने पूजा-अर्चना की और रोड शो किया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता शामिल हुये।

सुश्री स्वराज ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुये कहा, यह राष्ट्रीय चुनाव है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत काम किया है, हम अपने प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि दिल्ली की बात करें तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नफरत की राजनीति करते रहे हैं और इसी वजह से उन्होंने मोदी सरकार की आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं को राष्ट्रीय राजधानी में लागू नहीं होने दिया है... अगर जनता मुझे अपना आशीर्वाद दिया तो मैं मैं यह सुनिश्चित करती हूँ कि जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत दिल्ली में भी लागू हो।

इस बीच, नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। गौरतलब है कि सुश्री बांसुरी भाजपा नेता दिवंगत सुषमा स्वराज की पुत्री है। वह उच्चतम न्यायालय में अधिवक्ता हैं और उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की है।

इससे पहले 2023 में सुश्री बांसुरी को दिल्ली में भाजपा के कानूनी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया था। राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को एक चरण में लोकसभा चुनाव होंगे और चुनाव परिणाम चार जून को घोषित किये जायेंगे।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 2 बदमाशों के साथ नूंह में एनकाउंटर

- मारी दोनो को गोली, मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती
- स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस का ज्वाइंट ऑपरेशन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने हरियाणा के नूंह में लॉरेंस बिश्नोई और गोदारा गैंग के दो गैंगस्टर के साथ मुठभेड़ में उन्हे घायल किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है, घायल हालत में दोनो को नजदीक के मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान विशाल उर्फ कालू और रवि मोटा के रूप में की गई है। यह कार्रवाई स्पेशल सेल ने हरियाणा पुलिस के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन में किया है। दोनों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

अलग अलग हत्याकांड में शामिल होने का पता चला पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों क्रिकेट के बुकी सचिन माजरा के मर्डर के मामले में भी वांटेड बताए जा रहे हैं। यह भी पता चला है, की अमेरिका से वर्चुअल नंबर के जरिए रोहित गोदारा ने बड़ी वारदात को अंजाम देने का काम इन्हें सौंपा था। इससे पहले रोहतक में विशाल उर्फ कालू ढाबे पर एक सनसनीखेज हत्याकांड को भी अंजाम दे चुके हैं। जिसमें मां के सामने उसकी बेटी की हत्या कर दी गई थी। उसमें विशाल उर्फ कालू और रवि मोटा भी शामिल बताया जा रहा है।

दोनों बदमाशों से पुलिस टीम विस्तृत पूछताछ कर रही दिल्ली पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विशाल उर्फ कालू को बड़े ऑपरेशन का जिम्मा रोहित गोदारा ने सौंप रखा था। जिसके लिए वह फरार हो जाने के बाद भी विशाल के संपर्क में था। उसे रोहतक हत्याकांड के बाद अन्य कहीं टास्क दिए गए थे। पकड़े जाने के बाद दोनों बदमाशों से पुलिस टीम विस्तृत पूछताछ कर रही है। जिससे की और भी नई जानकारी पुलिस को मिल सके।

स्पेशल सेल, हरियाणा रळक्षकी टीम ने मिलकर किया इन दोनो के बारे में मिली जानकारी के आधार पर स्पेशल सेल की टीम हरियाणा के नूंह इलाके में पहुंची। हरियाणा पुलिस के एसटीएफ की मदद के साथ-साथ सदर थाना की पुलिस भी ऑपरेशन में शामिल रही। फिर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। गोली से घायल करने के बाद इन दोनो बदमाशों को नल्लहड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और आगे की छानबीन शुरू की गई है।

पुलिस का कहना उनसे अभी पूछताछ की जा रही है समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस के एसटीएफ के द्वारा कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी। पुलिस की अधिकारियों का यही कहना था कि उनसे अभी पूछताछ की जा रही है। उसके बाद पूरे मामले के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

## मंडी हाउस क्षेत्र में पुलिस का एक्शन, हटाए वोट फॉर कांग्रेस वाले होर्डिंग्स

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में मंगलवार को उस वक्त हलचल मच गई, जब दिल्ली पुलिस वोट फॉर कांग्रेस वाले होर्डिंग्स हटाती नजर आई। दरअसल, वोट फॉर कांग्रेस लिखवाकर यासीन मलिक के साथ पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के फोटो वाले होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिन्हें देखते ही पुलिस ने आनन फानन में इन्हें वहां से हटा दिया।

इन होर्डिंग्स पर 25 मई की तारीख भी लिखी हुई थी। दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है। इसके अलावा यासीन मलिक और डॉ मनमोहन सिंह की फोटो के नीचे लिखा है, टू सपोर्ट फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड रिलीज ऑफ यासीन मलिक। होर्डिंग में यासीन मलिक को डॉक्टर मनमोहन सिंह से मिलते हुए दिखाया गया है।

लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के चलते किसी भी होर्डिंग और बैनर को लगाने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होती है। बिना अनुमति




के किसी भी तरह के होर्डिंग लगाना अवैध है। साथ ही किसी पार्टी के खिलाफ इस तरह के होर्डिंग लगाने की अनुमति चुनाव आयोग द्वारा दी भी नहीं जा सकती है।

इसलिए जैसे ही दिल्ली पुलिस की नजर होर्डिंग्स पर पड़ी, उन्होंने तुरंत होर्डिंग्स को हटाना शुरू कर दिया। ये होर्डिंग्स मंडी हाउस के पास सफदर हाशमी मार्ग, तानसेन मार्ग, बाराखंभा रोड, कॉपरनिकस मार्ग और फिरोजशाह रोड के आसपास लगाए गए थे। साथ ही मंडी हाउस के मुख्य चौराहे पर भी ये होर्डिंग्स लगाए गए थे। हालांकि, दिल्ली पुलिस द्वारा इन होर्डिंग्स को हटा दिया गया है।

## पुलिस ने तीन दिन तक बांटा भंडारा और मन्दिर में की सेवा

- उसके बाद पकड़ा गया 27 साल से फरार हत्या का आरोपी
- पहचान छुपाने नाम, पता बदलकर भिखारी का भेष बनाया
- अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर शरण लेकर रहता था

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस ने उत्तराखंड के ऋषिकेश में तीन दिनों तक स्वंयसेवक के रूप में काम करने के बाद 27 सालों से फरार हत्या के मामले में वांछत बदमाश टिल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी वास्तविक पहचान छुपाने के लिए नाम और पता बदलकर भिखारी का भेष बनाकर अलग-अलग धार्मिक स्थानों पर शरण लेकर रह रहा था।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया की अपराध शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल अमरीश कुमार को टिल्लू के बारे में जानकारी मिली कि वह हरिद्वार और ऋषिकेश, उत्तराखंड में धार्मिक स्थानों के पास हो सकता है। यह भी पता चला कि उपरोक्त संदिग्ध व्यक्ति एक संत बन गया था और देश भर में मंदिरों में जाता था और विभिन्न धर्मशालाओं में रहता था। 2023 में उसका मूवमेंट कन्याकुमारी में था, लेकिन ओडिशा के जगननाथ पुरी में चले जाने के कारण उनका पता नहीं लगाया जा सका। उसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में पुलिस टीम ने उत्तराखंड के ऋषिकेश के पास घेराबंदी की और स्वेच्छा से आसपास के मंदिरों में भंडारा बांटने का काम किया। एक जगह पर 3 दिनों तक लगातार स्वयं सेवकों के रूप में काम करने के बाद घाट नंबर 3, गीता भवन, ऋषिकेश, उत्तराखंड के पास से टिल्लू को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने वारदात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चार फरवरी 1997 तुगलकाबाद में रहने वाली सुनीता ने बताया कि उसका पति किशन लाल को तीन फरवरी 1997 को शाम को रिश्तेदार रामू अपने घर ले गया था। क्योंकि उसका पति अक्सर उसके घर आता जाता रहता था। उस दिन उसका पति वापस नहीं आया। अगली सुबह, उसे बुलाने के लिए रामू के घर गए।

लेकिन घर पर ताला लगा था। खिडकी से देखा तो घर के अंदर खून फैला हुआ था और चारपाई पर कपड़े में लिपटा हुआ शव पड़ा था। पुलिस की मदद से दरवाजा तोडकर अंदर गए। उसके पति का शव खाट पर पड़ा था। रामू के सभी परिजन और रिश्तेदार पहले ही वहां से भाग चुके थे। रामू और उसके बहनोई टिल्लू पर हत्या का आरोप लगा। उसी मामले में 15 मई 1997 को रामू और टिल्लू को भगौड़ा घोषित कर दिया गया था।

## अदालत ने पुलिस को ट्रांसजेंडर उम्मीदवार को नामांकन दाखिल करने के लिए सुरक्षा मुहैया कराने को कहा

- यौन रुझान या लैंगिक पहचान के आधार पर कोई भेदभाव कानून के समक्ष समानता और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है।
- संविधान के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को दिए अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें लागू करने की जिम्मेदारी राज्य की है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस को लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के वास्ते ट्रांसजेंडर समुदाय के एक व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश देते हुए कहा कि संविधान के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को दिए अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें लागू करना राज्य का कर्तव्य है।

याचिकाकर्ता राजन सिंह राष्ट्रीय बहुजन कांग्रेस पार्टी के समर्थन से दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बदरपुर में उनके कार्यालय में इस महीने की शुरूआत में जानलेवा हमला किया गया और उन्होंने अपने मौलिक अधिकारों की रक्षा तथा उचित सुरक्षा के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदिरत्ता ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी के लिए भी समानता सुनिश्चित करता है और यौन रुझान या लैंगिक पहचान के आधार पर कोई भी भेदभाव इस प्रावधान का उल्लंघन करता है।

अदालत ने 29 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान का अनुच्छेद 14 चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सहित राज्य की गतिविधि के सभी क्षेत्रों में कानूनों की समान सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यौन रुझान या लैंगिक पहचान के आधार पर कोई भेदभाव कानून के समक्ष समानता और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। संविधान के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को दिए अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें लागू करने की जिम्मेदारी राज्य की है।

अदालत ने कहा, याचिकाकर्ता को दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से नामांकन पत्र भरने के लिए आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश डीसीपी (दक्षिण) को देने के साथ ही याचिका का निपटारा किया जाता है। निर्वाचन आयोग के वकील ने कहा था कि नामांकन प्रक्रिया 29 अप्रैल को शुरू हो गयी है और याचिकाकर्ता को कानून के अनुसार आवेदन करने की छूट है।

## जोमेटो फूड डिलीवरी बॉय से आधी रात में हुई थी लूट

### सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने दो को पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तम नगर थाना की पुलिस टीम ने एक लुटेरा को गिरफ्तार किया है और उसके एक नाबालिक साथी को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई है। यह हस्तसाल गांव का रहने वाला है। पहले से हत्या के प्रयास के मामले में शामिल भी रहा है। इसके पास से लूटा गया पर्स और अन्य डॉक्यूमेंट भी बरामद किया गया। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार 27 अप्रैल को जोमैटो का डिलीवरी बॉय फूड डिलीवरी करने के लिए हस्तसाल गांव में गया था। इस दौरान आधी रात दो लड़कों ने उससे लूटपाट की थी। उस मामले की शिकायत मिलने के पर मामला दर्ज करके इंस्पेक्टर मुकेश की टीम ने जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनके बारे में पता लगाकर फिर इन्हें ट्रैक करने में कामयाबी पाई। जिन दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, उनमें से एक नाबालिक निकला। इनके पास से लूटा गया पर्स और अन्य डॉक्यूमेंट मिल गया है। नबालिक के खिलाफ जुवनाइल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## दिल्ली के अस्पताल को ईमेल से मिली बम की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में स्थित चाचा नेहरू अस्पताल को मंगलवार को बम होने के संबंध में एक ईमेल मिला, जिसके बाद अस्पताल परिसर को खाली करा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बम की सूचना मिलने के बाद पुलिस की एक टीम बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों के साथ अस्पताल पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, एहतियात के तौर पर मरीजों को अस्पताल से बाहर ले जाया गया और परिसर में तलाशी ली गई। हालांकि, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## टेंपो में कैविटी बनाकर लाया शराब, फिर भी पहुंचा जेल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



मोती नगर थाना की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान पंकज के रूप में हुई है। यह उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर स्थित एक गांव का रहने वाला है। इसके पास से 1400 क्वार्टर शराब का और 36 बोतल बियर की बरामद की गई है। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल चैंपियन टेंपो को भी पुलिस ने जप्त किया है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार हेड कांस्टेबल भुवनेश और राकेश जब पेट्रोलिंग कर रहे थे, सुबह-सुबह। अचानक उनकी नजर जखीरा के पास एक टेंपो पर पड़ी। जिसका कंडीशन देखकर उन्हें कुछ संदेह हुआ। जब दोनों वहां पहुंचे तो वहां पर एक शख्स मिला, जिसकी पहचान पंकज के रूप में हुई। उससे जब पूछताछ की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

टेंपो को चेक किया गया, तो बाहर से ऐसा कुछ लग नही रहा था। लेकिन जब बारीकी से तलाशी ली गई तो देखा की केवेटी बनाकर उसके अंदर शराब की पेटियां छुपाकर रखा हुआ था। जिससे बाहर से पता ही नही चले की अंदर शराब रखी हुई है। एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने उस टेंपो से 32 कार्टून शराब के बरामद किए गए। जिसके अंदर से 1400 क्वार्टर और 36 बियर की बोतल मिली। इसके खिलाफ दिल्ली एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार करके टेंपो और शराब को जप्त कर लिया गया।

## केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक है :भगवंत मान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल से जेल में मुलाकात की और बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने उन्हें लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए सक्रियता से प्रचार करने को कहा है। मान ने पत्रकारों से यह भी कहा कि केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक है और वह इंसुलिन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से उनकी चिंता न करने और चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग करने को कहा है। यह पिछले एक पखवाड़े में केजरीवाल के साथ जेल में मान की दूसरी मुलाकात है। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के एक मामले में एक अप्रैल से न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में हैं।

## IGI एयरपोर्ट पर 1.95 करोड़ गोल्ड बिस्कुट बरामद



- बैंकॉक से आए एक फ्लाइट की सीट के नीचे से निकाला

2999 ग्राम विदेशी सोना जब्त किया, तस्कर की तलाश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने गोल्ड तस्करी के बड़े मामले का खुलासा किया है। इस मामले में लगभग दो करोड़ का गोल्ड बिस्किट बरामद किया गया है। बैंकॉक की फ्लाइट में छुपाकर इसे दिल्ली लाया गया था। लेकिन इसकी भनक कस्टम की टीम को पहले ही लग गई थी। और अलर्ट टीम ने फ्लाइट लैंड करते ही सीट के साइड वाले हिस्से से गोल्ड बिस्कुट एक एक करके निकाल लिया। हालांकि इस मामले में किसी के पकड़े जाने की जानकारी नहीं मिली है। कस्टम अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस गोल्ड तस्करी के बारे में कस्टम की इंटेलीजेंस की टीम को मिली थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। कुल 2999 ग्राम फाइन क्वालिटी का विदेशी गोल्ड बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1 करोड़ 95 लाख रुपए बताई जा रही है। अब इस मामले में कस्टम की टीम आगे की जांच सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से भी कर रही है। जिससे कि इस मामले में गोल्ड तस्करी करने वाला भी पकड़ा जा सके।

## सुकेश ने केजरीवाल को लिखा- केजरीवाल केजरीवाल यश पापा,ईटिग शुगर नो पापा, डाइट चार्ट एक्सपोज्ड हा हा हा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



200 करोड़ रुपेय की ठगी के मामले में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्र शेखर ने एक बार मुख्यमंत्री केजरीवाल के नाम पत्र लिखा है। यह सुकेश की ओर से लिखा गया 10वां पत्र है।

पत्र की शुरूआत में उसने लिखा है ह्यडियर केजरीवाल पिछले कुछ दिनों से आपका ड्रामा देख रहा हूं और इस ड्रामे में आपका जो परफॉर्मेंस है वह ऑस्कर जीतने वाला है। सुकेश ने लिखा कि मुझे एक कविता याद आती है जब मैं प्ले स्कूल में था, बस उसमें थोड़ा सा अब ट्विस्ट आ गया है।

केजरीवाल केजरीवाल यश पापा
ईटिंग शुगर नो पापा
टेलिंग लाइज नो पापा
फूलिंग पीपल नो पापा
डाइट चार्ट एक्सपोज्ड, हा हा हा।

आगे उसने लिखा है केजरीवाल आप पूरी तरह से तिहाड़ क्लब में एंजॉय कर रहे हैं और आपको सारी सुविधा मिली हुई है। बस आप और आपके साथी खासतौर पर जेल प्रशासन से मिलकर ड्रामा कर रहे हैं, ताकि लोगों की सहानुभूति आपको मिल सके। संजय सिंह कहते हैं कि आप के साथ जेल में आतंकवादी की तरह व्यवहार किया जा रहा है जबकि संजय तिहाड़ क्लब में शामिल थे। वह भी पूरी तरह से यहां रहने का मजा उठा रहे थे। तब उन्होंने कभी ऐसी कोई शिकायत नहीं की। इससे यह साबित होता है कि उन्हें अच्छे तरीके से रखा गया है। यही सब सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के साथ हो रहा है, जो लगातार तिहाड़ क्लब में लग्जरी लाइफ जी रहे हैं। सुकेश ने पत्र में आगे लिखा है कि केजरीवाल आपका यह ड्रामा लोगों को और अधिक बेवकूफ नहीं बना सकता, अब लोग आपकी सच्चाई जानने लगे हैं। आपको जितना लोगों को बेवकूफ बनाना था, आपने बना लिया लेकिन अब सच्चाई बाहर आने लगी है। आपको इसका जवाब 4 जून को मिल जाएगा कि कैसे कट्टर करप्ट पार्टी को लोग इग्नोर कर रहे। पत्र में अंतिम में सुकेश चंद्र ने लिखा कि आप यह सब ड्रामा बंद कर दें, क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि जेल प्रशासन पूरी तरह आपके कंट्रोल में है।

## केजरीवाल ने भेजा संदेश, लोकतंत्र बचाने के लिए जरूर वोट दें : भगवंत मान

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। आधे घंटे से अधिक समय तक चली इस मुलाकात के दौरान चुनाव, सरकार के कामकाज व देश के हालात पर चर्चा हुई। मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों के नाम संदेश भेजा है कि लोकतंत्र बचाने के लिए वोट जरूर करें। मान ने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात पहले की तरह शीशे की दीवार लगाकर की गई। हम दोनों ने फोन पर एक दूसरे से बात की। सीएम ने सबसे पहले मेरे बच्चे व परिवार के बारे में पूछा। उसके बाद पंजाब में फसल उत्पादन, उसकी खरीद-फरोख्त और किसानों को अनाज की बिक्री के पैसों को लेकर पूछा। मुलाकात के दौरान भगवंत मान ने अरविंद केजरीवाल से कहा कि पंजाब के सरकारी स्कूलों के 158 बच्चों ने पहली बार जेईई की परीक्षा पास की। इसपर केजरीवाल ने खुशी जाहिर करते हुए शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों को बधाई देने के लिए कहा है। मान ने अरविंद केजरीवाल से कहा कि चुनाव प्रचार चल रहा है। पार्टी के स्टार प्रचारकों को दिल्ली के अलावा पंजाब, असम तक लेकर जा रहे हैं। जहां जरूरत होगी वहां ह्यइंडियाह्न के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने जाएंगे। मान ने कहा कि केजरीवाल ने जेल से संदेश दिया है कि लोगों को बता देना मेरी चिंता न करें, वोट जरूर करें। अरविंद केजरीवाल की सेहत के सवाल पर मान ने कहा कि अब उनकी तबियत ठीक है। इंसुलिन रोजाना मिल रही है। रूटीन चेकअप भी हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### वैशाली लोकसभा क्षेत्र में शाम छह बजे तक मतदान

मुजफ्फरपुर। वैशाली संसदीय सीट की सभी विधानसभाओं में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। साहेबगंज, पारू और मीनापुर में भी शाम छह बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत कुमार सैन ने यह जानकारी सोमवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बाद यह निर्णय लिया गया है।विदित हो कि वर्ष 2009 में 23 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदान कराकर लौट रही पोलिंग पार्टी को नक्सलियों ने विस्फोट से उड़ा दिया था। देवरिया थाना क्षेत्र में हुए बारूदी सुरंग के विस्फोट में एक दारोगा समेत पांच चुनाव कर्मी शहीद हो गए थे। इसके बाद से सभी चुनावों में मतदान का समय दो घंटे कम दिया गया था। आयोग की स्वीकृति के बाद अब मतदाता फिर निर्धारित अवधि तक यहां भी मतदान कर सकेंगे।

# ढोलकटवा नदी घाट से हो रहे बालू उठाव का कृषकों ने जताया विरोध

## किसानों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री सहित खनन मंत्री व वरीय अधिकारियों से बालू उठाव पर रोक लगाने की है मांग

● मानक के अनुरूप बालू उठाव नही करने पर कृषकों ने दी जिले में आंदोलन की चेतावनी

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी गुगुलडीह पंचायत के ढोलकटवा गांव के सैंकडों कृषकों ने ढोलकटवा बालू घाट के बाजन नदी घाट से बालू के हो रहे उठाव को लेकर संवेदक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे दर्जनों गांव के कृषकों ने जिला प्रशासन से अविलंब ढोलकटवा के बाजन नदी घाट से हो रहे पोकलेन व जेसीबी से बालू उठाव पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन कर रहे कृषक मंटू यादव,राज सिंह,विपिन यादव,नदी बचाओं के सदस्य कुणाल सिंह,ब्रिकम रावत,पिंटू रावत,ब्रिकम सिंह,संदीप रावत,चिकू कुमार,रवि कुमार,विवेक कुमार,मुकेश राम,अजीत यादव,विजय राम,अरविन्द सिंह आदि कृषकों ने बताया कि खनन विभाग द्वारा संवेदक को ढोलकटवा नदी घाट से बालू उठाव की अनुमति दी गई है, लेकिन संवेदक व उनके गुर्गो द्वारा बीते कई दिनों से आधा दर्जन पोकलेन,जेसीबी मशीन लगाकर नदी घाट से दस से बाहर फीट अवैध तरीके से बालू खनन कर दर्जनों ट्रक व ट्रैक्टर में भर कर बालू बेचा जा रहा है। वही जहां घाट टेंडर हुई है वहा खनन विभाग के द्वारा कोई चिन्हित जगह नहीं किया गया है। कहीं से भी नदी में बालू उठाया जा रहा है जिसकी सुधि लेने वाला कोई नही है। कृषकों ने बताया कि अगर यही हाल रहा तो ढोलकटवा,चिनबेरिया,केबाल व कर्मतरी बाजन नदी घाट से हम कृषकों के खेतों तक पानी पहूंचाने का एक मात्र साधन बाजन नदी ही है। जिसमें हम लोग अपने स्तर से बोरिंग करा कर खेत के लिए पानी की उपयोग कर रहे हैं।अगर बालू का उठाव खनन पदाधिकारी और संवेदक की मिलीभगत से इसी तरह जारी रहा तो हम लोगों के खेतों का पटवन नहीं हो पाएगाऔर पानी पीने का भी पानी के लाले पड़ जायेंगे। जिसकी वजह से हम कृषकों के लगभग 5000 एकड़ भूमि की सिंचाई प्रभावित हो जाएगी और आने वाले दिनों में कृषि की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी व क्षेत्र के किसानों के सिंचाई के अभाव में इन जल स्त्रोतों पर आश्रित हजारों एकड़ की भूमि बंजर भूमि में तब्दील हो जाएगा। हम किसान भूखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। कृषकों ने जिले के जिलाधिकारी से अविलंब इस तरीके से हो रहे बालू उठाव को बंद कराने की मांग की है। वहीं किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा बालू उठाव करने के लिए पोकलेन व जेसीबी मशीन से मनाही के बावजूद संवेदक द्वारा मशीन से ही बालू का उठाव करवा रहा है। वही मशीन की जगह अगर मजदूर से बालू उठाव होती है तो हम लोगों को सिंचाई में कुछ राहत मिलेगी। लेकिन अगर जेसीबी और पोकलेन से बालू उठाव करते हैं तो हम लोग को पानी पीने का भी लाले पड़ जाएगे।वही कृषकों ने कहा कि मशीन से बालू उठाव बंद नही हुआ तो जमुई समहरणालय परिसर में अनिश्चित कालीन धरना व प्रदर्शन करने को हम कृषक विवश हो जाएंगे।

# सीएम ने जेडीयू प्रत्याशी के समर्थन में मधेपुरा से सिंहेश्वर तक किया रोड शो



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सीएम नीतीश कुमार ने जेडीयू प्रत्याशी दिनेश चंद्र यादव के समर्थन में मधेपुरा रेलवे स्टेशन चौक से 7 किलो मीटर सिंहेश्वर तक रोड मार्च किया जहां सैकड़ों की संख्या में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार अपने निश्चय रथ पर सवार होकर स्थानीय लोगों को अभिवादन किया। बता दें कि कार्यक्रम के मौके पर मौजूद जेडीयू के पूर्व प्रवक्ता निखिल मंडल ने कहा कि हमारे आदरणीय नीतीश कुमार जी विकास कार्यों को लेकर जाने जाते हैं उन्होंने वर्ष 2015 और 2020 में सात निश्चय पार्ट 2 की शुरुआत किया था जो आज पूरा कर चुनावी यात्रा में पहुंचे हैं और निश्चय रथ पर सवार होकर एक बार फिर जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं। इसी चुनावी यात्रा के तहत आज मधेपुरा में उनका रोड शो है जो रेलवे स्टेशन कपूरी चौक से 7 किलो मीटर सिंहेश्वर के दुर्गा मंदिर तक जाएंगे और लोगों से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि हम काम करते हैं और काम के बदले वोट मांग रहे हैं, हमारा किसी से कोई मुकाबला नहीं है हम इस बार बिहार में सबसे ज्यादा मतों से चुनाव जीत रहे हैं। हमारा लक्ष्य है 3 लाख से अधिक मतों से मधेपुरा लोक सभा क्षेत्र से विजयी होंगे जो पूरे बिहार में एक मिसाल कायम होगा।

# अचानक आग लगने से लगभग 25 से तीस घर खाक

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर थाना क्षेत्र के कुंजौरी पंचायत स्थित वार्ड नंबर 1 और 3 में मंगलवार को अचानक आग लगने सीता देवी, पुतुल देवी, मंतोष राम, लूरो देवी, मीरा देवी, अंजली देवी, मनीषा देवी, रेखा देवी, संतोष शाह, मंजुला देवी, जूही परवीन, रवीना खातून, जुबेदा खातून, मोहम्मद अमजद, संगीता कुमारी सहित लगभग 25 से 30 घर चलकर खाक हो गया। जिसमें लगभग 15 से 20 लाख की छती का आकलन किया गया। इस बाबत प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर लगभग 2 बजे आग की लपटे उठने लगा इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा आग को लेकर हंगामा करने लगा इसके बाद देखते ही देखते सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण आग को बुझाने के लिए इकट्ठा हो गया वहीं आग को लेकर स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने ही थाना में तैनात फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचा। घंटो मुश्कत के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं फायर ब्रिगेड के तीन वाहन के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक 25 से 30 घर जलकर खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी, पंचायत राज पदाधिकारी समीक्षा झा, मुखिया प्रतिनिधि राजाराम शर्मा, मो. गुलफाम सहित कई जनप्रतिनिधि पदाधिकारी स्थल पहुंचकर घटना का लेकर जायजा लिया। वहीं इस बाबत अंचल अधिकारी विद्या कुमारी ने बताया कि अग्निपित परिवार जनों को उचित मुआवजा दी जाएगी।

# सुविधा : गड़बड़ी की शिकायत के लिए पोर्टल लॉन्च, अब नहीं लगाना पड़ेगा कार्यालय का चक्कर

● स्कूल में अनियमितता की शिकायत, पोर्टल पर करें

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- सरकारी विद्यालयों में हो रहे निर्माण कार्य बेंच डेक्स की गुणवत्ता सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं की मरम्मती में गड़बड़ी की शिकायत पर अब पोर्टल पर की जा सकेगी। बता दें कि विद्यालय में उपलब्ध सुविधा में गड़बड़ी और अनियमितता की शिकायत आम लोग आसानी से कर सकेंगे।इसके लिए शिक्षा विभाग ने पोर्टल का निर्माण किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार,विद्यालय में बड़े पैमाने पर आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके तहत पक्के कमरों का निर्माण,प्री फैंब कमरों का निर्माण,शौचालय, चारदीवारी,किचन सेट,भवन एवं कमरों का जिर्णोद्धार बोरिंग और विद्यालय का सौंदर्यीकरण शामिल है। कई जगहों पर गड़बड़ी की शिकायत भी सामने आ रही है। इसके अलावा सरकारी विद्यालय में बच्चों को बैठने के लिए बड़ी संख्या में बेंच डेस्क की भी खरीदारी की गई है। सरकारी विद्यालय में कराए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य एवं आपूर्ति किए जा रहे बेंच टैक्स से संबंधित शिकायत के लिए विभाग द्वारा पोर्टल विकसित किया गया है। जिस पर आमलोग,संवेदक, ठेकेदार,आम नागरिक,सरकारी कर्मी और पदाधिकारी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। बता दें कि इन दिनों विद्यालय के विकास को लेकर सरकार की ओर से रुपया आवंटित किए जा रहे हैं। विकास कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग को लेकर विभाग से आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा विकसित किए गए पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। वेबसाइट पर पेज ओपन कर ऑप्शन पर क्लिक करने पर एक पेज ओपन हो जाएगा। जिस पर शिकायत नंबर डाल सर्च करने पर शिकायत की वास्तविक स्थिति की जानकारी शिकायतकर्ता को प्राप्त होगी। इसके लिए शिकायतकर्ता को किसी कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

24 घंटे काम करेगा पोर्टल ,शिकायत पर कार्रवाई

शिक्षा विभाग द्वारा गड़बड़ी की शिकायत के लिए पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पर लोगों को 24 घंटे शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिलेगी। बता दें की शिक्षा विभाग विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को सही करने में जुटा हुआ है। विद्यालय में सुविधाओं की बढ़ोतरी की जा रही है। विद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य में कई जगहों पर मानकों को अनदेखी करते हुए काम कराया जा रहा है।

विभाग द्वारा कराये जा रहे काम पर सवाल भी उठते रहे हैं।काम की गुणवत्ता सहित अन्य काम पर सवाल उठने के बाद स्थानीय स्तर पर इसका जवाब नहीं मिल पाता था। विद्यालय में आपूर्ति किए गए बेंच डेक्स की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए हैं। जिले के विद्यालयों में बेंच डेक्स उपलब्ध कराने की योजना बनी थी ताकि सभी विद्यालयों में बेंच डेस्क पर बैठ पठन-पाठन का कार्य कर सकें। कई स्कूलों में बेंच डेस्क की गुणवत्ता अच्छी नहीं है।इसको लेकर अक्सर छात्रों को परेशानी होती है।कहीं टूटा हुआ है तो कहीं पर्याप्त संख्या में नहीं है। स्कूलों में बेंच डेस्क नहीं मिलने की भी शिकायत आ रही है। जिस समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर नहीं हो पाया है।कुछ मामलों में तो बगैर बेंच डेस्क की उपलब्धता के ही पहले ही भुगतान करने का मामला भी सामने आया है।

# मछली मारने के दौरान डूबने से हुई मौत, परिजन में छाया मातम



प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) हरिपुर कला पंचायत अंतर्गत जेबीसी नहर साइफन से पूरब जलाशय में सोमवार को मछली मारने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते तब तक मछुआरे युवक गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद युवक की शव बरामद किया। जानकारी होते हीं जलाशय के पास परिवारजन और स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम करवाने की बात कही। लेकिन परिवारजन पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिस कारण पुलिस को खाली लौटना पड़ा। बताया गया कि तिनकोनमा वार्ड 14 निवासी दयानंद टुडू (32) वर्ष की डूबने से मौत हुई है। सोमवार को साइफन से पूरब जलाशय में मछली मारने के क्रम में फिसलकर अधिक पानी में जाने से डूब कर मौत हो गई। घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। मातमी माहौल गमगीन है। पति की मौत से पत्नी रीना बास्की बेसुद है। लगभग आठ साल की एक बेटी है। प्राप्त सूचना पर एसआई नदीम अख़्तर अन्य पदाधिकारी दल बल के साथ पहुंचे थे। कहा कि मृतक के परिजन शव की पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है।

# तीन शराबी को गिद्धौर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौरः- थाना क्षेत्र के गिद्धौर बजार से गिद्धौर पुलिस ने तीन शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना के अवर निरीक्षक रामधारी महतो को गिद्धौर बजार से तीन व्यक्ति के द्वारा शराब के नशे हंगामा करने की सूचना मिली मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शराबी व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।जहां उनका चिकित्सकीय जांच करवा न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इधर गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि प्रमोद यादव, पिता तलेवर यादव ,मोनू यादव पिता लौंगी यादव ,सौरभ कुमार पिता गौरीशंकर सिंह ग्राम गिद्धौर के द्वारा नशे में बजार में हंगामा करने की सूचना मिली।वहीं पकड़कर थाना लाया गया जहां जांचोपरांत के बाद उसे न्यायिक हिरासत में आज भेज दिया गया। इस अभियान में अवर निरीक्षक रामधारी महतो के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# जदयू और राजद में सीधा मुकाबला होने का आसार

प्रात : किरण संवाददाता





आलमनगर (मधेपुरा) रोम पोप का मधेपुरा गोप का ये खास नारा मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र को लेकर चर्चित रहा है। जहां गोप यानी यादव मतदाताओं से है। राजनीतिज्ञ जानकारों की माने तो यादव वोटर ही यहां किसी भी दल के प्रत्याशी की किस्मत तय करते हैं। मधेपुरा लोकसभा से लालू प्रसाद यादव, दिवंगत नेता शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़कर संसद पहुंचे हैं। लालू प्रसाद और शरद यादव के बीच सीधी मुकाबला होने के बाद से यह लोकसभा क्षेत्र चर्चित है। यहां तीसरे चरण में आगामी 7 मई को मतदान होना है। जानकारी हो कि मधेपुरा लोकसभा के अंतर्गत 6 विधानसभा आते हैं। जिसमें सहरसा, महिषी, सोनवर्षा, मधेपुरा, आलमनगर, उदाकिशुनगंज शामिल है। एनडीए गठबंधन से दिनेश चंद्र यादव को जदयू से उम्मीदवार बनाया है। जबकि राजद ने कुमार चंद्रदीप को अपना उम्मीदवार बनाया है। यानी एक बार फिर दो यादवों के बीच सीधी टक्कर होने की बात कही जा रही है। हालांकि मतदाताओं की गोलबंदी एवं चुप्पी से सर समीकरण बनता और बिगड़ता दिख रहा है। सनद रहे कि 1998 और 2004 में लालू प्रसाद यादव मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। इस क्षेत्र से पप्पू यादव भी दो बार चुनाव जीत चुके हैं। इसके साथ ही इस क्षेत्र से चार बार शरद यादव जीते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो यहां से जनता दल यूनाइटेड के दिनेश चंद्र यादव ने जीत दर्ज की थी। दिनेश चंद्र यादव को 6,24,334 वोट मिले थे। राजद के टिकट पर चुनाव लड़े दिवंगत नेता शरद यादव को इस सीट पर लाख 3,22,807 वोट मिले थे। आरजेडी से अलग होकर अपनी अलग पार्टी बनाने वाले राजेश रंजन और पप्पू यादव को इस सीट पर 97,631 वोट मिले थे। 38,450 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था। 2019 में इस सीट पर 60 . 89% प्रतिशत मतदान हुआ था। कल 11 47,652 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। दूसरी और जातीय समीकरण पर नजर डाले तो यहां सबसे ज्यादा यादव वोटर हैं। इसके बाद मुस्लिम, ब्राह्मण और राजपूत वोटर हैं। इस सीट पर करीब 3.3 लाख यादव वोटर हैं। 1.8 लाख मुस्लिम मतदाताओं की संख्या है। ब्राह्मण वोटर की संख्या 1.7 लाख राजपूत वोटर की संख्या 1.1 लाख है। दलित 1.10 लाख, कुर्मी कोयरी वोटर की संख्या करीब 1.25 लाख है। अब देखना होगा कि वर्तमान सांसद दिनेश चंद्र यादव अपनी सीट बचाने में कहां तक कामयाब होते हैं। या फिर राजद के कुमार चंद्रदीप अपनी कुनबा के कुनबाई में कामयाब होंगे। हालांकि मधेपुरा लोकसभा में जातीय समीकरण चुनावी परिणाम की दिशा और दशा तय करती रही है इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

# अवैध बालू लोडेड 5 ट्रेक्टर को पुलिस ने किया जब्त



जमुई जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन के सफल नेतृत्व में बरहट,लक्ष्मीपुर और चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में अवैध बालू लोडेड 05 ट्रेक्टर को पुलिस ने मंगलवार को जप्त किया है। जिसमें बरहट थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव से बरहट थानाध्यक्ष कुमार संजीव ने 03 अवैध बालू लोडेड ट्रेक्टर को जप्त किया तो लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने 01 ट्रैक्टर को जप्त किया तो चंद्रमंडी थाना प्रभारी ने भी 01 अवैध बालू लोडेड ट्रेक्टर को जप्त किया है। सभी जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कारवाई की जा रही है।जिससे अवैध बालू करोवरियों में दहशत फैल गया है।

# शिक्षकों की लापरवाही से शिक्षा व्यवस्था धराशायी होने की कगार पर

प्रात : किरण संवाददाता

महनार । शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के कड़क तेवर के बावजूद शिक्षा विभाग में सुधार नही दिख रहा है। महनार के बालिका उच्च विद्यालय , बालक उच्च विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय , बालिका मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय संख्या 2 , बीएमसी विद्यालय, मध्य विद्यालय संख्या 3 इत्यादि विद्यालय में शिक्षक विलम्ब से आते है और समय से पहले प्रस्थान कर जाते है । शिक्षकों की कोई पहचान नही होती है कि वह शिक्षक है या आम आदमी। जब कोई पत्रकार या आमजनता उनसे पूछता है तो वह बोल देते हैं कि मैं भी आप के तरह आमजनता हूँ और किसी पेड़ की छांव में बैठ कर आराम करते रहते है एवं जब कोई अधिकारी निरीक्षण में आते है तो शिक्षक के रूप में अपना कार्य शुरू कर देते है । यह बहुरूपिये शिक्षक काफी खतरनाक होते है क्योंकि इनसे सवाल पूछने पर यह मारपीट करने तथा झूठा केस में फंसाने तक कि तैयारी कर लेते है। इन विद्यालयों में बच्चों को खुले प्रांगण में खाना खिलाया जाता है । बच्चे धूप से तो परेशान रहते ही है, साथ ही उड़ने वाले धूल उनके भोजन में गिरता रहता है और यही अस्वच्छ भोजन बच्चों को करना पड़ता है। इसको एकर पत्रकारों ने कई बार वीडियोग्राफी करने का प्रयास किया किन्तु विद्यालय का द्वार बंद कर बच्चों को खाना खिलाया जाता है और पत्रकारों को वरीय अधिकारी के आदेश का हवाला देते हुए एफआईआर करने की धमकी यह शिक्षक दे देते है, मतलब यह लोग चोरी करेंगे और पहरेदार को शोर भी नही करने देंगे। के के पाठक का आदेश है कि शिक्षक 15 किलोमीटर की परिधि में आवास लेकर रहेंगे ताकि वह ससमय विद्यालय पहुंच जाए और विद्यालय से नियत समय पर प्रस्थान करें किन्तु महिला व पुरुष शिक्षक तो अपनी जिद पर अड़े है और हाजीपुर एवं पटना से प्रतिदिन आना जाना करते है जिस कारण इन्हें विद्यालय पहुंचने में विलम्ब होता है , साथ ही रेल व बस पकड़ने की आपाधापी में वह लोग विद्यालय बन्द होने के काफी पूर्व ही विद्यालय से भाग जाते है। कई महिला शिक्षक तो पटना में अपने पति व बच्चो का नाश्ता एवं भोजन बना कर वहां से महनार स्थित विद्यालय के लिए चलती है। यदि यह लोग महनार में ही आवास ले कर रहने लगे तो यह लोग कई तरह की खतरा से भी बचेंगे और सही समय पर विद्यालय पहुंचेंगे तथा महनार के लोगों को इसका वाणिज्यिक लाभ भी मिलेगा किन्तु शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही से यह शिक्षक पढ़ाने पर कम तथा वेतन व अन्य वैध अवैध लाभ कमाने पर अधिक रुचि दिखाते है । इस सम्बंध में महनार की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से उनका पक्ष जानने हेतु उनकी सरकारी मोबाइल पर फोन लगाया गया किन्तु उनसे बात नही हो सकी।

# मैं कांग्रेसी हू, और मेरा हर कार्यकर्ता कांग्रेस की मदद को तैयार : पप्पू यादव



● पूर्णियां चुनाव के बाद मधेपुरा के पैतृक गांव पहुंचे पप्पू यादव

● 29 अप्रैल की देर शाम बुलाई कार्यकर्ता बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा पूर्णियां चुनाव के बाद अपने गांव पहुंचे जाप प्रमुख पप्पू यादव ने 29 अप्रैल को देर शाम अपने आवास परिसर में कार्यकर्ता बैठक बुलाई। दरअसल आयोजित बैठक में आगामी लोक सभा चुनाव और 2025 की विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर अहम चर्चा किया। बता दें इस दौरान जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने पूर्णियां चुनाव को लेकर राजद के युवराज सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना हीं जमकर अपनी भ्राष निकाली। उन्होंने कहा कि पूर्णियां में मुझे अपने गुर्गों से जान मरवाने और भद्दी भद्दी गाली दिलवाने का जो कुकृत्य किया है वो सबके सामने है। वहीं कोसी के मधेपुरा और सुपौल लोक सभा चुनाव के मुद्दे पर पप्पू ने तेजश्वी यादव पर जमकर प्रहार किया कहा कोसी और सीमांचल व मिथलांचल के सवाल पर हमारे कार्यकर्ता को जो सम्मान देगा उसके लिए हर संभव मदद को तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ व सिर्फ कांग्रेस के लिए कार्य करेंगे जहां कांग्रेस के लोग चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी हम तैयार है कड़ी से कड़ी मिलाकर रहने को। हम छपरा सिवान आदि जगहों पर भी जाएंगे लेकिन आपका घर घर और पप्पू के घर से सौतेलेपन पन का व्यवहार क्यों ? ये कहां का इंसाफ है? पूर्णियां में आप भाजपा के लिए वोट मांगेंगे तो सरकार किसकी बनेगी? आप क्या चाहते हैं देश सरकार भाजपा की बने राहुल गांधी नहीं? अगर ऐसा मनसा है तो बिलकुल नहीं चलेगा। एक सवाल पर पप्पू ने कहा कि वे लोक सभा चुनाव नहीं बल्कि 2025 की अपनी तैयारी कर रहे हैं यह लोक सभा चुनाव तो उनके लिए बेकआउट था। उनका ध्यान तो सिर्फ 2025 की चुनाव पर है।

# सर्पदंश के बाद अंधविश्वास के चक्कर में पड़ एक व्यक्ति ने गंवाई जान

● सर्पदंश के बाद समय पर अस्पताल पहुंचते तो बच सकती थी जान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- सांप काटने से किसी की जान न जाए इसके लिए सरकारी तौर पर और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार कोशिश होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सर्पदंश की स्थिति में लोग बगैर देरी किए अंधविश्वास को छोड़ अस्पताल पहुंचें और जरूरी दवाइयां लेते हुए डॉक्टर की देखरेख में इलाज करवाएं। लेकिन, इस आधुनिक युग में भी अक्सर वैसे उदाहरण सामने आ जाते हैं, जहां लोग अंधविश्वास की चक्कर अपनी जान गंवा देते हैं। जिले के खैरा प्रखंड के सिंगारपुर गांव में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां जहरीले सांप के काटने के बाद पीड़ित शख्स और परिवार वाले जहर का असर चढ़ने का इंतजार करते रहे। जब जहर शरीर में फैलने लगा तब भी लापरवाह दिखे। अस्पताल जाने के बजाय झाड़ फूंक के लिए तांत्रिक के पास चले गए। झाड़ फूंक के द्वारा जब शख्स सीरियस हो गया तब उसे अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी, जहां उसकी मौत हो गई और फिर परिवार वाले बेहाल हो गए। दरअसल, खैरा थाना इलाके की सिंगारपुर गांव का रहने वाले 40 वर्षीय महेंद्र मांझी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। बताया जा रहा है कि वह शौच के लिए खेत की तरफ गये थे, जहां उन्हें जहरीले सांप ने डस लिया। घर जाकर महेंद्र मांझी ने इसकी जानकारी परिवारवालों को दी फिर सांप काटने के बाद जहर का असर शरीर पर नहीं चढ़ते महेंद्र मांझी और परिवार वालों ने आशंका जाहिर की कि किसी विषहीन सांप ने उसे डंसा होगा। इस लापरवाही में वे लोग अस्पताल नहीं गए। लेकिन, कुछ घंटे के बाद जब जहर का असर शरीर पर चढ़ने लगा तब भी पीड़ित और उसके परिवार वाले इसे गंभीरता से नहीं लिए और जमुई शहर के नीमा मोहल्ले में एक तांत्रिक के पास झाड़ फूंक के लिए पहुंच गए। वहां घंटे तक सांप का जहर उतारने के लिए तांत्रिक झाड़ फूंक करते रहे। परिवारवाले भी इंतजार में थे कि वह ठीक हो जाएंगे, लेकिन देर हो जाने के बाद जब स्थिति बिगड़ने लगी, तब परिवार वाले महेंद्र मांझी को तांत्रिक के पास से जमुई सदर अस्पताल लेकर पहुंचे. लेकिन, सदर अस्पताल आने के पहले ही उस शक्स की मौत हो चुकी थी। इधर सदर अस्पताल के प्रबंधक रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यहां पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है। लोगों से अपील होगी कि सर्पदंश होने के बाद वाली स्थिति में लोग झाड़ फूंक से बचते हुए अस्पताल पहुंचें और अपनी जान बचाएं।

# स्कूल नहीं तो वोट नहीं, कई चौराहे पर लगाया बैनर

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) बसनवाड़ा पंचायत के वार्ड नंबर 5 बच्ची वासा में वर्ष 2016 में नव सृजित प्राथमिक विद्यालय का मंजूरी किया गया था जिसका आज आठ वर्ष हो गया है परन्तु आज तक विद्यालय का निर्माण नहीं हो पाया। जबकि विद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रयाप्त जमीन है। यहां से तीन किलोमीटर दूर मध्य विद्यालय तेलीहारी मे शिफ्ट है। जिस वजह से बच्चों को काफी परेसानी होती है। ग्रामीण फूलचंद सिंह, प्रद्युमन सिंह, श्याम सुंदर शर्मा, बिंदेश्वरी सिंह, विजय सिंह, महेश सिंह, पंकज सिंह, संजय सिंह, विलास सिंह, संजीत कुमार, सुधीर सिंह, बृजेश कुमार, सचिन सिंह विनय कुमार, रंजीत चौधरी, सुभक लाल सिंह, मुकेश कुमार, मुरारी सिंह, अजय सिंह, शंकर सिंह, विपिन कुमार, नवल किशोर सिंह, विपिन कुमार, प्रदीप चौधरी सहित सैकड़ो ग्रामीण ने मिलकर यह निर्णय लिया कि जब तक विद्यालय निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं उठाया जाता है तब तक हम लोग वोट बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों के द्वारा गांव से निकलने वाले सभी चौराहे पर विद्यालय नहीं तो वोट नहीं वोट बहिष्कार का बैनर लगाकर आज लगातार 1 सप्ताह से प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना था कि भवन निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन मुहैया रहने बावजूद भी स्थानीय सफेद पोस लोगों के दबाव में इस गांव में स्कूल निर्माण नहीं होने दी जा रही है जिस वजह से पास के गांव जो लगभग दो से तीन किलोमीटर है वहां बच्चे को पढ़ने के लिए जाता है। इसलिए हमारे गांव में भी विद्यालय का निर्माण हो जबकि विद्यालय के निर्माण को लेकर कई बार जमीन का नापी एवं कई वरीय पदाधिकारी से गुहार स्थानीय विधायक से गुहार लगाने के बाद भी इस पर कोई अमल नहीं किया गया है। हम लोग तब तक मतदान का बहिष्कार करते रहेंगे जब तक हमारे गांव में भी विद्यालय का निर्माण नहीं हो जाएगा।

सम्पादकीय

# अब आरक्षण पर चुनाव!

अब विकास, भारत सरकार की प्रमुख उपलब्धियां, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और उसके प्रधानमंत्री की विराट, वैश्विक हैसियत और तीसरे स्थान की आर्थिक महाशक्ति बनने सरीखे मुद्दे तो नेपथ्य में चले गए हैं अथवा प्रसंगवश बन गए हैं, लेकिन आरक्षण एक राष्ट्रीय, केंद्रीय मुद्दा बन गया है। चूंकि आरक्षण सीधा संविधान और दलित, पिछड़ों, आदिवासियों, गरीबों से जुड़ा मुद्दा है, लिहाजा ग्रामीण स्तर पर भी लोग चिंता जताने लगे हैं कि क्या देश का संविधान बदल दिया जाएगा? तो फिर आरक्षण भी समाप्त किया जा सकता है? यह कांग्रेस और सहयोगी दलों की पहली चुनावी सफलता लगती है कि फिलहाल संविधान और आरक्षण राष्ट्रीय मुद्दे बन गए हैं। गली-गली, मुहल्ला-दर-मुहल्ला इनकी ही चर्चा है। लोग इन्हीं मुद्दों को लेकर आशंकित हैं। अभी यह तय नहीं है कि इनसे ध्रुवीकरण होगा, तो कितना होगा? लेकिन भाजपा देश के कटघरे में है, क्योंकि उसे ही जनता को पूरी तरह आश्वस्त करना है कि संविधान किसी भी स्थिति में बदला नहीं जाएगा और आरक्षण लागू है तथा जारी रहेगा। बल्कि उसका दुरुपयोग बंद कराया जाएगा। दरअसल बहस भाजपा सांसदों-अनंत हेगड़े और लल्लू सिंह-के बयानों से ही शुरू हुई कि 400 पार के नारे और लक्ष्य के मकसद क्या हैं? उसी के आधार पर कांग्रेस ने आरोप चस्पा करने शुरू किए कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा-संघ 400 सीटों का जनादेश इसलिए मांग रहे हैं, ताकि संसद में पर्याप्त बहुमत के जरिए संविधान बदला जा सके और आरक्षण भी समाप्त किया जा सके।

राहुल गांधी तो कहते रहे हैं कि भाजपा-संघ की बुनियादी सोच आरक्षण-विरोधी है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री और भाजपा के प्रचारक नेताओं के आरोप हैं कि पिछड़ों के आरक्षण की आड़ में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को ह्यपिछड़ाह्ण घोषित कर उन्हें आरक्षण दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने बाबा अंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को जिस तरह 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है, वह असंवैधानिक है। हम चुनाव के बाद इस मामले को देखेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, यह सर्वोच्च अदालत का भी फैसला है। कांग्रेस की वजह से ही अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में एससी, एसटी, ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं है। कांग्रेस और विपक्ष इसका जवाब दें। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के बेल्लारी में याद दिलाया कि जम्मू-कश्मीर में कभी भी आरक्षण लागू नहीं हो पाया था। भाजपा-एनडीए की सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया। उसके बाद ही भाजपा ने वहां आरक्षण लागू किया है। इस राजनीतिक बहस का जनता के मानस पर काफी असर पड़ेगा। इसका फलितार्थ यह भी हो सकता है कि जिन राज्यों में भाजपा ने 100 फीसदी सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया था, वहां यह सफलता मिलने के आसार कम होते जा रहे हैं। राजस्थान और उप्र इनके उदाहरण बताए जा रहे हैं। सत्ता-पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मात्र दो ही मुख्य प्रचारक हैं, जो जनता को आश्वस्त करने में जुटे हैं कि लोकतंत्र और संविधान को कुछ नहीं होने वाला है। उनके अलावा, आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने भी सफाई दी है कि संघ ने हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का समर्थन किया है।

जब तक संवैधानिक तौर पर आरक्षण अनिवार्य लगे, तब तक यह जारी रहना चाहिए। राहुल गांधी को संघ प्रमुख के बयान पर भरोसा नहीं है, क्योंकि बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान 2015 में संघ प्रमुख ने कहा था कि आरक्षण की समीक्षा की जानी चाहिए। उस बयान के बाद भाजपा के लिए चुनाव पर पानी फिर गया था। अभी उप्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश आदि राज्यों में मतदान होने हैं। केरल की 20 सीटों पर मतदान हो चुका है। इन राज्यों में मुसलमानों की आबादी काफी है। यदि मुस्लिम आरक्षण एक चुनावी मुद्दा बनता है, तो उससे गैर-मुस्लिम एकजुट हो सकते हैं। भाजपा भी ऐसा करने में जुट सकती है, लिहाजा आरक्षण ही चुनावी मुद्दा बनकर अगले चरणों के मतदान को प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर एक वर्ग ऐसा भी है जो चाहता है कि आरक्षण आर्थिक आधार पर दिया जाना चाहिए। इससे सभी जातियों के गरीब लोगों को आरक्षण मिल जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि अगर कोई ऐसा करना चाहता है, तो उसे रोक दिया जाता है।

# विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

**अवधेश कुमार**

आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा। पिछले महीने ही सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया था। वस्तुतः शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है। सामान्यतः यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार-बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सर्वोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकीं हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया। ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साखविहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार, विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्र बनाए रखना अद्भुत सफलता है। यही सच भी है। अनेक देशों ने हमारे चुनाव आयोग और एवं का सहयोग लेकर अपने यहां भी चुनाव संपन्न कराए हैं, लेकिन हमारे यहां के राजनीतिक दल, उनसे जुड़े वकील, कुछ एक्टिविस्ट, एकेडमिशियन, एक्टिविस्ट वकीलों का एक बड़ा वर्ग ईवीएम के विरुद्ध किसी न किसी तरह न्यायालय का उपयोग करते हुए या अन्य माध्यमों से अपना अभियान चलाते रहते हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनाव के पहले लंदन से लेकर अमेरिका जैसे देशों में भारत के ईवीएम को लेकर डेमो हो रहा है, बयान दिए जा रहे हैं। यह बात अलग है कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को जब भी चुनौती दी कि आइए हमारे समक्ष एवं से छेड़छाड़ साबित करिए तो कोई नहीं गया। जिस आम आदमी पार्टी के नेता पत्रकार वार्ता में एक नकली ईवीएम लेकर इसमें छेड़छाड़ साबित कर रहे थे वह भी चुनाव आयोग तक नहीं पहुंचे। साफ है कि इसके संबंध में जो भी आशंकाएं उठाई गई? वो निराधार हैं। वर्तमान मामले में ही अलग-अलग तरह के तर्क दिए गए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से प्रस्तुत याचिका में वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रस्तुति भी दी जिसमें साबित किया गया कि ईवीएम विसनीय प्रणाली नहीं है और हमें मत पत्रों से चुनाव की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने यह भी विकल्प दिया कि अगर ईवीएम से करना ही है तो वीवीपैट की बनावट ऐसी हो कि उसमें से हर मतदाता को उनके वोट की पर्ची मिल जाए। जब उन्होंने पश्चिम जर्मनी का उदाहरण दिया तो उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि वहां की आबादी कितनी है। सच है कि 7-8करोड़ आबादी वाले देश का उदाहरण 98 करोड़ से ज्यादा मतदाता वाले देश के संदर्भ में देना स्वीकार नहीं हो सकता। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि मत पत्रों से मतदान के दौरान क्या होता था यह हमें याद है और बताने की आवश्यकता नहीं। इसी तरह न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि समस्या मशीन में नहीं है समस्या मानवीय व्यवस्था में होती है। समस्या यह है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार खोने और जनता द्वारा समर्थन न मिलने के कारणों को समझने की बजाय यह मन कर चल रहे हैं कि भाजपा ने चुनाव आयोग को नियंत्रण में ले लिया है और उसके माध्यम से ईवीएम में छेड़छाड़ कर कर चुनाव जीत रही है। आप देखेंगे कि भारत में भाजपा विरोधियों द्वारा

# सिर्फ रश्म अदायगी भर नहीं है अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**यह दृष्टिकोण समाज के नव निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को नजर अंदाज करने वाला है। लिहाजा तब मैं अपने कतिपय सवालों से उन्हें यह समझाने में कामयाब रहा कि श्रम का सामाजिक महत्व है और श्रम की बदौलत ही समाज और सभ्यता-संस्कृति का निर्माण होता है। श्रम के बिना विकास का हर माडल अधूरा है। 1ली मई ,यानि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मुझे यह पुरानी बातें बरबस याद आ गईं। आज अपने देश में मजदूरों की जो दशा है, ,वह बेहद चिंताजनक है। मजदूर दिवस पर सरकारी तंत्र मजदूरों के हक और उसके कल्याण की बातें तो खूब करता है लेकिन साल के शेष364दिन उनकी सुध तक नहीं लेते। मजदूरों के तमाम अधिकार आज एक-एक कर छीने जा रहे हैं।ठेके पर बहाली की नई व्यवस्था के चलते पेंशन समेत अन्य सुविधाओं से उन्हें वंचित किया जा रहा है। ।तालाबंदी और छंटनी की तलवार उनपर हमेशा लटकती रहती है। आंगनबाड़ी सेविका , मध्यान्ह भोजन रसोईया,आशा कार्यकर्ता ,बैंक ,बीमा , डाकघर , टेलिफोन के कर्मचारी ,संविदा पर बहाल कर्मियों आदि को समान काम के बदले समान वेतन व सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जब ये अपने बुनियादी हक के लिए आवाज बुलंद करते हैं तो उसे बड़ी बेरहमी से कुचल दिया जाता है। जेलों में बंद कर दिया जाता है और मुकदमा चला कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की साज़िश की जाने लगती है, तो फिर ऐसे में मजदूर दिवस मनाना बेमानी -सा लगने लगता है। मजदूर दिवस अब सिर्फ रश्म अदायगी बनकर रह गया है। हुक्मरानों को मजदूर दिवस मनाएं जाने के पीछे की कहानी भले ही न मालूम हों लेकिन, वे इस दिन बातें बड़ी -बडी करेंगे।**





**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

कई बर्ष पहले कक्षा में पढ़ाते हुए मैंने छात्रों से एक सवाल पूछा था - मजदूर श्रम क्यों करता है? तब छात्रों ने जवाब दिया था - पना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए। श्रम और श्रमिकों के प्रति उनका यह दृष्टिकोण व्यावहारिक किंतु पूरी तरह अवैज्ञानिक है। यह दृष्टिकोण समाज के नव निर्माण में श्रमिकों की भूमिका को नजर अंदाज करने वाला है। लिहाजा तब मैं अपने कतिपय सवालों से उन्हें यह समझाने में कामयाब रहा कि श्रम का सामाजिक महत्व है और श्रम की बदौलत ही समाज और सभ्यता-संस्कृति का निर्माण होता है। श्रम के बिना विकास का हर माडल अधूरा है। 1ली मई ,यानि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मुझे यह पुरानी बातें बरबस याद आ गईं। आज अपने देश में मजदूरों की जो दशा है, ,वह बेहद चिंताजनक है। मजदूर दिवस पर सरकारी तंत्र मजदूरों के हक और उसके कल्याण की बातें तो खूब करता है लेकिन साल के शेष364दिन उनकी सुध तक नहीं लेते। मजदूरों के तमाम अधिकार आज एक-एक कर छीने जा रहे हैं।ठेके पर बहाली की नई व्यवस्था के चलते पेंशन समेत अन्य सुविधाओं से उन्हें वंचित किया जा रहा है। ।तालाबंदी और छंटनी की तलवार उनपर हमेशा लटकती रहती है। आंगनबाड़ी सेविका , मध्यान्ह भोजन रसोईया,आशा कार्यकर्ता ,बैंक ,बीमा , डाकघर , टेलिफोन के कर्मचारी ,संविदा पर बहाल कर्मियों आदि को समान काम के बदले समान वेतन व सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जब ये अपने बुनियादी हक के लिए आवाज बुलंद करते हैं तो उसे बड़ी बेरहमी से कुचल दिया जाता है। जेलों में बंद कर दिया जाता है और मुकदमा चला कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की साज़िश की जाने लगती है, तो फिर ऐसे में मजदूर दिवस मनाना बेमानी -सा लगने लगता है।

मजदूर दिवस अब सिर्फ रश्म अदायगी बनकर रह गया है। हुक्मरानों को मजदूर दिवस मनाएं जाने के पीछे की कहानी भले ही न मालूम हों लेकिन, वे इस दिन बातें बड़ी -बडी करेंगे। इसलिए जरूरी इस बात की है कि 1ली मई के उस महत्व को समझा जाए ,जिसकारण यह दिन इतिहास में अमर हो गया । 1ली मई का दिन मजदूरों के वीरतापूर्ण संघर्ष और उनकी कुबार्नी का इतिहास है। 19वीं शताब्दी में यूरोप और अमेरिका के उद्योगपतियों और उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध सरकारें मजदूरों को 12 घंटे काम करने के लिए मजबूर करती थीं। इसके विरोध में तब मजदूरों ने 8 घंटे काम की आवाज बुलंद की। अपनी मांगों को लेकर 1856 में आस्ट्रेलिया में पहली बार मजदूरों की हड़ताल हुई थी। दूसरी हड़ताल 1862 में अपने देश में हाबडा के 1200 रेल मजदूरों ने की थी। इसके बाद 1886 में 1ली मई को अमरीका के मजदूरों ने 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। इस सफल हड़ताल से पूंजीपति वर्ग बौखला गया और शिकागो शहर के हे मार्केट -चौक में मजदूरों की शांतिपूर्ण सभा के दौरान गोलियां चलवाई गई। मजदूरों के खून से उनका झंडा लाल हो गया था। अनेक मजदूर घायल हुए और अनेक गिरफ्तार कर लिए गये। बाद में उनपर झूठे आरोप लगाकर मुकदमें चलाए गए। 4मजदूर नेताओं को फांसी की सजा हुई। तमाम तरह के दमन और उत्पीड़न के बाबजूद मजदूरों ने हार नहीं मानी। वे एक जुट होकर लगातार संघर्ष करते रहे और अपना हक लेकर ही दम लिया। फेड्रिक एंगल्स के आह्वान पर 1890 में 1 मई का दिन सारी दुनिया में मजदूर दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उसी संघर्ष का परिणाम है कि मजदूरों के लिए 8 घंटे कार्य दिवस का कानून बना जो आज भी लागू हैं। इस तरह देखा जाए तो मजदूरों के व्यापक हित में जितने भी कानून बने हैं, वे सब इनके पूर्वजों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। इस संघर्ष के 134 साल बाद आज भी कमोवेश वहीं हाल पैदा हो गया है। पूंजीपति वर्ग अपने फायदे के लिए किसी भी हद तक जा रहे हैं और हमारे हुक्मरान कारोबारियों के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। स्थिति यह है कि आज पूंजीपति वर्ग मजदूरोंके हित में बने तमाम कानूनों की धज्जियां उडा रहे हैं। भारत में उदारीकरण ने मालिक और मजदूर दोनों को एक -दूसरे के विरोध में ला खड़ा कर दिया है। एक (मजदूर वर्ग )अपनी श्रम शक्ति बेचता है और दूसरा मालिक (पूंजीपति वर्ग) श्रम शक्ति खरीदता है। इसका परिणाम यह हुआ है कि इस क्रय -बिक्रय से जहां पूंजीपति वर्ग लगातार अमीर होता जा रहा है , वहीं मजदूर दिन व दिन मजबूर होता जा रहा है। शोषण मूलक पूंजीवादी व्यवस्था को तो लाया गया था आर्थिक मंदी से उबारने के लिए लेकिन हो रहा है इसका उल्टा। इन्हीं नीतियों के चलते आज शिक्षा और स्वास्थ्य आम आदमी की पहुंच से लगातार दूर होता जा रहा है। आर्थिक ,सामाजिक ,नैतिक और सांस्कृतिक संकट चरम पर है। मजदूर -कर्मचारियों की नौकरियां छीनी जा रही हैं।सेवा क्षेत्र का निजीकरण, व्यापारीकरण किया जा रहा है। कर्मचारियों का पेंशन बंद कर उनके वेतन से अंशदान के रूप में कुछ राशि काटकर पेंशन की नई योजना शुरू की गई है।इसके विपरीत सांसद , विधायक और मंत्री का पेंशन और अन्य सुविधाएं काफी बढ़ा दी गई है। यह हमारी सरकार की मजदूर -कर्मचारी विरोधी नीति नहीं तो और क्या है?

जाहिर है,1886 में मजदूरों का जितना शोषण हो रहा था,आज उससे कहीं ज्यादा हो रहा है। भवन निर्माण कारीगर ,मजदूर ,मिस्त्रियों के कल्याण एवं बोर्ड में उनके निबंधन की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि वे अपना पंजीयन भी नहीं करा पाते और उससे मिलने वाले लाभ से वंचित रह जाते हैं। मजदूर विरोधी मानसिकता का ही परिणाम है कि यदि कभी कोई मजदूर संगठन यदि अपने हक की आवाज बुलंद करना चाहता है तो उसमें फूट पैदा कर दी जाती है।जाति ,धर्म , सम्प्रदाय और क्षेत्रवाद के खेमों में बांट कर मजदूरों की एकता को खंडित कर दी जाती है।यह पूंजीपतियों की एक खतरनाक चाल है जिसे समझने की जरूरत है। मजदूर चाहे दुनिया के जिस क्षेत्र का हो ,उसका हित समान है।वे आपस में कभी लड़ना नहीं चाहते। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का यही संदेश है कि मजदूर वर्ग पूंजीपतियों और उनके नुमाइंदे सत्ताधीशों के वर्ग चरित्र को समझें और अपने हक के लिए आपस में चट्टानी एकता कायम करें। क्योंकि फौज हक को कुचल नहीं सकती,फौज चाहे किसी यजीद की हो। उठती है लाश अलम बनकर ,लाश चाहे किसी शहीद की हो।

# मजदूरों का योगदान समाज की रीढ़ के समान है : निरंजन कुमार

**मजदूर दिवस का आयोजन पहली बार 1 मई, 1886 को हुआ था। भारत में मजदूर दिवस का पहला आयोजन 1 मई, 1923 को हुआ था। इस दिन को विश्वभर में मजदूरों के अधिकारों की समर्थन और सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। 1886 में 1 मई को ही अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया था। उनकी मांग थी कि मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित किया जाए और हफ्ते में एक दिन छुट्टी हो। इससे पहले मजदूरों के लिए कोई समय-सीमा नहीं थी। उनके लिए कोई नियम-कायदे ही नहीं होते थे। लगातार 15-15 घंटे काम लिया जाता था। आज से करीब 138 साल पहले शिकागो का यह प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने 4 मई को पुलिस को निशाना बनाकर बम**





**निरंजन कुमार**
**अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय**

मजदूर दिवस को विश्वभर में 1 मई को मनाया जाता है। यह एक अंतरराष्ट्रीय पर्व है जो मजदूरों के अधिकारों को समर्थन और महत्व देने के लिए स्थापित किया गया है। मजदूर दिवस का आयोजन पहली बार 1 मई, 1886 को हुआ था। भारत में मजदूर दिवस का पहला आयोजन 1 मई, 1923 को हुआ था। इस दिन को विश्वभर में मजदूरों के अधिकारों की समर्थन और सुरक्षा के लिए मनाया जाता है। 1886 में 1 मई को ही अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया था। उनकी मांग थी कि मजदूरी का समय 8 घंटे निर्धारित किया जाए और हफ्ते में एक दिन छुट्टी हो। इससे पहले मजदूरों के लिए कोई समय-सीमा नहीं थी। उनके लिए कोई नियम-कायदे ही नहीं होते थे। लगातार 15-15 घंटे काम लिया जाता था। आज से करीब 138 साल पहले शिकागो का यह प्रदर्शन उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने 4 मई को पुलिस को निशाना बनाकर बम फेंका। पुलिस की जवाबी फायरिंग में 4 मजदूरों की मौत हो गई और करीब 100 मजदूर घायल हो गए। इसके बाद भी आंदोलन चलता रहा। 1889 में जब पेरिस में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉन्फ्रेंस हुई तो 1 मई को मजदूरों को समर्पित करने का फैसला किया। इस तरह धीरे-धीरे पूरी दुनिया में 1 मई को मजदूर दिवस या कामगार दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत हुई। यह आंदोलन अंततः 8 घंटे की कामकाजी समयशृंखला के अंतर्गत होने वाले मजदूरों की हत्या के बाद हिस्सेदार हुआ, और यह दिन अंततः मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। मजदूरों का योगदान समाज की आधारशिला होता है। वे उन लोगों में से हैं जो दिन-रात मेहनत करके अपने परिवार को पालने और समृद्धि में मदद करने में लगे होते हैं। उनका योगदान सिर्फ अपने परिवार के लिए ही नहीं होता, बल्कि समाज के उत्थान और विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। मजदूरों का योगदान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में दिखाई देता है। उन्हें निर्माण, कृषि, उद्योग, और सेवा क्षेत्रों में देखा जा सकता है, जहां उनके प्रयास और मेहनत से ही समाज का विकास संभव होता है। वे नए इंफ्रास्ट्रक्चर की रखरखाव, उत्पादन की प्रक्रिया, और लोगों की सेवा में अपना योगदान देते हैं। मजदूरों का योगदान समाज के अर्थव्यवस्था में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके मेहनती प्रयासों से ही उत्पादन और उत्थान संभव होता है। वे न केवल अपने परिवार को पालते हैं, बल्कि अपने योगदान से समाज को भी स्थिरता और आर्थिक वृद्धि की दिशा में मदद करते हैं। हालांकि, मजदूरों का योगदान महत्वपूर्ण होता है, लेकिन वे अक्सर अपने अधिकारों के अभाव में अन्याय का शिकार होते हैं। उन्हें कम वेतन, असुरक्षित काम की शर्तें, और अन्य सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बाल श्रम, मजदूरों की सुरक्षा की कमी, और अन्य सामाजिक और आर्थिक समस्याएं उनका जीवन कठिन बना देती हैं।

मजदूरों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई कानून और समझौते हैं जो उनके अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए बनाए गए हैं। यहाँ कुछ मुख्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानूनों का उल्लेख हैः- अंतरराष्ट्रीय कार्य संगठन (क्छड) के कानूनः अंतरराष्ट्रीय कार्य संगठन (क्ल्ल३ी१ल्लां३्रल्लं' छुंङ्ग४१ ड१ॅल्ल९ं३्रल्ल) के द्वारा कई कानून और समझौते बनाए गए हैं जो मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए हैं। इसमें कामकाजी स्थितियों, मजदूरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य, और श्रम संबंधी न्याय के मामले शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकारः कई अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार संधियों और समझौतों में मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी प्रावधान है। इनमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता, व्यावसायिक संगठन की स्वतंत्रता, और शोषण के खिलाफ लड़ाई की मुख्य बातें शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक निमार्णः कई विशेष अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक निर्माण अनुसंधानों, शिक्षा, और अन्य क्षेत्रों में श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण की देखरेख करते हैं। विश्व व्यावसायिक निर्माण संगठनः यह संगठन भी मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए काम करता है और अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों को अमल में लाने में सहायक होता है।

भारतीय संविधान में मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई धाराएं और निर्देश शामिल हैं। यहाँ कुछ मुख्य धाराएं और अनुच्छेदों का उल्लेख हैः- अनुच्छेद 14 में समान अवसरों की व्यवस्था, समानता, और निष्पक्षता की बात की गई है, जिससे मजदूरों को अधिकारों की सुरक्षा मिले। अनुच्छेद 23 में श्रमिकों के बच्चों के खिलाफ श्रम के प्रति प्रतिबंध लगाने की बात की गई है, जिससे बालश्रम को रोका जा सके।अनुच्छेद 24 में निर्माण, उद्योग, और किसी अन्य व्यवसाय के कार्यालय में कर्मचारियों के लिए उचित वेतन और अन्य सुविधाओं की बात की गई है। अनुच्छेद 39 में निर्माण, उद्योग, और अन्य संगठनों में काम करने वाले लोगों के लिए उचित वेतन, स्वस्थ्य, और श्रम से संबंधित सुविधाएं प्रदान करने की बात की गई है। अनुच्छेद 41में श्रमिकों को आधारिक जीवन के लिए उचित विकास और सुविधाएं प्रदान करने के लिए संचालन द्वारा निर्धारित प्रयास की बात की गई है। भारत में मजदूरों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई कानून हैं, जैसे- कामगारों के विरुद्ध अत्याचार निवारण अधिनियम, 2013, मजदूरी कानून, 1926, मजदूरों के लिए पेशेवरी के विपरीत लाभ अधिनियम, 1976, मजदूरों के लिए एकीकरण कानून, 1979, श्रम संगठन और योगदान अधिनियम, 1958, मजदूरों के वेतन अधिनियम, 1936 । मजदूरों का योगदान समाज के लिए अभूतपूर्व महत्व रखता है। उनके बिना, कोई भी समाज समृद्ध और समर्थ नहीं हो सकता। वे समाज का आधार होते हैं, और उन्हें सम्मान और समर्थन की आवश्यकता है। हमें उनके सम्मान और समर्थन का अभाव दूर करना चाहिए, और उनके अधिकारों की सुरक्षा के करनी चाहिए।

# विघटनकारी नहीं संगठनकारी है भाजपा का एजेंडा

**संजय गोस्वामी**

चुनाव में एजेंडा हर कोई अपने अनुसार सेट कर रहा है जब और दलों द्वारा इससे भी खतरनाक एजेंडा हो तो किसी एक पार्टी पर ऊँगली नहीं उठाया जाना चाहिए व्यापक अर्थ में साम्प्रदायिकता का अर्थ है ह्लअपने समुदाय के प्रति गहरा लगावह्व। सांप्रदायिकता एक विचारधारा है, जो समुदाय को एकजुट करने के लिए, समुदाय के भीतर के विवादो को दबाती है और अन्य समुदायों के खिलाफ उस समुदाय की आवश्यक एकता पर जोर देती है। इस तरह, यह रूढ़िवादी सिद्धांतों, असहिष्णुता और अन्य धर्मों से घृणा को बढ़ावा देती है और इस प्रकार, समाज और देश को विभाजित करती है। सांप्रदायिकता, भारतीय संदर्भ में, किन्ही दो बिलकुल भिन्न समूहों के बीच धार्मिक मतभेदों की घटना के रूप में सबसे अधिक माना जाता है, जो अक्सर तनाव और यहां तक कि उनके बीच दंगा भी करवा देता है। सांप्रदायिकता एक धार्मिक समूह के खिलाफ रोजगार या शिक्षा जैसे मामलों में भेदभाव से ज्यादा है। भारत में, सांप्रदायिकता तब उत्पन्न होती है जब दो समुदायों के बीच सामाजिक-आर्थिक असमानता के कारण और कुछ रियायतों की मांग के लिए धर्म का उपयोग मुख्य रूप से किया जाता है।

सांप्रदायिकता धर्म में राजनीतिक व्यापार के रूप में होती है। यह एक विचारधारा है जिस पर सांप्रदायिक राजनीति आधारित है और साम्प्रदायिक हिंसा साम्प्रदायिक विचारधारा का ही अनुमानित परिणाम हैं। सांप्रदायिकता अनिवार्य रूप से हिंसा की ओर ले जाती है क्योंकि यह पारस्परिक धार्मिक घृणा पर आधारित है। यह घटना एक सांप्रदायिक संगठन और एक धार्मिक संगठन के बीच अंतर की ओर ले जाती है। जब सभी दल उसी विचाधारा पर चल रहें हैं तो किसी पर सांप्रदायिक होने का इल्जाम नहीं लगाया जा सकता है जब भारत का पहले का इतिहास देंखने पर ऐ ज्ञात होता है कट्टरपंथी ताकतों को सह ना देना यदि भाजपा सांप्रदायिक होती तो सभी उनके पर्व का छुट्टी बन्द कर देती और हिन्दू राष्ट्र घोषित कर देती लेकिन ऐसा नहीं किया हाँ इतना जरूर किया आतंकवाद पर लगाम दिया और अब कहीं आतंकवादी हमले नहीं हो रहें हैं और ना ही रेल में बम ब्लास्ट, भारत को हमेशा जोड़ने की कोशिश होनी चाहिए लेकिन एक दल ऐसा भी है जो तोड़ने की कोशिश लगातार कर रहा है कुछ नहीं बहुत से ऐसे लोगों को भी हमने देखा है जब इंडिया पाकिस्तान का मैच होता तो भारत के जितने पर मायूष हो जाते भविष्य की तरफ देखें किस तरह एक वर्ग ड्रीम 2047 पर इस्लामिक देश बनाने की साजिश रच रहा है अतः हमेशा हमें भारत माँ को अपनी माँ की तरह समझना है पार्टियों को नहीं जो भी भारत माता की जय और बन्दे मातरम बोलेगा वही अपनी भारतीय होने का प्रमाण देगा.इस प्रकार की सांप्रदायिकता में एकजुटता और राजनीतिक स्वतंत्रता, आर्थिक प्रगति और गरीबी उन्मूलन के साझा देशभक्तिपूर्ण लक्ष्यों को बनाने के लिए विविध धार्मिक समुदायों के बीच बातचीत को बढ़ावा दिया जाता है। कट्टरपंथी बातचीत के किसी भी अवसर को सीमित कर दिया जाता है और एक दूसरे के लिए समूहों के अपरिवर्तनीय विरोध पर जोर दिया जाता है। अतः उस सोच को नहीं आने देना होगा ऐ तभी होगा जब सभी नागरिक भारत माता की जय बोलने को लेकर किसी प्रकार का कोई आपत्ति नहीं होगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन से संबंधित तैयारियों को लेकर की बैठक

● मतदान केन्द्रों पर एएमएफ, अर्द्धसैनिक बलों के आवासन, पोस्टल बैलट, लाइव वेबकास्टिंग एवं स्वीप को लेकर दिया महत्वपूर्ण दिशा निदेश



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर ने आज लोकसभा आम निर्वाचन को तैयारियों से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसकी एक-एक कर विधानसभा वार एवं प्रखंड वार समीक्षा की गई। जिन मतदानकेन्द्रों पर कमियां हैं, उन्हें 5 मई तक दुरुस्त करने का निदेश संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। शिक्षा विभाग के कनीय अभियंता को संबंधित प्रखंड मुख्यालय में कैम्प कर प्रखंड विकास पदाधिकारी की देख रेख में विद्यालय भवन में स्थित कमियों को दूर करने का निदेश दिया गया। चुनाव कार्य हेतु आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के लिए चिन्हित आवासन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में अलग अलग महिला एवं पुरुष शौचालय बनाने, पेयजल की मुकम्मल व्यवस्था तथा स्नानागार की व्यवस्था को ससमय सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

पोस्टल बैलट के माध्यम से मत देने हेतु फॉर्म 12-ऊ का वितरण बीएलओ द्वारा इसके लिए अर्हता प्राप्त दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के बीच किया गया है तथा इच्छुक मतदाताओं से वापस प्राप्त कर संकलित किया जा रहा है। सारण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये आज फॉर्म 12-ऊ वापस प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। नामांकन प्रारंभ होने के पांचवें दिन तक फॉर्म 12-ऊ वापस लिये जाने का प्रावधान है। महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 3 मई तक फॉर्म 12-ऊ संकलित किया जायेगा। सभी संबंधित सहायक निवार्ची पदाधिकारी को निर्धारित तिथि तक फॉर्म 12-ऊ संकलित कराने का निदेश दिया गया। जिला के लगभग 50 प्रतिशत मतदानकेन्द्रों पर मतदान के लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है सभी चिन्हित मतदान केंद्रों पर बिजली के तीन तीन सॉकिट की व्यवस्था सुनिश्चित रखने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत लगातार विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। मतदान हेतु शेष अवधि में जिला के सभी घरों में जा जाकर मतदाताओं को इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का आमंत्रण दिया जायेगा। इसके लिये व्यापक कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक पंचायत के लिए पंचायत सचिव /राजस्व कर्मचारी को नोडल बनाया गया है। शहरी क्षेत्र के लिये संबंधित टैक्स कलेक्टर को नोडल बनाया जा रहा है। प्रत्येक मतदानकेन्द्र में घर घर आमंत्रण देने हेतु स्थानीय सेविका, जीविका दीदी, आशा, शिक्षा सेवक, विकास मित्र आदि के बीच घरों को आवंटन किया जा रहा है। 3 मई से सभी संबंधित कर्मी सबद्ध घरों में जाकर घर के सभी मतदाताओं को उनके मताधिकार के उपयोग हेतु मतदान केंद्र पर आने का आमंत्रण देंगे। प्रत्येक दिन भ्रमण किये गए घरों के आंकड़ों का रिपोर्ट पंचायत के नोडल पदाधिकारी देंगे। जिसे जिला स्तर पर समेकित किया जायेगा। बैठक में नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अचानक लगी आग कोई हताहत नहीं

बेतिया(मोहन सिंह ).मझौलिया प्रखंड के हरिपकड़ी रोड स्थित सरेह में महोदीपुर भट टोला नहर मे अचानक लगी आग को स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया नहीं तो कितने लोगों का घर उजाड़ जाता.राजद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र मुखिया एवं ग्रामीणों द्वारा दिए गए सूचना पर थाना द्वारा अग्निशामक यंत्र एवं स्थानीय प्रशासन की पहुंचने के पहले ही आग पर काबू पाया गया.घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि दिन में ही लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर किसी किसान के द्वारा गेहूं का डंठल जलाया जा रहा था पछुआ हवा का झोंका इतना तेज था कि धीरे-धीरे महोदीपुर भट टोला नहर के पास आग की लपेट लगभग डेढ़ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए हरि पकरी मझौलिया सिवान तक पहुंच चुका था.बताया जाता है कि केवल कटा हुआ गेहूं का खेत ही था नहीं तो कितने लोगों का घर जल जाता.स्थानीय राजस्व कर्मचारी रघुनाथ चौधरी ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया.

### अगलगी मे आधा दर्जन घर जलकर राख

बेतिया(मोहन सिंह). बगहा एक प्रखंड के लगुनाहा चौतरवा पंचायत अंर्तगत चौबरिया वार्ड सोलह में मंगलवार की दोपहर आगलगी में आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए. प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेन्द्र राम के घर मे अचानक आग लगी देखते ही देखते राजेश राम ,राजकुमार राम सहित आधा दर्जन घर जलकर राख हो गया.आगलगी की सूचना पाते ही फॉयर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुँच आग बुझाने का काम किया. आगलगी मे महेंद्र राम की दो बकरी जल गई जबकि उनकी लड़की सरोज कुमारी की अगले वर्ष शादी होने को है. वही समाजसेवी दिनेश अग्रवाल ने घटना स्थल पर पहुँच अग्निपीड़ितों का हाल जाना तथा उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जितने लोगों की घर जली है और असहाय है उनकी लड़कियों की कन्यादान हम करेंगे.वही मुखिया प्रतिनिधि आनन्द शाही ने कहा कि अग्निपीड़ितों को मिलने वाली सरकारी लाभ जल्द से जल्द दिलाने की कोशिश कि जाएगी।

### चौकीदारों ने अविलंब वेतनवृद्धि का लाभ देने की मांग की

एकमा। एकमा थाने में पदास्थापित चौकीदारों ने वेतनवृद्धि का लाभ नही मिलने पर सारण जिलाधिकारी को आवेदन देकर अविलंब भुगतान के लिए पहल करने की गुहार लगाई है। चौकीदारों ने बताया कि वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 व 2023 तक वेतनवृद्धि का लाभ अभी तक नही मिला है। जबकि जिले के कई थानों के चौकीदारों को वेतनवृद्धि का लाभ पिछले माह में मिल चुका है। उक्त लाभ हमें नही मिलने के कारण पारिवारिक खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है।

### कई पेड़ जलकर हुआ नष्ट

भेल्दी ।स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव के बहेरा गाछी में आग लगने से हजार रुपए की मूल की.पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गई.आग इतना बीकरार रूप धारण कर लिया था की कई पेड़ पौधे को भी जला दिए दिया था इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को मिली तथा लोग बाल्टी लोट के सहार आग पर काबू पाए तभी फायर ब्रिगेड के गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया आग कैसे लगी इसकी पता नहीं चल पा रही है लोगों का कहना है कि बगीचे में बार-बार आग कैसे लग रहा है

### डॉ संजय जायसवाल ने किया नामांकन

बेतिया(मोहन सिंह). पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत लोकसभा चुनाव के नामांकन के दूसरे दिन पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल ने अपना पहला नामांकन दाखिल किया डॉक्टर जायसवाल नगर के कालीधाम स्थित मंदिर से अपने 10 हजार लावे लश्कर के साथ मां काली की पूजा अर्चना की और भारी जुलूस के शक्ल में समाहरणालय गेट तक पहुंचे और पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र के निवार्ची सह जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के समक्ष अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया. इस दौरान उनके पीछे वाहनों का एक लंबी कतार भी चल रही था. इस दौरान प्रदेश के दोनों. उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी,विजय कुमार सिन्हा लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान प्रदेश के मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री रेणु देवी राज्यसभा सदस्य सतीश चंद्र दुबे योगापट्टी विधायक विनय बिहारी चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह नौतन विधायक नारायण प्रसाद आदि भाजपा नेता मौजूद रहें.

# आरती साह रघुनाथपुर पंचायत की निर्विरोध उप मुखिया हुईं निर्वाचित



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल (रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय में हुए निर्वाचन में आरती साह रघुनाथपुर पंचायत की निर्विरोध उप मुखिया निर्वाचित हुई हैं। मंगलवार को रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय के सभागार में इसके लिए निर्वाचन का कार्य किया गया। निर्वाचन कार्य में इस पंचायत के 14 में से 11 वार्ड सदस्यों ने मतदान में भाग लिया इस निर्वाचन में वार्ड संख्या 3 की निर्वाचित वार्ड सदस्य आरती साह ने एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके विरोध में एक भी नामांकन नहीं पड़ा। निवार्ची पदाधिकारी ने निर्वाचन का सभी औपचारिकता का पूरा कर आरती साह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। निर्वाचन के दौरान पंचायत की मुखिया भी मौजूद रहीं उनके निर्विरोध निर्वाचन पर इनके पति सुजीत कुमार उर्फ साजन, मुखिया पति मो जाने आलम,मो रुहुल्लाह,वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,मो मंतसीर आलम, शमशुल होदा, इमरान अली, सोहैल अकरम, मो सज्जाद, तैयब मियां, राकेश सिंह, पन्नालाल राम, मो कलीम, हरिमोहन प्रसाद, शाहिद अख्तर, इश्तेखार अहमद विजय प्रसाद, संतोष प्रसाद मो अली केतन साह, आजाद राज इत्यादि ने बधाई व शुभकामना दी है।

# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते है:फादर हरमन



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया (घनश्याम ).लोयोला बालक मध्य विद्यालय चुहड़ी के शिक्षक रेजीनोल्ड अमर सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। वही विद्यालय के सचिव फादर हरमन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अमर सर अपने जीवन के सत्ताईस वर्ष लोयोला स्कूल के विद्यार्थियों को शिक्षा दान में दिया है। किसी भी सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। लेकिन हम सभी जानते है शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होते है क्योंकि वे अपने पूरा जीवन ज्ञान का प्रकाश फैलाने के लिए तत्पर रहते है वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक येसुदास ने कहा कि अमर सर विद्यालय में गणित और विज्ञान के शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। ये काफी सरल स्वभाव, मृदुभाषी होने के साथ-साथ, समय के काफी पाबंद और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे है। इनका कार्यकाल काफी शानदार और सम्मान जनक रहा। इनसे शिक्षा ग्रहण कर आज कई विद्यार्थी अलग- अलग जगहों पर सरकारी एवं प्राइवेट नौकरी कर रहें है। उन्होंने कहा लोयोला स्कूल परिवार सदैव अमर सर के योगदान के लिये आभारी रहेगा। वही सेवानिवृत्त शिक्षक अमर सिंह ने कहा मैं अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से ग्रहण किया हूँ। मुझे गर्व और खुशी है कि मैं इस विद्यालय में सत्ताईस वर्ष शिक्षण कार्य किया हूँ।

# कई गांवों का भ्रमण कर सिग्रीवाल ने नामांकन के दिन आने का दिया निमंत्रण पत्र



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल राजग कार्यकताओं संग जनसंपर्क 4 मई नामांकन निमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम अभियान के क्रम में गोपालपुर सात सराय मोहम्मदपुर सोन्धानी ब्रह्मस्थान भीखमपुर कोरिया उत्तरी सदर सुल्तानपुर बेलासपुर गांव के हर्षित जनता ने हजारों की संख्या में अभिनंदन किया ग्रामीण चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से सभा का आयोजन किया गया सभा में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो विकास का काम समाज के सभी वर्गों के लिए किया गया है मोदी जी के मजबूत नेतृत्व से देश आतंकवाद नक्सलवाद से मुक्त हुआ मोदी जी को जीतना निश्चित है घमंडी गठबंधन के पास नेता नहीं है जननायक कपूरी ठाकुर जी को भारत रत्न प्रत्येक बिहार का सम्मान हुआ महाराजगंज लोकसभा को जोड़ने वाला सभी एनएच से सभी गांव का संपर्क रोड बन गया है किसानों को किसान निधि का लाभ मिल रहा है महिलाओं को उज्जवला गैस का लाभ मिल रहा है प्रत्येक गांव में लाइन और बिजली का खंभा और बिजली उपलब्ध है 14 के पहले यह सब नहीं था तथा माननीय सांसद के प्रयास से जो विकास का काम किया गया उनकी चर्चा की गई विकास की गति को तेज करने के लिए जो अधूरे काम रह गए हैं उसे पूरा करना है आगामी 25 मई को कमल के फूल छाप पर वोट देने की अपील की 4 मई के नामांकन समारोह स्थल हरपुर शिवालय जलालपुर आकर आशीर्वाद प्रदान करने करें इस दौरान राजग कार्यकताओं ने सिग्रीवाल जी को गर्म जोशी के साथ स्वागत कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत पांडे पूर्व विधायक हेमनारायण शाह सुप्रिया जयसवाल शैलेंद्र कुशवाहा कालीचरण प्रसाद धर्मेंद्र समाज सकलदीप सिंह राकेश सिंह शशि जी दारा सिंह चंदन जी सियाराम प्रसाद सरोज तिवारी राजू तिवारी नागेंद्र तिवारी मनोज उदय महतो अभय सिंह राजग कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भ्रमण कर मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर । लोकसभा चुनाव की तैयारियों के अंतिम चरण मे प्रखंड के सभी पदाधिकारियो ने संयुक्तरूप से मतदान केंद्रो पर चुनाव को लेकर किए गए व्यवस्था का भ्रमण कर जाएजा लिया,जहा पदाधिकारियो ने अम्बेडकर भवन बनियापुर समुदायिक भवन मझवलिया समुदायिक भवन हुरहरा बनियापुर पुस्तकालय भवन साहित कई मतदान केंद्रो पर रैम्प,स्वच्छ पेय जल बिजली सकेट सहित की सम्पूर्ण व्यवस्था,हविलचेयर शौचालय ,चार पहिया वाहन आने जाने की सुविधा सहित समस्त व्यवस्था की जानकारी लिया ,जहा बीडीओ कपूर्री ठाकुर सीओ दीना नाथ कुमार थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार बी ई ओ रामनाथ बैठा बी एल ओ अलीमुल्लाह राजू कुमार राजीव पाठक योगिंद्र कुमार गयासुद्दीन सहित कई कर्मी शामिल थे।

# 2 मई को नामांकन करेंगे एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजीव प्रताप रूड़ी : रणजीत कुमार सिंह

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सारण के राजग (एनडीए)गठबंधन के प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के नामांकन एवं आशीर्वाद सभा के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने बताया कि राजग गठबंधन के प्रत्याशी श्री राजीव प्रताप रूढ़ी के नामांकन एवं आशीर्वाद सभा 2 मई दिन गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे दिन में होगी व तथा आशीर्वाद सभा राजेंद्र स्टेडियम के मैदान से होगी, जिसमें में राजग गठबंधन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश तथा जिला स्तर के गठबंधन के सभी साथी नेतागण नामांकन एवं आशीर्वाद सभा में उपस्थित रहेंगे जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी जी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा जी,पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ,पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ,जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ,बिहार सरकार के मंत्री व हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सुमन जी सहित जिले के एनडीए गठबंधन के सभी विधायकगण, पूर्व विधायकगण, वरिष्ठ नेतागण,पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह सभी सारणवासियों एवं एनडीए गठबंधन के सभी साथियों कार्यकताओं से नामांकन एवं आशीर्वाद सभा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की प्रार्थना एवं अपील की है।

# एकमा थाने के चौकीदार नारायण मांझी का निधन

प्रात : किरण, संवाददाता



एकमा। एकमा थाने में पदस्थापित चौकीदार परसागढ़ विशुन टोला निवासी लगभग 50 वर्षीय नारायण मांझी का सोमवार को उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके शव का दाह संस्कार रिविलगंज स्थित सरयु नदी के सेमरिया घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र पप्पू मांझी ने दी। चौकीदार नारायण मांझी के असामयिक निधन पर एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार व एसआई नीतू कुमारी समेत चौकीदार अशोक मांझी, जमादार मांझी, राजकुमार राय, राहुल कुमार सिंह, प्रदुमन तिवारी, मुन्ना प्रसाद, सुदीश मांझी, हरिमोहन मांझी, सुजीत कुमार मांझी, मुनचुन मांझी आदि ने शोक प्रकट किया है। थाने के चौकीदारों ने बताया कि नारायण मांझी काफी व्यवहार कुशल व काफी मिलनसार व्यक्ति थे। वे अपनी ड्यूटी के प्रति काफी सजग रहते थे।

# नर्मदेश्वर महादेव यज्ञ मे शिव भक्तों का बना है आकर्षण केन्द्र

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। सारण जिला स्थित गडखा के कोठियां-नरांव के नरांव टोला स्थित नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर परिसर मे चल रहे ग्यारह दिवसीय यज्ञ मे आम से खास लोग पहुंच रहे है ।प्रातः काल से हीं यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने व महादेव नर्मदेश्वर को जलाभिषेक करने प्रातः काल ब्रम्ह वेला से हीं भक्तो को परिक्रमा करते देखा जा रहा है ।एकादश दिवसीय रुद्र महायज्ञ मे नर-नारी बच्चों के सांथ 80-90 वर्ष के वृद्ध भीं लाठी के बल पर भगवान भोलेनाथ को रिझाने के लिए परिक्रमा करते देखे जा रहे है ।नई नवेली दुल्हन भी यज्ञ मे श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक करने व परिक्रमा करने पहुंच रही है ।पूजा-पाठ व जलाभिषेक के सांथ लोग हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे अखण्ड कीर्तन मे भीं हिस्सा लेकर पुण्य अर्जित कर रहे है ।विदित हो कि यज्ञ समिति द्वारा यज्ञ के सांथ अन्य जन कल्याण कारी व परमार्थ कार्य कराया जा रहा है ।इसी क्रम मे शिव भक्तो के लिए एकादश दिवसीय रुद्र महायज्ञ व राम-कृष्ण के भक्तो के लिए यज्ञ के सांथ 216 घंटे का नव दिवसीय अखण्ड कीर्तन कराया जा रहा है ।इसके अतिरिक्त दूर दराज के भक्तों के लिए नियमित भंडारा का प्रबंध किया गया है ।इसके अलावे सूर्यनारायण मंदिर सेवा समिति के सांथ सामंजस्य स्थापित कर आपात कालीन निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगवाया गया है ।इसके अलावे अनावरत प्रसाद वितरण व चौबीसो घंटो शीतल जल प्याऊ सेवा केन्द्र संचालित है।

# सारण जिला वैश्य महासभा ने सारण से एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को दिया अपना समर्थन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। सारण जिला वैश्य महासभा ने विज्ञप्ति जारी कर छपरा सारण के एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। दो मई को राजीव प्रताप रूडी के होने वाले नामांकन में सभी वैश्यों से बढ़कर भाग लेने की अपील की है। वैश्य समाज के सभी लोग नामांकन में बढ़-चढ़ कर कर भाग लेंगे। समर्थन करने वालो में गंगोत्री प्रसाद अधिवक्ता, सुपन प्रसाद बिहारी, छठी लाल प्रसाद, श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र साह, शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, राजू कुमार ब्याहुत, धर्मनाथ पिंटू, वरुण प्रकाश, मनीष कुमार जायसवाल, देवेश कुमार, जय प्रकाश गुप्ता, पिंटू कुमार गुप्ता, राजेश फैशन, ददन प्रसाद, संजीव कुमार, राजेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, राजेश नाथ प्रसाद, संजय कुमार आर्या, राज कुमार, सर्वेश कुमार, अजीत कुमार स्वर्णकार, सुजीत कुमार मोर, सुनील कुमार ब्याहुत आदि है।

# वाल्मिकीनगर विधायक एवं प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के शिष्ट मंडल ने की जिला शिक्षा पदाधिकारी से की मुलाकात



प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ).वाल्मीकिनगर विधायक रिंकू सिंह के साथ प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन का शिष्ट मंडल जिला सचिव सह एमजी पब्लिक हाई स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल्ला उर्फ अरशद सरहदी के नेतृत्व में मंगलवार को ज़िला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण से मुलाकात किया। विधायक श्री रिंकू सिंह ने ज़िला शिक्षा पदाधिकारी से गुहार लगाते हुए कहा कि यू डायस भरने वाले सभी स्कूलों को क्यू आर कोड अविलंब देने एवम आठवीं पास बच्चों का नामांकन हाई स्कूल में कराने :हेतु एक आदेश जारी किया जाए.वही सहानुभूति पूर्वक वार्ता करते हुए ज़िला शिक्षा पदाधिकारी ने 30 मई से पहले इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया.इस मौके पर ज़िला कोषाध्यक्ष सनत कुमार होत्री, नौतन कोषाध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह, नौतन प्रखण्ड सचिव नीरज श्रीवास्तव, मधुबनी प्रखण्ड अध्यक्ष कमलेश चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ऑनलाइन माध्यम से सॉफ्टकॉपी जमा कर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं : कुलपति

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा : जयप्रकाश विश्ववविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेयी द्वारा छात्र-छात्राओं को एक बड़ी सुविधा प्रदान की गई है। अब जयप्रकाश विश्ववविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिग्री हेतु अपने प्रमाणपत्रों की हार्डकॉपी विश्ववविद्यालय में जमा करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वे ऑनलाइन माध्यम से सॉफ्टकॉपी जमा कर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि पहले ऑनलाइन आवेदन और निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करने के बाद डिग्री हेतु आवश्यक दस्तावेजों की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में आकर जमा करना पड़ता था। छात्र-छात्राओं को इस कारण हो रही परेशानी की बात कुलपति के संज्ञान में जैसे ही आई उन्होंने निर्देश दिया कि दस्तावेजों की सॉफ्टकॉपी ऑनलाइन जमा कराने की व्यवस्था की जाय ताकि इस कार्य के लिए उन्हें विश्वविद्यालय में नहीं आना पड़े। इसके बाद यह सुविधा प्रारंभ कर दी गई है।

कुलपति प्रो. बाजपेई ने बताया कि यह प्रक्रिया काफी सरल भी है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को मूल प्रमाणपत्र के लिए बनाए गए वेबसाइट पर जाकर उसमें बताई गई विधि से सारे कॉलम को भरना होगा। यहीं पर मूल प्रमाणपत्र के लिए निर्धारित शुल्क भी जमा कर उसकी कॉपी प्रिंट कर लेनी है।

इसके पश्चात विश्ववविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर वहां मेन्यू ऑप्शन (ओरिजिनल डिग्री सर्टिफिकेट) पर क्लिक करना होगा। वहां गूगल फॉर्म दिखेगा जिसमें सारी प्रविष्टियां सही-सही भरनी हैं। फिर शुल्क वाले चालान, जिसे आवेदक द्वारा डाउनलोड कर प्रिंट कराया जा चुका होगा, उसके साथ अंतिम वर्ष की उत्तीर्ण परीक्षा का प्रवेश पत्र, अंकपत्र एवं पंजीयन रसीद को स्वअभिप्रमाणित कर तथा वहां अपना पूरा नाम हिंदी और अंग्रेजी में लिखकर पीडीएफ फाइल बनाकर उसे अपलोड कर देना होगा।

कुलपति की इस पहल से छात्र-छात्राओं में हर्ष है चूंकि पहले हार्डकॉपी जमा करने के लिए उन्हें दूर-दूर से विश्वविद्यालय आना पड़ता था और अब यही काम ऑनलाइन माध्यम से एक क्लिक करने से हो जाएगा।

# मझौलिया मे 18 माह से न्याय मित्र एवं ग्राम कचहरी सचिव का पद रिक्त होने से परेशानी

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ).मझौलिया प्रखंड मुख्यालय स्तिथ ग्राम कचहरी में पिछले 18 माह से न्याय मित्र एवं ग्राम कचहरी सचिव का जगह खाली रहने से ग्राम कचहरी के कार्यों में सरपंच को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस बाबत ग्राम कचहरी मझौलिया के सरपंच शिवजी राम ने बताया कि पिछले 18 माह से पंचायत ग्राम कचहरी में न्याय मित्र एवं सचिव का पद खाली होने से ग्राम कचहरी के अभिलेखों का संधारण करने नोटिस करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है.सभी काम मुझे ही करना पड़ रहा है साथ ही लोगों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता है.जबकि कई बार इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन से करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है. इसके पूर्व ग्राम कचहरी के न्याय मित्र स्वाति देवी का निधन हो जाने से आज तक यह पद खाली आ रहा है.उन्होंने समस्या का समाधान करने की मांग जिला पदाधिकारी से की है।

# दो घरों से नगदी समेत लाखों के जेवर की हुई चोरी

प्रात : किरण, संवाददाता



भेल्दी ।सरायबक्स गांव में सोमवार की रात चोरों ने दो घरों से नगदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के सरायबक्स गांव के मिथिलेश कुमार सिंह के घर के सभी परिजन मंगलवार की रात अपने-अपने कमरे में सोए हुए थे तभी अज्ञात चोरों ने घर के पीछे छत पर चढ़कर सीढ़ी के सहारे घर में प्रवेश कर गए और तीन कमरों में घूसकर अलमीरा व बक्से को तोड़कर करीब 50 हजार रूपए नगदी समेत सोने की टॉप्स,सिकड़ी,मंगटिका,अंगूठी,चांदी की पायल समेत करीब 4 लाख रूपए के जेवर की चोरी कर फरार हो गए ।चोरी की दूसरी घटना सरायबक्स गांव के ही योगेन्द्र सिंह के घर घटित हुई ।चोरों ने घर के दरवाजे के खुली खिड़की के सहारे भीतर से लगे दरवाजे को खोलकर घर के अंदर घूस गए और दो कमरे से ब्रीफकेश और ट्रॉली बैग को खोलकर 10 हजार नगदी समेत सोने के आभूषण की चोरी कर पिछले दरवाजे के सहारे फरार हो गए ।परिजन रात्रि में ही चोरी की सूचना भेल्दी पुलिस को दी ।घटना की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई ।समाचार प्रेषण तक थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकी है ।भेल्दी थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग काफी परेशान व भयाक्रांत हैं।



# विजय की फिल्म व्हिसल पोडु पर आया बड़ा अपडेट

साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म गोट- ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। हाल ही में फिल्म का पहला गाना व्हिसल पोडु रिलीज हुआ था, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया। वहीं अब फिल्म के निर्माता इसका दूसरा गाना रिलीज करने की तैयारी में हैं, जिसे लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। फिल्म के दूसरे गाने को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। वे इसके दूसरे सिंगल के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरे गाने के बारे में बात करते हुए निर्देशकों ने अब पुष्टि की है कि दूसरा एकल जून में रिलीज किया जाएगा। वहीं बात करें पहले गाने की तो कुछ दिन पहले निर्माताओं ने पहला सिंगल व्हिसल पोडु लॉन्च किया था। इस गाने को विजय ने खुद गाया था, जिसे युवान शंकर राजा ने कंपोज किया था। गाने में विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर के डांस मूव्स देखने को मिले थे।

इसके साथ ही वेंकट प्रभु ने फिल्म के टीजर और ट्रेलर के बारे में भी बात की। दरअसल, वेंकट प्रभु ने आज सुबह ट्विटर पर नेटिजन्स के साथ बातचीत की और इस दौरान विजय के प्रशंसकों ने कई अनुरोध किए। एक प्रशंसक ने वेंकट प्रभु से या तो एक झलक या एक टीजर जारी करने के लिए कहा, जिस पर निर्देशक ने कहा कि अभी कुछ भी जारी करना जल्दबाजी होगी। कहा जा रहा है कि गोट के एल्बम में सभी प्रमुख पात्रों के लिए कई लघु थीम गीतों के साथ चार गाने शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवान ने विजय की भूमिका के लिए एक सिग्नेचर थीम सॉन्ग बनाया है, जो प्रतिष्ठित मनकथा थीम की तर्ज पर है। यह फिल्म वेंकट प्रभु द्वारा लिखित और निर्देशित है। इस फिल्म के जरिए वेंकट प्रभु और विजय पहली बार साथ काम कर रहे हैं। गोट विजय की 68वीं फिल्म है। इसे एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन बैनर द्वारा नियंत्रित किया गया है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन-आधारित विज्ञान-फाई फिल्म होगी। इस फिल्म में विजय के अलावा माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज जैसे उनके निरंतर सहयोगी भी हैं। यह फिल्म पांच सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मैं आज जहां हूं सिर्फ और सिर्फ अपनी मेहनत के बदौलत हूं

तापसी पन्नू आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्म देने वाली तापसी के लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री अपने संघर्ष के दिनों को याद करती नजर आईं। साथ ही साथ उन्होंने बॉलीवुड के पैपराजी कल्चर पर भी अपनी बात को बेबाकी से रखा।

आखिरी बार तापसी पन्नू शाहरुख खान के साथ उनकी फिल्म डंकी में नजर आई थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद भी आया था। तापसी बॉलीवुड में अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर हैं। तापसी कहती हैं, मैंने अपने करियर के शुरुआत से ही अलग-अलग किस्म की भूमिकाओं को चुना है। तापसी पन्नू अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैंने फिल्म बेबी और नाम शबाना जैसी फिल्मों के एक्शन किया है। वहीं मैंने सांढ़ की आंख और मनमर्जियां जैसी फिल्में भी की हैं। मुझे अलग-अलग किरदार निभाने में काफी मजा आता है।

हसीन दिलरुबा स्टार तापसी पन्नू कहती हैं, आज मैं जहां हूं वहां पहुंचने के लिए मैंने काफी मेहनत की है। यह सफलता मुझे यूं ही नहीं मिल गई है। अब मैं जहां हूं वहां से मैं आराम से अपने करियर के साथ निजी जिंदगी पर भी ध्यान दे सकती हूं। करियर के साथ जिंदगी में संतुलन रहे यह भी जरुरी है। तापसी पन्नू अपनी निजी जिंदगी के बारे में सोशल मीडिया पर निजता बरतती हैं। वे अपनी जिंदगी से जुड़ी बातों को सबके साथ साझा करने में विश्वास नहीं करती हैं। वहीं बॉलीवुड में पैपराजी कल्चर के बारे में बात करते हुए कहती हैं, पैपराजी को कलाकारों की निजता का सम्मान करना चाहिए। उनकी भी एक जिंदगी है जो उनकी पब्लिक लाइफ से अलग होती है। कई बार पैपराजी इसे नहीं समझते हैं। तापसी पन्नू के वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी साल 2023 में डंकी फिल्म में नजर आई थीं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आने वाले दिनों में अभिनेत्री वो लड़की है कहां, खेल-खेल में और फिर आई हसीन दिलरुबा जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




# तय हुई अक्षय-तापसी की फिल्म खेल खेल में की रिलीज डेट?

अक्षय कुमार और तापसी पन्नू एक कॉमेडी फिल्म खेल खेल में के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म खेल खेल में की शूटिंग पिछले साल अक्तूबर में शुरू हुई थी। कुछ दिन पहले ऐसी खबरें आई थीं कि मुख्य कलाकारों ने शूटिंग पूरी कर ली है। अब खबर है कि फिल्म की रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज की तारीख 6 सितंबर, 2024 तय की गई है। खेल खेल में फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है।

# एक्टर या डायरेक्टर के आधार पर फिल्म की सफलता की गारंटी नहीं दी जा सकती

पॉपुलर एक्टर-म्यूजिशियन दिलजीत दोसांझ ने इस बात पर जोर दिया कि स्टार के आधार पर फिल्म या गाने की सफलता की गारंटी नहीं दी जा सकती। हाल ही में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर चमकीला और चार्टबस्टर हिट गाने देने वाले दिलजीत से सवाल किया गया कि क्या उन्हें लगता है कि यह उनका गोल्डन पीरियड चल रहा है क्योंकि वह जो कुछ भी करते हैं, हिट हो जाता है। इसका जवाब देते हुए दिलजीत ने कहा, कोई भी यह गारंटी नहीं दे सकता कि किसी की फिल्म या गाना निश्चित रूप से हिट होगा। यह भगवान की कृपा है। कोई भी एक्टर या डायरेक्टर यह नहीं कह सकता कि मैं हूं इसलिए फिल्म हिट है। ऐसा कुछ भी नहीं है, यह सब भगवान की वजह से है। उन्होंने कहा, मैं ऐसा ही सोचता हूं। कभी-कभी लोग कहते हैं कि दर्शक इसे पसंद करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि मैं खुद भी दर्शक हूं। अगर मुझे यह पसंद है, तो दर्शक भी इसे पसंद करेंगे। मैं फिल्मों और गानों को हमेशा दर्शकों के नजरिए से देखता हूं। दिलजीत की सोच उनके दर्शकों के साथ काफी मेल खाती है। मुझे लगता है कि जो सवाल उनके मन में है वही मेरे मन में भी है। मैंने कभी खुद को अलग महसूस नहीं किया...कि दर्शक कोई और है और मैं कोई और हूं।





# दीपिका को मिली कल्कि 2898 एडी के प्रमोशन की जिम्मेदारी

इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी अब रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म निर्मात इसकी रिलीज की तारीख की भी घोषणा कर चुके हैं। फिल्म 27 जून, 2024 को रिलीज होगी। इस एलान के बाद से फिल्म से जुड़े लोगों के साथ-साथ दर्शकों का उत्साह भी चरम पर है। अब जैसे-जैसे 27 तारीख पास आती जाएगी, वैसे-वैसे फिल्म का प्रचार जोर पकड़ता जाएगा। कल्कि 2898 एडी के प्रमोशन को लेकर इस तरह की अफवाह फैल रही है कि दीपिका पादुकोण भी फिल्म का प्रचार करेंगी। फिल्म निर्माताओं ने उन्हें प्रचार के लिए कुछ दिन सौंपे हैं। चर्चा इस बात की भी है कि फिल्म निर्माताओं ने कल्कि 2898 एडी के हिंदी संस्करण के प्रचार के लिए अलग से योजना बनाई है। इसके लिए मुंबई में प्रचार किया जाएगा, जो जल्द ही शुरू होने वाला है। सभी जानते हैं कि अभिनेत्री दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपने पति रणवीर सिंह के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी थी। वह सितंबर 2024 में मां बनेंगी। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर उन्हें फिल्म के प्रमोशन की जिम्मेदारी दी गई है तो यह कैसे संभव होगा। दरअसल, अफवाह इस बात की भी उड़ रही है कि दीपिका पादुकोण कल्कि के प्रचार के लिए यात्राएं नहीं करेंगी। घूम-घूमकर प्रचार करने के बजाय वह फिल्म से जुड़े लोगों को ही साक्षात्कार देंगी।

# धनुष और रश्मिका मंदाना ने मुंबई में की कुबेर की शूटिंग

धनुष और रश्मिका मंदाना मुंबई में अपनी आने वाली फिल्म कुबेर की शूटिंग कर रहे हैं। दोनों का अपने-अपने कॉस्ट्यूम में शूटिंग स्थल की ओर जाते हुए एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पैक-अप शॉट साझा किया। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है। पैन-इंडिया फिल्म 8 मार्च को फर्स्ट-लुक पोस्टर रिलीज के साथ लॉन्च की गई थी। अब शूटिंग तेजी से चल रही है। यह धनुष की 51वीं फिल्म है। एक पैपराजी पेज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग स्थल से धनुष और रश्मिका मंदाना का एक वीडियो साझा किया। वीडियो में रश्मिका सिंपल चूड़ीदार सेट पहने नजर आईं, जबकि धनुष ने स्टाइलिश सूट पहना था। रश्मिका मंदाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के सेट से चंद्रमा की एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा, एंड इट्स पैक अप। कुबेरा। कुबेर एक अखिल भारतीय फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं। शेखर कम्मुला-धनुष का पहला सहयोग सुनील नारंग और पुष्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है।





# उम्र के कारण नहीं किया भगत सिंह का रोल, तो थ्री इडियट्स में क्यों निभाया जवान लड़के का किरदार?

आमिर ने उम्र का हवाला देते हुए भगत सिंह का रोल निभाने से मना कर दिया था, लेकिन हम जानते हैं उन्होंने थ्री इडियट्स में एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाया है। तब उनकी उम्र 40 से ज्यादा थी। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उन्होंने इसकी वजह साझा की है। सुपरस्टार आमिर खान ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो के ताजा एपिसोड में अपने करियर से जुड़ी कई दिलचस्प बातें साझा की है। सभी जानते हैं कि आमिर अपने फिल्मी करियर में बेहद अलग-अलग किस्म के किरदार अदा कर चुके हैं। कपिल शर्मा के शो में उन्होंने अपने द्वारा निभाए गए सबसे अहम किरदार को लेकर बात की है।

### इसलिए किया था भगत सिंह का किरदार निभाने से मना

कपिल शर्मा ने आमिर खान से बातचीत करते हुए पूछा कि उन्होंने शहीद भगत सिंह का किरदार निभाने से मना क्यों कर दिया था। इसके जवाब में आमिर खान ने कहा कि भगत सिंह जी एक ऐसिहासिक शख्सियत हैं और वह हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण शख्स है। उन्होंने 23 साल की उम्र में जो कुछ किया है, वह हम सोच भी नहीं सकते हैं। आमिर ने कहा कि भगत सिंह की खूबसूरती यह है कि एक 22-23 साल का नौजवान कठघरे में खड़ा होकर, जिसकी अभी मूंछें मुड़ना शुरू हुई है, वह इतनी बड़ी बातें कह रहा हैं। अगर मैं इस किरदार को निभाता तो मजा नहीं आता। उस वक्त मेरी उम्र 40 के आस-पास थी।

### थ्री इडियट्स में निभाया 18 साल के लड़के का रोल

आमिर खान ने उम्र का हवाला देते हुए भगत सिंह का किरदार निभाने से तो मना कर दिया, लेकिन हम जानते हैं उन्होंने थ्री इडियट्स फिल्म में एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाया है। तब उनकी उम्र 40 से ज्यादा थी। कपिल के शो में इसके पीछे की वजह बताते हुए आमिर खान ने कहा कि वह इस फिल्म को भी नहीं करने वाले थे। उन्हें लग रहा था कि लोग उन पर हंसेंगे, क्योंकि उनकी उम्र 44 साल थी और उन्हें 18 साल के लड़के का किरदार निभाना था। आमिर ने आगे बताया कि उन्होंने राजकुमार हिरानी से तीन जवान अभिनेताओं को लेने के लिए कहा था, लेकिन हिरानी ने उनकी सुनी ही नहीं और उनके पीछे पड़ गए।

### राजू ने ऐसा क्या कहा कि मान गए आमिर खान

आमिर खान ने आगे बताया कि थ्री इडियट्स में उनका एक डायलॉग है- सक्सेस के पीछे मत भागो, एक्सीलेंस का पीछा करो, सक्सेस झक मारके तुम्हारे पीछे आएगी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के पीछे हिरानी की मुख्य सोच यही थी। उस दौरान राजू ने उनसे कहा था कि तुमने कई ऐसी फिल्में की हैं जो कभी हिट नहीं हो सकती थीं। तो फिर उन फिल्मों में काम क्यों किया? उन फिल्मों में तुमने यह सोचकर काम नहीं किया कि तुम्हें सफलता मिलेगी। यह तो तुम्हारा जुनून था। इसलिए तुमने वे फिल्में की और सफलता तुम्हारे पीछे-पीछे आ गई। तुम्हारा पूरा फिल्मी करियर इसी बारे में रहा है और अगर तुम डायलॉग बोलोगे तो लोग इस पर यकीन करेंगे।






## संक्षिप्त समाचार

### एनपीएस खाते से जुड़े फी स्ट्रक्चर में बदलाव, न्यूनतम और अधिकतम सीमा तय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेंशन नियामक पीएफआरडीए ने राष्ट्रीय पेंशन योजना का खाता खोलने की सुविधा देने वाले केंद्रों के शुल्क ढांचे में बदलाव किया है। इन केंद्रों द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के शुल्क की न्यूनतम और अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। पहले इन केंद्रों को एनपीएस सदस्यों से मोलभाव करने की छूट थी।




पीएफआरडीए ने शुल्क में किए गए बदलाव का सर्कुलर जारी कर दिया है। दरअसल, ग्राहक के लिए एनपीएस खाता खुलवाने और उसे संचालित करने में आसानी हो, इसकी जिम्मेदारी प्वाइंट ऑफ प्रजेंस (पीओपी) को दी जाती है। इनका चयन नियामक खुद करता है। पीओपी का एक पूरा ब्रांच नेटवर्क होता है। पीओपी ग्राहक और एनपीएस के बीच अहम कड़ी है। ये केंद्र ग्राहक को सेवाएं देने के बदले कुछ शुल्क लेते हैं।

**पीओपी में कौन-कौन शामिल-** पेंशन नियामक पीएफआरडीए की ओर से पीओपी के रूप में बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय इकाइयां को चुना जाता है। यह एनपीएस में लोगों का पंजीकरण करते हैं और सदस्यों को और भी कई सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। नया खाता खोलने पर पीओपी को कमीशन भी मिलती है।

**इसलिए हुआ शुल्क में बदलाव-** एनपीएस सेवा प्रदाता पीओपी केंद्र, जो शुल्क लेंगे, बदलाव उसी में किया गया है। पहले पीओपी जो शुल्क लेते थे, उसकी कोई सीमा नहीं होती थी। इसके लिए ग्राहक इनसे मोलभाव करते थे। अब सीमा तय कर दी गई है। हालांकि, कुछ मामलों में ग्राहक पहले की तरह मोलभाव कर सकेंगे।

### टाटा स्टील के शेयर ने बनाया रिकॉर्ड, 177 तक जाएगा भाव!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की बिकवाली के बीच टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील के शेयर ने 170 रुपये के स्तर को टच किया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। हालांकि, इस शेयर में मुनाफावसूली आई और भाव एक फीसदी से ज्यादा टूटकर 165.85 रुपये पर आ गया। घरेलू ब्रोकरेज प्रभुदास लीलाधर के तकनीकी विश्लेषक शिजू कूथुपालक्कल का




अनुमान है कि शेयर अब 177 रुपये तक जा सकता है। उन्होंने 164 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ शेयर को खरीदने की सलाह दी है।

**सीईओ ने कही ये बात-** इस बीच, अब टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि स्टील आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। नरेन्द्रन ने कहा- यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। बता दें कि भारत में स्टील आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है।

# इलेक्शन के बीच दालों के भाव ने बढ़ाई टेंशन, जमाखोरी करने वालों पर कार्रवाई की तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम चुनावों के बीच दालों की बढ़ती कीमतों से चिंतित केंद्र सरकार दालों, खासकर अरहर और उड़द की जमाखोरी करने वाले व्यापारियों और बड़े कारोबारियों पर कार्रवाई की तैयारी में है। इन दोनों दालों के स्टॉक के खुलासे के संबंध में जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम विभिन्न राज्यों में भेजी जाएगी। मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन अधिकारियों के मुताबिक बीते दिनों सरकार ने कारोबारियों, गोदाम संचालकों, मिल मालिकों और आयातकों को दालों का स्टॉक घोषित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने धीरे-धीरे अपने दालों के स्टॉक की स्थिति घोषित करना शुरू कर दिया है। अब तक 3 से 4 मिलियन टन स्टॉक घोषित किया गया है। इसे बाजार में आना चाहिए था, लेकिन इसका असर बाजार में नहीं दिख रहा है। इसलिए सरकार इस पूरे मामले की जांच करने जा रही है।



### सात राज्यों में होगा दौरा

अधिकारियों ने कहा कि हमें लगता है कि व्यापारिक संस्थाएं दालों की जमाखोरी कर रही हैं। जमीनी हकीकत का पता लगाने के लिए अधिकारी देशभर के गोदामों, मिलों और मंडियों का दौरा करेंगे। पहले दौर में इस सप्ताह महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात सहित पांच से सात राज्यों का दौरा करने की योजना बनाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सभी दालों के लिए है। हम विशेष रूप से अरहर, उड़द, पीली मटर और चना पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### इसलिए उठाना पड़ा कदम

अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने पिछले दिसंबर से इस साल जून तक पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी। सरकार का यह प्रयार घरेलू बाजार में अरहर और उड़द की कमी के बीच दालों की सप्लाई बढ़ाने और कीमतों को स्थिर करने के अनुरूप था, लेकिन पीली मटर के आयात के साथ-साथ अरहर और उड़द के अलावा चने की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं, इसका कारण हम समझ नहीं पा रहे हैं। पीली मटर के आयात का असर चने की कीमतों पर दिखना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

### दालों का उत्पादन घटा

कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, चना फसल का उत्पादन 12.1 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन से थोड़ा कम है। चालू सीजन के लिए अरहर का अनुमान अक्टूबर के 3.42 मिलियन टन के अनुमान से घटाकर 3.33 मिलियन टन कर दिया गया है, लेकिन यह पिछले वर्ष के उत्पादन के बराबर है। वहीं, उड़द के मामले में, (खरीफ) उत्पादन पिछले सीज़न के 1.8 मिलियन टन के मुकाबले 1.5 मिलियन टन होने का अनुमान है।

### दालों ही महंगाई दर ऊंची

विशेषज्ञों के मुताबिक, हालांकि मार्च में दालों की मुद्रास्फीति कुछ हद तक कम हुई, लेकिन साल-दर-साल यह काफी ऊंची बनी रही। मार्च में दालों की खुदरा मुद्रास्फीति 17.7 प्रतिशत थी, जो एक महीने पहले 18.9 प्रतिशत और एक साल पहले 4.4 प्रतिशत थी।

# मसालों में टायफायड वाले बैक्टीरिया! अमेरिका ने रिजेक्ट किया एमडीएच के 31 प्रतिशत शिपमेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के कस्टम अथॉरिटीज ने पिछले छह महीनों में साल्मोनेला के कारण महाशियान दी हट्टी यानी एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्यात किए गए सभी मसाला से संबंधित शिपमेंट में से का कथित पता चलने के बाद कुछ एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों की सेल सस्पेंड कर दी है।अक्टूबर 2023 से एमडीएच के सभी शिपमेंट का लगभग एक-तिहाई यानी 11 शिपमेंट को यूस ने रिजेक्ट कर दिया है। इसमें



31 फीसद को रिजेक्ट कर चुका है। अक्टूबर 2023 से रिफ्यूजल रेट पिछले साल भेजे गए सभी शिपमेंट के लिए 15 प्रतिशत से उछलकर दोगुनी हो गई है।

हाल के महीनों में साल्मोनेला कंटैमिनेशन की वजह से रिफ्यूजल रेट में उछाल ऐसे समय में आया है, जब सिंगापुर और हांगकांग दोनों ने मसालों में कार्सिनोजेनिक कीटनाशक मसाले, फ्लेवर और साल्ट के रूप में वर्गीकृत उत्पाद शामिल हैं। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर 2022 और सितंबर 2023 के बीच रिफ्यूजल रेट 15 प्रतिशत थी। इसके अतिरिक्त अक्टूबर 2020 से रिजेक्ट किए गए सभी एमडीएच एक्सपोर्ट शिपमेंट साल्मोनेला कंटैमिनेशन से प्रदूषित थे।

### क्या है साल्मोनेला

अगर किसी खाद्य पदार्थ में साल्मोनेला बैक्टीरिया है और इसका सेवन करते हैं तो पेट में गंभीर इन्फेक्शन हो सकता है। ठीक से अगर न पकाया गया तो आंतों में संक्रमण हो सकता है। टायफायड के लिए यही बैक्टीरिया जिम्मेदार होता है। साल्मोनेला बैक्टिरिया जानवरों जैसे अंडा, बीफ, कच्चे मुर्गों और फल-सब्जियों के साथ-साथ इंसान के आंतों में भी पाया जाता है। एक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि यदि आप कटाई से लेकर प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग तक वैल्यू चेन मेंटेन नहीं करते हैं तो साल्मोनेला से बच नहीं सकते। एफडीए ने जनवरी 2022 में एमडीएच के मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट का निरीक्षण किया था। इस दौरान उसने पाया कि यूनिट में पर्याप्त स्वच्छता सुविधाएं नहीं थीं।

चालू अमेरिकी संघीय वित्त वर्ष (अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024) में, सभी एवरेस्ट निर्यात शिपमेंट का 0.3 प्रतिशत रिजेक्ट कर दिया गया है,। पिछले वित्त वर्ष में यह 3 प्रतिशत था। अक्टूबर 2023 से कुल 5 शिपमेंट को रिजेक्ट कर दिया गया है। इनकार मुख्य रूप से लेबलिंग-संबंधित उल्लंघनों पर था।

कुल मिलाकर, अमेरिका वित्त वर्ष 21 और 23 के बीच भारत से भेजे गए सभी रिफ्यूजल शिपमेंट का लगभग 10 प्रतिशत मसाले, फ्लेवर और साल्ट कैटेगरी से संबंधित था। एफडीए के दिशानिर्देशों के अनुसार, यदि किसी शिपमेंट को एंट्री से मना कर दिया जाता है, तो आयातक या तो इसे नष्ट कर सकता है या इसे अमेरिका से बाहर निर्यात कर सकता है। रिजेक्शन के बाद शिपमेंट का क्या होता है, इस पर एफडीए डेटा प्रकाशित नहीं करता है।

# विदेश में कारोबार बढ़ा रही कंज्यूमर टेक ब्रांड बोल्ट, अब आईपीओ लॉन्च करने का है प्लान




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कंज्यूमर टेक ब्रांड बोल्ट की योजना अगले साल आईपीओ लाने की है। कंपनी के सह-संस्थापक वरुण गुप्ता ने कहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 में 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने के बाद आईपीओ लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाजार और नई श्रेणियों में विस्तार कर रही है।

**क्या है कंपनी का प्लान-** वरुण गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से विशेष बातचीत में कहा-हम इस वर्ष आईपीओ पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं, लेकिन शायद अगले साल विचार करेंगे। हमारा पहला ध्यान बाजारों, अंतरराष्ट्रीय भौगोलिक क्षेत्रों और नई श्रेणियों में प्रवेश करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने आईपीओ लाने से पहले अपने लिए एक आंतरिक लक्ष्य तय किया है।

**हम आज भी ला सकते आईपीओ-** उन्होंने बताया- जब हम 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल कर लेंगे, तभी हम आईपीओ के लिए जाना चाहते हैं। तकनीकी रूप से, हम आज आईपीओ ला सकते हैं, क्योंकि हम मुनाफे में हैं लेकिन हमने 1,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य तय किया है और उसके बाद ही हम खुद को आईपीओ के लिए योग्य मानेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ऑफलाइन रिटेल स्टोर में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है।

# दावा: रोजगार सृजन में लगातार सुधार, युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा, पर यह अस्थायी; बोलीं एमपीसी सदस्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा, देश के युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। हालांकि, यह अस्थायी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि युवा कौशल हासिल करने व उद्यम शुरू करने में ज्यादा समय लगाते हैं। मजबूत वृद्धि के साथ रोजगार सृजन में लगातार सुधार भी हो रहा है। उन्होंने कहा, अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी ज्यादा है, लेकिन वे ज्यादा वेतन भी कमाते हैं। इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं। एमपीसी सदस्य ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के जरिये युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।




### विकसित देशों में निवेश से घट रहा एफडीआई

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटने पर गोयल ने कहा, ऐसा इसलिए क्योंकि विकसित देशों में फिर से निवेश के प्रयास हो रहे हैं। वे आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने के साथ निवेश को वापस आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। चुनाव से नीतिगत अनिश्चितता भी है। भारत उन निवेश संधियों को सही कर रहा है, जो विदेशी पूंजी की पक्षपाती थीं। भारतीय अदालतों में होने वाली देरी को कम करने की जरूरत है ताकि हमारी कानूनी प्रणाली में विश्वास बेहतर हो सके।

# देश में 10 साल में 300 गुना बढ़ी स्टार्टअप की संख्या, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का दावा है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 साल में देश में स्टार्टअप की संख्या करीब 300 गुना बढ़ी है। 2014 में देश में करीब 350 स्टार्टअप थे। कार्मिक राज्य मंत्री ने रविवार को कहा, आज वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारत के पास है। खास बात है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर है।यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप कंपनियों को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर से ज्यादा होता है। सिंह ने कहा, मोदी सरकार के आने के बाद से अंतरिक्ष क्षेत्र पर ज्यादा जोर दिया है।इसे निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद से करीब चार वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या इकाई अंक से बढ़कर तिहरे अंकों में पहुंच गईहै।



### इस साल बनेंगे चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

सिंह ने कहा, मोदी सरकार के प्रयासों से देश 10 साल से कम अवधि में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहा।उम्मीद है कि इस साल हम चौथी व मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएंगे। सरकार ने 2047 तक भारत को दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

### रोजगार सिर्फ सरकारी नौकरी ही नहीं

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के युवाओं को पीएम के रूप में मोदी ने यह समझाने का प्रयास किया कि रोजगार सिर्फ सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है। उन्होंने आजीविका के नए तरीकों को बढ़ावा दिया है, जो सरकारी नौकरी से अधिक आकर्षक हो सकते हैं।

# नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में रहेगा नया पैकेज, लोकसभा इलेक्शन के बाद होगा ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए एक नया अरबों डॉलर का प्रोत्साहन पैकेज लाने पर विचार कर रही है। मोदी सरकार ने दिसंबर 2021 में 76,000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। अब इसे बंद कर नया पैकेज लाने की तैयारी है। नया पैकेज पिछले पैकेज से काफी बड़ा होगा। इस पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, हालांकि इस संबंध में घोषणाएं लोकसभा इलेक्शन के बाद नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद ही की जाएंगी।

**नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में रहेगा नया पैकेज-** टीओआई के सूत्र के मुतबिक नया पैकेज नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में से एक होगा और इसे प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर्स के लिए जो नए प्रस्ताव आ रहे हैं, उनके लिए नए पैकेज की जरूरत है। सूत्र ने कहा, मामले को नई कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। प्रोत्साहन के मामले में राज्य से तुरंत आश्वासन की आवश्यकता होगी। अमेरिका और चीन सेमीकंडक्टर्स इस क्षेत्र में काफी आक्रमाक हैं। दोंनों सेमीकंडक्टर्स में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए बहुत बड़े पैकेज की घोषणा की है। अगर भारत की बात करें तो दिसंबर 2021 पैकेज की सफलता सरकार को नए पैकेज पर काम करने के लिए प्रेरित कर रही है।




वर्तमान योजना के तहत केंद्र सरकार पात्र डिस्प्ले और सेमीकंडक्टर फैब्रिकेटर्स को परियोजना की लागत का 50 फीसद तक वित्तीय सहायता देती है। अब आने वाले निवेशों के बाद यह लगभग समाप्त हो गया है। बता दें कई दशकों की कोशिश के बावजूद भारत अपने यहां सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग के लिए कोई विश्वसनीय प्रस्ताव पाने में विफल रहा था। अंततः अमेरिकी कंपनी माइक्रोन ने जून 2023 में गुजरात में 22,500 करोड़ रुपये की टेस्टिंग और पैकेजिंग यूनिट के साथ भारत में एंट्री की।

इसके बाद इस साल फरवरी में लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों में गुजरात के धोलेरा में ताइवानी पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैब यूनिट स्थापित करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की 91,000 करोड़ रुपये की परियोजना है।

वहीं, असम के मोरीगांव में टाटा द्वारा ही 27,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट यूनिट और जापान की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स और थाईलैंड के स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सीजी पावर की 7,600 करोड़ रुपये की परियोजना भी शामिल है।

**नए प्रस्तावों की झड़ी-** सरकार को जो नए प्रपोजल मिले हैं, उनमें जापानी शार्प द्वारा देश का पहला डिस्प्ले फैब यूनिट प्रस्ताव शामिल है, जिसमें 40,000 करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है। भारत में निवेश के लिए इजरायल की चिपमेकर कंपनी टॉवर की भी सेमीकंडक्टर की 90,000 करोड़ रुपये की योजना है।

# पाकिस्तान को कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी दिलाना चाहते हैं कोच गैरी क्सर्टन

## टी20 विश्व कप को लेकर कही यह बात



**कराची, एजेंसी।** क्सर्टन के मुताबिक पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग के शीर्ष चार से पांच पद में से एक है और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ काम करने का प्रस्ताव उन्हें आकर्षित कर रहा था। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी क्सर्टन चाहते हैं कि उनकी टीम अगले तीन साल में आईसीसी के तीन टूर्नामेंट्स में से कम से कम एक ट्रॉफी जीते। कर्स्टन इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के अलावा 2025 में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम की कोचिंग करते दिखेंगे। भारत की विश्व कप (2011) विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके क्सर्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम इन तीन में से कम से कम एक टूर्नामेंट जीते।

**वनडे-टी20 में पाकिस्तान के हेड कोच हैं क्सर्टन-** मौजूदा समय में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व बल्लेबाज के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है।


**पाकिस्तान टीम के साथ यह है क्सर्टन का लक्ष्य-** कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा- अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी। चाहे वह आगामी टी20 विश्व कप हो या अब से दो साल बाद।

**टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे-** उन्होंने कहा, मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। यदि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है तो हमारे पास हमेशा ट्रॉफी जीतने का अच्छा मौका होगा। इसलिए मेरे लिए यह समझना वास्तव में महत्वपूर्ण होगा कि टीम अभी कहां हैं और टीम को शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए कहां जाने की जरूरत है।

**टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए कम समय बचा-** क्सर्टन के मुताबिक पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग के शीर्ष चार से पांच पद में से एक है और दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ काम करने का प्रस्ताव उन्हें आकर्षित कर रहा था।




## शाहरुख खान ने कहा कि
# विराट हमारी बॉलीवुड बिरादरी के लिए दामाद की तरह हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सह-मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि मैं उनसे प्यार करता हूं। विराट कोहली के साथ अपने रिश्ते पर बात करते हुए शाहरुख ने कहा कि मैंने उनके साथ काफी समय बिताया, मैं उनसे प्यार करता हूं। हम कहते हैं कि वह हमारी बिरादरी के दामाद हैं।

मैं अन्य खिलाड़ियों की तुलना में उन्हें सबसे ज्यादा जानता हूं। मैं विराट और अनुष्का को लंबे समय से जानता हूं और उनके साथ काफी समय बिताया है। केकेआर के सह-मालिक ने बताया कि मैं उन्हें तब से जानता हूं जब उनका डेटिंग पीरियड चल रहा था और मैं अनुष्का के साथ फिल्म की शूटिंग कर रहा था। इसलिए, उन्होंने हमारे साथ कई दिन बिताए। शाहरुख ने विराट की पत्नी और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के साथ रब ने बना दी जोड़ी, जब तक है जान जैसी कई फिल्मों में काम किया है। वह 2017 में उनकी शादी में भी शामिल हुए थे। लेकिन यह सिर्फ ऑन-स्क्रीन जादू नहीं है जो इन दोनों को बांधता है; उनकी ऑफ-स्क्रीन मुलाकातें भी उतनी ही मनमोहक हैं।

शाहरुख ने विराट के डांस करने के मजाकिया अंदाज पर कहा कि तो,मैंने उसे पठान फिल्म के शीर्षक गीत के डांस स्टेप सिखाए। मैंने उन्हें भारत के एक मैच में देखा था, उन्होंने मैच में रवींद्र जड़ेजा के साथ डांस करने की कोशिश की थी। वे उस डांस स्टेप को करने की कोशिश कर रहे थे, मुझे बहुत दुख हुआ कि वे इसे इतनी बुरी तरह से कर रहे थे ! मैंने उनसे कहा कि आइए मैं आपको स्टेप्स सिखाऊं ताकि अगले विश्व कप और अन्य चैंपियनशिप में जब भी आप डांस करें तो कम से कम मुझे फोन करें और पूछें कि स्टेप्स कैसे करते हैं।

## सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल राउंड- 2
# जर्मनी के लेव ने तीसरे वरीय किरिल को हराया , भारत के भरत की दूसरी जीत



**ओलबिया, इटली, एजेंसी।** सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल में दूसरे दिन 40 देशो के लगभग 300 खिलाड़ियों के बीच हुए मुक़ाबले में लगातार दूसरे दिन बड़े उलटफेर देखने को मिले ।मास्टर्स वर्ग में दूसरे दिन ही टॉप सीड खिलाड़ी स्लोवेनिया के वल्दिमीर फेडोसीव अपनी वरीयता कायम नहीं रख पाये और उन्हे नॉर्वे के 41वे वरीय बेंजामिन हलडोरसेन नें आधा अंक बांटने पर मजबूर कर दिया ।

वहीं तीसरे बोर्ड पर दिन का सबसे बड़ा उलटफेर सामने आया जब रोमानिया के तीसरे वरीय सावचेंकों किरिल को जर्मनी के 42वें वरीय लेव यांखेलविच नें पराजित करते हुए दिन का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया । हालांकि प्रमुख खिलाड़ियों में दूसरे वरीय हंगरी के सनन सुगिरोव नें मेजबान इटली के वालेरिओ कार्नीकेली को पराजित करते हुए और चौंथे वरीय स्पेन के एलन पीचोट नें इटली के गेब्रियल लूमाची को पराजित करते हुए लगातार अपनी दूसरी जीत दर्ज की है ।

भारतीय खिलाड़ियों में भरत सुब्रमण्यम नें इज़राइल के वागमन रॉय को मात देते हुए दूसरी जीत दर्ज की तो 50वीं वरीय वन्तिका अग्रवाल नें नौवे वरीय स्पेन के मकसीम चिगेव को ड्रॉ पर रोका ।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल प्लेऑफ के करीब पहुंची केकेआर
#### इन टीमों पर अभी भी संकट के बादल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जीत के रथ पर सवार हुई ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स अब एक और हार का सामना करना पड़ा है। इस बीच श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली कोलकाता नाइटराइडर्स ने जीत दर्ज कर अपनी प्लेऑफ में जाने की संभावनाओं को और भी मजबूत कर लिया है। खास बात ये है कि अब तक लीग में 47 मुकाबले हो चुके हैं, लेकिन ना तो कोई टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई है और ना ही कोई टीम इसमें एंट्री कर पाई है। आने वाले वक्त में मैच और भी रोचक होने की उम्मीद है।

#### राजस्थान रॉयल्स अभी भी टेबिल टॉपर

आईपीएल की ताजा अंक तालिका पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम इस वक्त टॉप पर चल रही है। टीम ने 9 में से अपने 8 मुकाबले जीते हैं और 16 अंकों के साथ टॉप पर चल रही है। टीम को प्लेऑफ में जाने के लिए यहां से बस एक और मैच जीतना जरूरी होगा। वहीं डीसी पर जीत हासिल करने के बाद केकेआर की टीम अभी भी दूसरे नंबर पर है। केकेआर ने अब तक 9 मुकाबले खेले हैं, इसमें से 6 जीतकर उसके पास कुल 12 अंक हो गए हैं।

### पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच गिलेस्पी ने कहा
#### वह बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच के रूप में उनका सिद्धांत यह होगा कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश न करें जो वो नहीं हैं। पाकिस्तान के टेस्ट कोच के रूप में गिलेस्पी का पहला कार्यभार अगस्त में बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। यह पहली बार है कि गिलेस्पी किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच होंगे। इससे पहले वह यॉर्कशायर के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं, साथ ही ससेक्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया को भी कोचिंग दे चुके हैं।

उन्होंने पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ टी20 कोचिंग भूमिकाएं भी निभाईं। जेसन गिलेस्पी ने कहा, देखो, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! टेस्ट क्रिकेट प्रारूप की लोकप्रियता में योगदान देने पर, गिलेस्पी ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से आपके खेल के हर हिस्से का टेस्ट लेता है। यह टेक्नीक का परीक्षण करता है और यही सच्ची परीक्षा है। आपको केवल दुनिया भर के खिलाड़ियों से बात करनी है और वे सभी टेस्ट खेलना पसंद करते हैं। हम प्रशंसकों, खिलाड़ियों, कोचों, मीडिया, सभी को इसका लुत्फ उठाते देखते हैं। इससे पता चलता है कि विश्व कैलेंडर में टेस्ट क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है।

# रिंकू का नाम 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : श्रीकांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। रिंकू आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी की आखिरी पांच गेंदों पर पांच सिक्स जड़ने के साथ सुर्खियों में आए।

आईपीएल में उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीता है। इतना ही नहीं पिछले सीजन में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने साल के अंत में भारत के लिए टी20 में डेब्यू किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से सात मैच में 176.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे। केकेआर के शीर्ष क्रम ने आईपीएल 2024 में अब तक टीम के लिए बड़े पैमाने पर स्कोरिंग की है।

रिंकू को बल्लेबाजी के लिए ज्यादा समय नहीं मिला है, उन्होंने आठ मैचों में 157.74 की स्ट्राइक-रेट से 112 रन बनाए हैं। श्रीकांत भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि रिंकू सिंह मेरे 15 खिलाड़ियों में से एक है। उसे आईपीएल में बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन आप उसका अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक रिकॉर्ड देखें, यह अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि आईपीएल के जरिए कई भारतीय युवा खिलाड़ी को अपना दमखम दिखाने का मौका मिला है, जिनकी अब आगामी पुरुष टी20 विश्व कप की चयन दौड़ में चर्चा हो रही है।

2007 संस्करण का विजेता भारत, अपने पुरुष टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, कनाडा और टूर्नामेंट के सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।



## थॉमस कप बैडमिंटन-
# भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल मे

- **आखिरी ग्रुप मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराया**
- **अब मुकाबला इंडोनेशिया से होगा**

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को चेंगदू, चीन में अपने दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। भारत क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया ने भिड़ेगा। थॉमस कप पुरुष टीमों के बीच होने वाला मल्टीनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट है। महिलाओं के इस टूर्नामेंट को उबर कप कहा जाता है। इन टूर्नामेंट दो टीमों के एक मुबाले में तीन सिंगल्स और 2 डबल्स मैच खेले जाते हैं।

- **एचएस प्रणय ने जीता पहला मैच**

भारत-इंग्लैंड मुकाबले की शुरुआत सिगल्स मैच से हुई ।भारत की ओर से वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट एचएस प्रणय उतरे ।वहीं, इंग्लैंड के लिए दुनिया के 106वें नंबर के खिलाड़ी हैरी हुआंग आए ।प्रणय ने यह मैच 42 मिनट में 21-15, 21-15 से जीत लिया ।

**सात्विक-चिराग की जोड़ी तीन गेम में जीती-** दूसरा मैच डबल्स का खेला गया। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 19वीं रैंकिंग वाली जोड़ी बेन लेन और सीन वेंडी को हराया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला एक घंटा और पांच मिनट में 21-17, 19-21, 21-15 से जीता। तीसरा मैच सिंगल्स का हुआ। इसमें भारत के पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराया। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन को इस मुकाबले के लिए आराम दिया गया था। चौथे मैच में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। आखिरी मैच सिंगल्स का हुआ। इसमें दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने 209वें नंबर के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। साल 2022 में भारत ने पहली बार थॉमस कप जीता था। भारत ने फाइनल में इंडोनेशिया को 3-0 से हराया था। 1948-1949 के बाद से आयोजित 30 थॉमस कप टूर्नामेंटों में से केवल छह देशों ने खिताब जीता है। इंडोनेशिया सबसे सफल टीम है, जिसने 14 बार जीत हासिल की है। चीन, जिसने 1982 से पहले प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं की थी, 10 खिताबों के साथ इंडोनेशिया से पीछे है, जबकि मलेशिया ने 5 खिताब जीते हैं।



## Uber Cup
# चीन के आगे फीका पड़ा भारत का युवा जोश

चेंगदू (चीन), एजेंसी। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा।

भारत की महिला टीम को मंगलवार को चेंगदु में चल रहे उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में चीन ने 5-0 से रौंद दिया। युवा सनसनी अनमोल खरब टखने में चोट के कारण आंखों में आंसुओं के साथ कोर्ट से हटना पड़ा। कनाडा और सिंगापुर के खिलाफ लगातार मुकाबलों में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी भारतीय टीम ने अश्मिता चालिहा को 15 बार की चैंपियन टीम के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतारा। भारत इस टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बिना खेल रहा है जिन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। इसके अलावा अश्विनी पोनप्पा-तनीशा क्रास्तो और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद के बिना भारतीय टीम यह टूर्नामेंट खेल रही है।

# नई टी20 प्रतियोगिता शुरू करने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूबीबीएल में की कटौती

**मेलबर्न, एजेंसी।** महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आयोजन में थोड़ी कटौती की जाएगी और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एक नई राज्य-आधारित टी20 प्रतियोगिता जल्द शुरू करने वाला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने महिला क्रिकेट में निवेश करने, जमीनी स्तर पर भागीदारी बढ़ाने और व्यावसायिक राजस्व बढ़ाने के लिए 10-वर्षीय कार्य योजना का अनावरण किया। डब्ल्यूबीबीएल, जिसका 2015-16 में शुरू होने के बाद से 9 सीजन में प्रत्येक में 56 मैच का नियमित सीजन था, अब 40-मैचों का होगा, जो इसे पुरुषों के बीबीएल फाइनल के तय समय के साथ जोड़ता है। टीमें अब 14 के बजाय 10 नियमित सीज़न मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। क्लबों के लिए वेतन में कोई बदलाव नहीं होगा।




नई राज्य-आधारित टी20 प्रतियोगिता, जिसके कुछ विवरणों को अभी भी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, के 50 ओवरों की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के साथ चलने की उम्मीद है।

क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट के अनुसार, नई प्रतियोगिता की शुरुआत का मतलब है कि घरेलू क्रिकेटरों के लिए अधिक शीर्ष स्तर के खेल के अवसर प्रदान करने वाले टूर्नामेंट के साथ महिलाओं के खेल में कोई समग्र कमी नहीं होगी। अगले सीज़न में, नई प्रतियोगिता से महिला घरेलू खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि होगी। डब्ल्यूबीबीएल और राज्य दोनों प्रतियोगिताओं में अनुबंध रखने वालों के लिए महिला घरेलू खिलाड़ियों का औसत वेतन आठ प्रतिशत बढ़कर एयू163,322 हो जाएगा।

सीए ने ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख स्टेडियमों में आयोजित होने वाले मैचों की संख्या बढ़ाने का वादा किया है, जिसमें प्रमुख स्थानों पर महिला अंतर्राष्ट्रीय और डब्ल्यूबीबीएल की उपस्थिति को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने टीएमवीआर व टीएवीआर का सफलतापूर्वक संचालन किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने आज बड़े गर्व के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में एक बेमिसाल उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। दरअसल अस्पताल में 77 साल की एक बुजुर्ग महिला के इलाज के लिए, गुजरात में पहली बार नॉन-सर्जिकल डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट और ट्रांसकैथेटर माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट का एक-साथ उपयोग करने वाली यह प्रक्रिया सचमुच काफी इनोवेटिव है, जो दिल की बीमारियों के इलाज में एक बड़ी प्रगति को दर्शाती है। 77 साल की मरीज, शांतिबेन (बदला हुआ नाम) का इलाज 12 साल पहले माइट्रल वॉल्व रिप्लेसमेंट और कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग सर्जरी से किया गया था। परंतु उनके माइट्रल वॉल्व की लगातार बिगड़ती स्थिति और उम्र बढ़ने के कारण एऑर्टिक वॉल्व में खराबी आ जाने की वजह से उन्हें सांस लेने में कठिनाई हो रही थी, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ. मिलन चाग और डॉ. धवल नाइक की अगुवाई में विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम ने एकजुट होकर काम करते हुए टीएमवीआर और टीएवीआर की प्रक्रिया के एक साथ उपयोग करने का निर्णय लिया। इस नई और बिल्कुल अनोखी तरकीब से ओपन-हार्ट सर्जरी के बगैर मरीज के दोनों वॉल्व का आसानी से रिप्लेसमेंट करना संभव हुआ, जिससे प्रक्रिया से जुड़े जोखिम काफी हद तक कम हो गए तथा मरीज को बेहद कम चीर-फाड़ वाले उपचार का विकल्प प्रदान किया गया। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज एवं टीएवीआर स्पेशलिस्ट तथा हार्ट फेल्योर एवं हार्ट ट्रांसप्लांट कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. मिलन चाग कहते हैं, इस तरह की सर्जरी के मामले काफी जोखिम भरे होते हैं जिसमें सर्जरी के पारंपरिक तरीके बहुत ज्यादा चुनौतीपूर्ण होते हैं। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट सर्जन, डॉ. धवल नाइक इस बात पर जोर देते हैं कि, दिल की बीमारियों के बढ़ते बोझ को दूर करने के लिए चिकित्सा की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को अपनाना महत्वपूर्ण है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के अध्यक्ष, डॉ. केयूर पारिख कहते हैं, दिल की बीमारियों के इलाज की बेहतर तकनीक की मांग लगातार बढ़ रही है, ऐसे में नॉन-सर्जिकल डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट की शुरूआत ऐसे मरीजों के लिए उम्मीद जगाती है, जो बेहद कारगर और कम चीर-फाड़ वाले उपचार विकल्पों की तलाश करते हैं।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शोः आमिर ख़ान को परफ़ेक्शनिस्ट का ख़िताब शबाना आज़मी दिया

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच पर पहुंचे आमिर ख़ान ने दर्शकों के साथ अपने जीवन के कई दिलचस्प क़िस्से शेयर किये। शर्मीले स्वभाव के सुपरस्टार आमिर ख़ान को कभी भी किसी शो या पुरस्कार समारोह में शामिल न होने के लिए जाना जाता है। उन्हें इस शो पर पहली बार कपिल के साथ मस्ती भरी नोक-झोंक और सीधे दिल से बात करते देखा गया। उन्होंने लोगों के जीवन में हँसी लाने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया और बताया कि उनकी ज़िंदगी के पिछले दो साल काफ़ी तनावपूर्ण थे और इस दौरान उन्होंने लगातार कपिल शर्मा शो को देखा, जिससे उन्हें काफ़ी राहत मिली। आमिर ख़ान पर परफेक्शनिस्ट का टैग कैसे लगा, इस बारे में सुपरस्टार ने खुलासा किया कि उन्हें ये नाम शबाना आज़मी ने दिया था। यह तब की बात है जब वो दिल की शूटिंग कर रहे थे, जिसका निर्देशन इंद्र कुमार कर रहे थे और कैमरामैन थे शबाना आज़मी के भाई बाबा आज़मी. एक दिन वो बाबा आज़मी के घर पर फ़िल्म की स्क्रिप्ट पर गंभीर चर्चा कर रहे थे जब शबाना आज़मी ने आमिर को चाय ऑफ़र की और पूछा कि वो अपनी चाय में कितनी चीनी लेंगे। अपनी बातचीत में लीन आमिर ने उनकी ओर देखा और कुछ सेकंड ठहर कर बोले, गिलास कितना बड़ा है शबाना आज़मी ने उन्हें वह कप दिखाया जिसमें वो आमिर को चाय देने वाली थीं। अभी भी बातचीत में पूरी तरह डूबे आमिर ने, जो कि सही जवाब देने की कोशिश कर रहे थे, शबाना जी से पूछा, चम्मच कितना बड़ा है और आख़िरकार अपनी चाय में एक चम्मच चीनी डालने के लिए कहा।

# दिल्ली के लोगों को झुलसाने लगी गर्मी, बूंदाबांदी के आसार; तेज हवाएं भी चलेंगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेज हवा और हल्के बादलों के चलते सोमवार को दिल्ली का पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे रहा। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी पारा 38 डिग्री या उससे अधिक हो सकता है। दिनभर तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी से दो-चार होना पड़ सकता है। इस बीच राजधानी में बारिश होने की भी कोई संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार, तीन मई तक फिलहाल लू चलने की संभावना नहीं है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह से लेकर दोपहर तक तेज धूप रही, लेकिन उसके बाद हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। बीच-बीच में हवा की गति भी 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक से ज्यादा रही। इसके चलते तापमान में बहुत तेजी से इजाफा नहीं हुआ, लेकिन तपिश के कारण लोग परेशान रहे। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यह दोनों ही सामान्य से एक-एक डिग्री नीचे हैं। यहां पर आर्द्रता का स्तर 72 से 23 फीसदी तक रहा।

### हवा की गति भी 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है

मौसम विभाग का अनुमान है कि हवा की गति भी 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि पश्चिमी विक्षोभ मंगलवार के शुरुआती घंटों में दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर सकता है, जिससे अलग-अलग हिस्सों में बूंदाबांदी होने की संभावना है। 4 मई के आसपास अगला पश्चिमी विक्षोभ भी कमजोर होने की उम्मीद है। हालांकि विक्षोभ की वजह से तेज हवाएं चलेंगी जो अधिकतम तापमान को 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं जाने देंगी। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से एक डिग्री कम है। रविवार को तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 38 डिग्री सेल्सियस था। पिछले साल के आंकड़ों से पता चला है कि बारिश या तेज हवाओं के अभाव में अप्रैल में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। ऐसा 29 और 30 अप्रैल, 2022 दोनों को दर्ज किया गया था। पिछले साल, अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस (18 अप्रैल) दर्ज किया गया था। 2021 में यह 42.2 डिग्री (29 अप्रैल) था। 2020 में यह 40.1 डिग्री (16 अप्रैल) और 2019 (26 अप्रैल) में 42.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

### दिल्ली में ट्रैफिक मार्शल की रहस्यमय मौत, शव को चूहों ने कुतरा; मुंह, हाथ और आंख से निकल रहा था खून

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जैतपुर इलाके के मीठापुर चौक के नजदीक रविवार रात एक दुकान में ट्रैफिक मार्शल की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव को कई जगहों पर चूहों ने कुतर दिया। सूचना के बाद जैतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मूल रूप से बिहार के रहने वाले गोपाल गुप्ता अपने परिवार के साथ हरिनगर एक्सटेंशन जैतपुर इलाके में रहता था। परिवार में पत्नी, बेटा और बेटी है। गोपाल निजी कंपनी जीएसएस में सुरक्षाकर्मी था और उसकी ड्यूटी मीठापुर चौक के पास ट्रैफिक मार्शल की थी। सोमवार सुबह लोगों ने उसे अचेत अवस्था में देखा और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि गोपाल की मौत कैसे हुई यह बता पाना अभी मुश्किल है। हालांकि, शरीर के घाव देखकर मामला हत्या का लग रहा था, लेकिन जांच के बाद पता चला कि गोपाल के शरीर पर चूहों ने काटा हुआ था।

# जिनकी हत्या का केस दर्ज था, वो बहनें जिंदा निकलीं, 14 महीने बाद खुला राज





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से करीब 14 महीने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लापता हुईं दो सगी बहनों के केस में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस को अलग-अलग राज्यों में दोनों बहनें जिंदा मिल गई हैं। लड़कियों के भाई ने उनके अपहरण के बाद हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगाते अपने गांव के एक युवक पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की तो दोनों बहनें पुलिस को बहनें जिंदा मिल गईं।

गोरखपुर के बेलघाट थाने पर पहुंचीं बहनों ने बताया कि वे घरवालों को बिना बताए अपने-अपने प्रेमियों के साथ घर से भाग गई थीं। एक हरियाणा तो दूसरी उत्तराखंड में रही थीं। दोनों के एक-एक बच्चा भी है। इसके बाद आरोपी युवक की बेगुनाही साबित हुई और वह जेल जाने से बच गया।

दरअसल, बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला युवक अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है। 3 जनवरी 2023 को वहीं से उसकी सगी बहनें लापता हो गई थीं। युवक ने इसकी सूचना दिल्ली के प्रेमनगर थाने में दी। पुलिस की जांच चल रही थी कि इसी बीच भाई को पता चला कि उसकी बहनों का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग था।

इसके बाद भाई अपने गांव पहुंचा और युवक व उसके घरवालों से अपनी बहनों के बारे में पूछताछ करने लगा। युवक के घरवालों ने उसकी पिटाई कर धमकी देकर भगा दिया।

**आरोपी बने युवक की मदद से मिला सुरागः** जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी लड़के के परिवार से संपर्क किया। युवक से पूछताछ के दौरान बहनों का सुराग मिल गया। आईओ ने दोनों बहनों को बताया कि उनकी हत्या का केस दर्ज है। उन्हें खुद थाने आकर अपने जिंदा होने का सबूत देना होगा। इसके बाद दोनों बहने अपने-अपने पति और बच्चों के साथ थाने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और हरियाणा के रहने वाले लड़कों से उनका प्रेम संबंध हो गया था। घरवालों को रिश्ता मंजूर नहीं होता, इसलिए उन्हें बिना बताए उन्होंने भागकर शादी कर ली थी।

# वोट फॉर कांग्रेस; दिल्ली में यासीन मलिक के साथ लगाए मनमोहन सिंह के पोस्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नए विवाद में घिरती नजर आ रही है। दरअसल दिल्ली में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह के पोस्टर लगाए गए हैं। दिल्ली में बीजेपी के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है जिसके बाद कांग्रेस एक बार फिर बीजेपी के निशाने पर आ गई है। हालांकि दिल्ली पुलिस ने तुरंत इस पर कार्रवाई करते हुए इस पोस्टर को हटा दिया है। दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर मंडी हाउस सर्किल के पास से हटाया है।

इसमें यासीन मलिक के साथ मनमोहन सिंह नजर आ रहे हैं और यासीन मलिक की रिहाई की मांग के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। दिल्ली में 25 तारीख को मतदान होना है। ऐसे में पोस्टर में 25 मई को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि यह पोस्टर किसने लगवाए हैं, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

बता दें, यासीन मलिक आतंकी फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। उनकी अगुवाई वाले जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट को 15 मार्च को प्रतिबंधित घोषित किया गया था। इनके अलावा कुछ अन्य समूहों को भी प्रतिबंधित किया गया था। देश में यूपीए की सरकार के समय दिल्ली में यासीन मलिक ने मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी। उस समय मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। पोस्टर में लगी तस्वीर इसी मुलाकात की बताई जा रही है।




अमित मालवीय ने इस पोस्टर का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, दिल्ली भर में कांग्रेस के समर्थन में पोस्टर लगे हैं। यासीन मलिक को साल 2022 में दोषी ठहराया गया था। इसके बाद एक विशेष अदालत ने आतंकी फंडिंग मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

**साल 2006 की है तस्वीरः** जानकारी के मुताबिक मनमोहन सिंह ने फरवरी साल 2006 में यासीन मलिक से मुलाकात की थी। यह मुलाकात अलगाववादी नेता, कश्मीर के अन्य नेताओं और संगठन के साथ राउंड चेबल टॉक से पहले की गई थी। तब मनमोहन सिंह ने यासीन मलिक को पीएम आवास बुलाया था। इस मुलाकात से जुड़ी तस्वीर पहले भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। तब भी कांग्रेस निशाने पर आ गई थी। उस तस्वीर में मनमोहन सिंह यासीन मलिक के साथ हाथ मिलाते नजर आ रहे थे।

# कई सालों से आग में झुलस रहा अमेरिका का सेंट्रलिया शहर

### जमीन के अंदर लगातार जल रही है खदानें

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया का यह खौफनाक शहर सेंट्रलिया दशकों से जमीन के नीचे की आग की चपेट में है। आज इसकी आबादी केवल 5 लोगों की रह गई है। 1962 में सेंट्रिलिया की खदान में आग लग गई थी जिसने आज तक थमने का नाम नहीं लिया है और अब पूरा का पूरा बसाया बसाया शहर जमीन के अंदर लगी आग के धुएं से तबाह हो चुका है। 1920 के दशक में सेंट्रलिया दुकानों से भरा एक हलचल भरा शहर हुआ करता था, जिसके निवासी बढ़ते खनन उद्योग से लाभान्वित होते थे। जैसे-जैसे इसकी अर्थव्यवस्था बढ़ती गई, इसके 1,200 निवासी स्थानीय खदानों से प्राप्त कोयले पर खुशी से जीवन व्यतीत करने लगे।पर आज यह शहर पूरी तरह से वीरान है, इसकी अधिकांश इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। यह सब एक खदान में लगी आग से शुरू हुआ जो 1962 में शुरू हुई और 50 साल से अधिक समय बाद भी जल रही है, जिसके धुएं से शहर पूरी तरह से तबाह हो गया। पिछली अमेरिकी जनगणना के अनुसार शहर की आबादी अब घटकर केवल 5 लोगों की रह गई है, जो अब धुएं वाले इलाके के करीब रहते हैं। मई 1962 में, सेंट्रलिया की नगर परिषद ने कथित तौर पर प्रस्तावित किया कि स्थानीय लैंडफिल को बाद में गर्मियों में मेमोरियल डे उत्सव के लिए समय पर साफ किया जाना चाहिए।



फायर अंडरग्राउंड में डेविड डेटोक ने लिखा कि यह अप्रासंगिक, छोटे शहर के इतिहास जैसा लग सकता है।कूड़े के ढेर को साफ़ करने के लिए सेंट्रलिया काउंसिल का तरीका यह था कि उसमें आग लगा दी जाए। ऐसा माना जाता है कि विशाल डंप आग ने शहर के नीचे एक बड़ी खदान में आग लगा दी, जिसके कारण जल्द ही सेंट्रलिया की कोयला खदानों के पूरे नेटवर्क में आग फैल गई। आग बुझाने के कई प्रयास किए गए लेकिन ये असफल रहे। बड़ी संख्या में आबादी को वहां से हटा दिया गया। सैकड़ों छोड़ी गई खदान शाफ्टों में से किसमें आग लगी है, यह पता लगाने में वित्तीय कठिनाई के कारण शहर की आग आज भी धधक रही है।

### लंदन में किशोर भारतीय पत्नी की हत्या, पति को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**लंदन , एजेंसी।** एक 24 वर्षीय व्यक्ति, जिसने अपनी 19 वर्षीय भारतीय पत्नी महक शर्मा की हत्या का अपराध स्वीकार किया था, को पैरोल पर विचार करने से पहले न्यूनतम 15 वर्ष की अवधि के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। साहिल शर्मा, जो एक भारतीय नागरिक भी है, को महक की हत्या के संदेह में घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया था, जो पिछले साल अक्टूबर में दक्षिण लंदन में दंपति के आवासीय पते क्रॉयडन में ऐश ट्री वे में चाकू से घायल अवस्था में पाई गई थी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि उसे शुक्रवार को किंग्स्टन क्राउन कोर्ट में सजा सुनाई गई, उसने फरवरी में उसी अदालत में महक की हत्या के लिए दोषी ठहराया था। यह एक दुखद मामला है जिसने एक परिवार को पूरी तरह से तबाह कर दिया है। मेट पुलिस के स्पेशलिस्ट क्राइम कमांड के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर (डीआई) लॉरा सेम्पल ने कहा, अपनी पत्नी की हत्या करके, शर्मा ने उसके परिवार से एक प्यारी बेटी छीन ली है, जिसका कारण केवल वही जानता है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे पता है कि कोई भी चीज महक शर्मा को उनके पास वापस नहीं ला सकती है, मुझे उम्मीद है कि सजा से उसके प्रियजनों को कुछ हद तक रास्ता मिलेगा। 29 अक्टूबर, 2023 को स्थानीय समयानुसार 1615 के तुरंत बाद, साहिल शर्मा ने आपातकालीन 999 नंबर डायल किया और पुलिस ऑपरेटर को बताया कि उसने ऐश ट्री वे पर अपने घर पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

# हमास संचालित स्वास्थ्य प्राधिकरण का दावा, राफा में इजरायली हमलों में 27 लोग मारे गए

**गाजा/तेल अवीव , एजेंसी।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। क्षेत्र के हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह दावा किया। अधिकारियों ने कहा कि रात के दौरान विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए।

सोमवार सुबह गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई। जानकारी को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निर्देशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते। इजरायल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा। इजरायल के सहयोगियों ने बार-बार सावधानी बरतने का आग्रह किया है, क्योंकि सैकड़ों हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिक शहर में शरण ले रहे हैं। नियोजित सैन्य अभियान को अभी भी टाला जा सकता है, हमास का एक प्रतिनिधिमंडल फ़िलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली बंधकों की रिहाई पर बातचीत करने के लिए सोमवार को मिस्र पहुंच रहा है।



### हमास ने रिहाई की अपील वाला बंधक का वीडियो जारी किया

तेल अवीव , एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच परोक्ष रूप से गाजा में संघर्षविराम की वार्ता के बीच सशस्त्र संगठन ने एक बंधक का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में अमेरिकी-इजरायली नागरिक कीथ सीएज इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से रिहाई के लिए हमास से वार्ता करने की अपील करते सुनाई-दिखाई दे रहे हैं।

### वायरल हो रहा है वीडियो

उनकी आवाज और हाव-भाव से साफ लग रहा है कि कीथ यह बयान दबाव में दे रहे हैं लेकिन इसमें उनकी परेशानी भी झलक रही है। उन्हें सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल के किरबुज फार आजा शहर स्थित आवास से हमास लड़ाकों ने अगवा किया था। वह तभी से हमास के बंधक बने हुए हैं।

### युद्धविराम पर वार्ता आगे बढ़ेगी

बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के मुद्दों पर वार्ता करके मिस्त्र के अधिकारियों का दल वापस काहिरा पहुंच गया है। सोमवार को वहां हमास के नेता पहुंचेंगे, इसके बाद युद्धविराम पर वार्ता आगे बढ़ेगी।

### किडनैप जज की हुई रिहाई, हथियारबंद लोगों ने रास्ते से कर लिया था अगवा

**पेशावर , एजेंसी।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार सुबह बताया कि देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहरण किए गए एक जिला और सत्र न्यायाधीश को कैद से रिहा कर दिया गया है। जज को 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास किडनैप कर लिया गया था। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सेशन जज को बिना शर्त कैद से रिहा कर दिया गया है। केपीके पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने कहा कि वह सुरक्षित और स्वस्थ घर पहुंच गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129